RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 278
नई दिल्ली, सोमवार, 14 अगस्त, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतना चाहते हैं सेन
स्पोर्ट्स-12


# नूंह हिंसा की हो एनआईए जांच हिंदुओं को दें हथियार लाइसेंस

- पलवल में हुई हिंदू संगठनों की महापंचायत में सरकार के समक्ष रखी गई कई मांगें, बृजमंडल यात्रा 28 को फिर निकालने का ऐलान
- पुलिस की चेतावनी के बावजूद महापंचायत में दिए गए नफरती भाषण, आयोजकों ने वक्ताओं को टोका



हरियाणा के पलवल जिले के पोंडरी गांव में आयोजित हिन्दू पंचायत में भाग लेते लोग

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम/पलवल

**नूंह** में विश्व हिंदू परिषद की बृजमंडल यात्रा 28 अगस्त को दोबारा निकाली जाएगी। यह फैसला रविवार को नूंह हिंसा के खिलाफ पलवल में हुई हिंदू संगठनों की महापंचायत में लिया गया। इस बैठक में हरियाणा की सैकड़ों खापों, धार्मिक नेताओं और हिंदू संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। महापंचायत में नूंह हिंसा की जांच एनआईए से कराने, हिंदू परिवारों को हथियार लाइसेंस देने और मृतक के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये व सरकारी नौकरी जैसी तमाम मांगें रखी गईं। मालूम हो कि बीते 31 जुलाई को बृज मंडल यात्रा के दौरान हिंसा हो गई थी, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई थी। हरियाणा के पलवल जिले के पोंडरी गांव में आयोजित हिंदू संगठनों की महापंचायत में पलवल, गुरुग्राम और आसपास के अन्य स्थानों के लोग शामिल हुए और इस दौरान यह निर्णय लिया गया कि यात्रा नूंह के नल्हड़ से शुरू होगी और फिर जिले के फिरोजपुर झिरका के झिर और श्रृंगार मंदिरों से होकर गुजरेगी।

गुरुग्राम के विहिप अध्यक्ष अजीत सिंह ने कहा कि इस यात्रा के लिए 28 अगस्त को राज्यभर से लोग नल्हड़ मंदिर पर एकत्र होंगे और यहां से यात्रा श्रृंगार मंदिर के लिए चलेगी। वरिष्ठ विहिप नेता अरुण जेलदार ने कहा कि यह धार्मिक यात्रा पूरी की जाएगी, जिसे पहले नहीं निकलने दिया गया। हम पूरे मामले की निष्पक्ष जांच चाहते हैं और जो भी दोषी हो उसे सजा मिलनी चाहिए। विहिप नेता देवेंद्र सिंह ने महापंचायत में लिए गए निर्णयों की जानकारी दी और कहा कि नूंह में केंद्रीय बलों की चार बटालियन को स्थाई रूप से तैनात किया जाना चाहिए। पंचायत में मांग की गई कि नूंह में पारा मिलिट्री फोर्स का मुख्यालय स्थापित होना चाहिए। नूंह जिले को भंग का क्षेत्र को अन्य जिलों में समायोजित किया जाए। गोहत्या पर पूरी तरह रोक लगनी चाहिए। महापंचायत में यह भी मांग की गई कि नूंह हिंसा में मारे गए लोगों के परिवारों को एक-एक करोड़ रुपये और एक परिजन को सरकारी नौकरी दी जानी चाहिए। घायलों को भी 50 लाख रुपये दिए जाने की मांग की गई।

महापंचायत में नेताओं ने नूंह जिले में बसे अन्य देशों के रोहिंग्या लोगों को हटाने, यहां रहने वाले हिंदू परिवारों को आत्मरक्षा के लिए हथियार लाइसेंस देने, सभी एफआईआर को नूंह से गुरुग्राम स्थानांतरित करने, नूंह में सुरक्षा बलों की स्थायी नियुक्ति करने, हिंसा वाले दिन छुट्टी पर रहे नूंह के तत्कालीन एसपी वरुण सिंह की जांच करने की मांग भी की गई। हिंसा में प्रभावित हिंदुओं की दुकानों और मकानों की मरम्मत की मांग की गई। यह महापंचायत पहले नूंह जिले के किरा गांव में आयोजित करने की योजना थी, लेकिन कानून व्यवस्था की मौजूदा स्थिति को देखते हुए इसकी अनुमति नहीं दी गई। पलवल के पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) संदीप मोर ने रविवार को बताया कि पलवल में कार्यक्रम की अनुमति दे दी गई। नूंह और पलवल पड़ोसी जिले हैं। पुलिस ने कहा कि महापंचायत के (शेष पेज 9)

# भाजपा के साथ गठबंधन नहीं: पवार

- मराठा क्षत्रप ने कहाकि कुछ शुभचिंतक मनाने का कर रहे प्रयास, लेकिन भाजपा के साथ जुड़ाव राकांपा की राजनीतिक नीति में फिट नहीं बैठता
- भतीजे अजीत पवार से गुप्त बैठक पर भी दी सफाई, बोले- इसमें क्या है बुराई?



**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**राष्ट्रवादी कांग्रेस** पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी भारतीय जनता पार्टी के साथ नहीं जाएगी, भले ही कुछ शुभचिंतक उन्हें इस बाबत मनाने की कोशिश कर रहे हैं। महाराष्ट्र के सोलापुर जिले के सांगोला में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए पवार ने कहा कि अगर उनके भतीजे अजित पवार उनसे मिलते हैं, तो इसमें कुछ भी गलत नहीं है। महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना-भाजपा सरकार में शामिल अजित पवार की अपने चाचा शरद पवार से शनिवार को पुणे में एक कारोबारी के आवास पर हुई गुप्त बैठक से सियासी सरगर्मी बढ़ गई है। शरद पवार ने कहा, मैं राकांपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में यह स्पष्ट कर रहा हूं कि मेरी पार्टी (राकांपा) भाजपा के साथ नहीं जाएगी। भारतीय जनता पार्टी के साथ कोई भी जुड़ाव राकांपा की राजनीतिक नीति में फिट नहीं बैठता है। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ शुभचिंतक उन्हें मनाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वह कभी भी भाजपा के साथ गठबंधन नहीं करेंगे।

शरद पवार ने बिना नाम लिए कहा, हममें से कुछ (अजित पवार के नेतृत्व वाला राकांपा समूह) ने अलग रुख अपनाया है। हमारे कुछ शुभचिंतक यह देखने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या हमारे रुख में कोई बदलाव हो सकता है। यही कारण है कि वे हमसे सौहार्दपूर्ण चर्चा करने की कोशिश कर रहे हैं। अजित पवार ने पिछले महीने शिवसेना-भाजपा सरकार में उपमुख्यमंत्री पद की, जबकि उनके गुट के आठ अन्य राकांपा विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली थी। अजित पवार के साथ बैठक के बारे में पूछे जाने पर शरद पवार ने कहा, मैं आपसे कहना चाहता हूं कि वह मेरे भतीजे हैं। भतीजे से मिलने में क्या बुराई है? यदि परिवार का कोई वरिष्ठ व्यक्ति परिवार के किसी अन्य सदस्य से मिलना चाहता है, तो इसमें कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। अगर अजित पवार मुझसे मिलने आते हैं, तो इसमें कुछ भी गलत नहीं है। हम छिप-छिपकर नहीं मिलते। शरद पवार ने कहा कि विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया के कई नेता 31 अगस्त को मुंबई में बैठक करेंगे, जहां कई मुद्दों पर चर्चा होगी। राकांपा प्रमुख ने यह भी कहा कि लोग राज्य की बागडोर महा विकास आघाडी (एमवीए) को सौंपेंगे, जिसमें शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे), राकांपा (शरद पवार समूह) और कांग्रेस शामिल हैं।

शरद पवार ने रविवार को दिवंगत विधायक गणपतराव देशमुख की प्रतिमा का अनावरण करने के लिए सोलापुर जिले में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस के साथ मंच साझा किया। उन्होंने कहा कि केंद्र और महाराष्ट्र सरकार को राज्य के किसानों से संवाद करना चाहिए। पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा, अगर सरकार बदलती है, तो अधिकारियों को भी स्थानांतरित कर दिया जाता है, जिसका सीधा असर खेती उद्योग पर पड़ता है। शरद पवार ने कहा कि राकांपा महाराष्ट्र के किसानों के साथ बातचीत शुरू करेगी और उनके मुद्दों को सरकार के समक्ष उठाएगी। एक सवाल के जवाब में शरद पवार ने कहा कि वह अभी तक राकांपा के वरिष्ठ नेता नवाब मलिक से नहीं मिले हैं, जिन्हें हाल में धन शोधन मामले में उच्चतम न्यायालय ने अंतरिम जमानत दी थी।

# कनाडा में खालिस्तान समर्थकों ने फिर किया मंदिर पर हमला

- कोलंबिया के सरे में लक्ष्मी नारायण मंदिर में तोड़फोड़, खालिस्तानी आतंकी निज्जर के लगाए पोस्टर

**पीएनएस/एजेंसियां।** नई दिल्ली/ओटावा

**कनाडा** में कथित खालिस्तान समर्थकों ने शनिवार रात एक मंदिर में तोड़फोड़ कर दी। इसके साथ ही आरोपियों ने हाल ही में मारे गए खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर के पोस्टर भी लगाए। इस साल कनाडा में मंदिरों पर यह चौथा हमला है, जिससे वहां भारतीय समुदाय में आक्रोश व्याप्त है। हमले की ताजा घटना शनिवार देर रात ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में हुई। यह वहां के सबसे पुराने मंदिरों में से एक है।

अधिकारियों ने कहा कि मंदिर की दीवारों और गेट पर खालिस्तान समर्थक पोस्टर लगाए गए। पोस्टर में कनाडा से 18 जून को खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की मौत में भारत की भूमिका की जांच कराने का आह्वान किया गया। सीसीटीवी कैमरे से मिले वीडियो में दो नकाबपोश लोगों को मंदिर की दीवारों और गेट पर पोस्टर चिपकाते हुए देखा गया है। खालिस्तान टाइगर फोर्स और सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) की कनाडाई शाखा का नेतृत्व करने वाले नामित आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की इस साल जून में अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

इस साल देश में मंदिर में तोड़फोड़ की यह चौथी घटना है। इसी साल अप्रैल में ओंटारियो में स्वामीनारायण मंदिर में तोड़फोड़ की गई थी। फरवरी में, कनाडा के मिसिसॉगा में राम मंदिर पर हमला किया गया था और जनवरी में ब्रैम्पटन में एक मंदिर पर भारत विरोधी पोस्टर लगाए गए थे। भारत ने कनाडा में खालिस्तान समर्थकों की बढ़ती गतिविधियों (शेष पेज 9)

# मणिपुर में 15 अगस्त को बंद के आह्वान पर सुरक्षा बढ़ाई

**पायनियर समाचार सेवा।** इंफाल

**मणिपुर** में जातीय हिंसा के विरोध में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर इंफाल घाटी स्थित कुछ प्रतिबंधित संगठनों द्वारा हड़ताल और बंद के आह्वान को देखते हुए रविवार को पूरे राज्य में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। पुलिस ने कहा कि सुरक्षा बलों ने पांच जिलों के संवेदनशील इलाकों में तलाशी अभियान भी चलाया और हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। एक अधिकारी ने कहा कि राज्य भर में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। बीएसएफ, पुलिस और असम राइफल्स के जवान और छात्र 15 अगस्त को होने वाले मार्च पास्ट की रिहर्सल में शामिल हो रहे हैं। चुराचांदपुर जिले के तुइबौंग इलाके के पीस ग्राउंड में शनिवार को स्वतंत्रता दिवस समारोह की रिहर्सल भी आयोजित की गई। बीएसएफ, पुलिस, छात्रों और असम राइफल्स की 21 परेड टुकड़ियों ने तैयारियों में भाग लिया। राज्य की राजधानी इंफाल में भी (शेष पेज 9)

# सपा ने राज्य कार्यकारिणी के लिए घोषित किए पदाधिकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी ने रविवार को अपनी नई राज्य कार्यकारिणी इकाई का ऐलान कर दिया। पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 2022 के विधानसभा चुनाव के बाद इसे भंग कर दिया था। सपा नेता नरेश उत्तम पटेल हालांकि, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पद पर बने हुए थे। सपा के मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने बताया कि रविवार को पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव की मंजूरी के बाद 182 सदस्ईय राज्य कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है।

उन्होंने बताया कि राज्य कार्यकारिणी में अन्य लोगों के अलावा 61 सचिव, 48 सदस्य और 62 विशेष आमंत्रित सदस्य भी शामिल किए गए हैं। सपा के वरिष्ठ सदस्य मोहम्मद आजम खान के बेटे अब्दुल्ला आजम को पार्टी का प्रदेश सचिव बनाया गया है। इसे पार्टी के गढ़ रामपुर और आज़मगढ़ में विधानसभा और लोकसभा उपचुनावों में हार के बाद पार्टी को पुनर्जीवित करने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। गौरतलब है कि सपा ने पिछले साल अपने सभी संगठनों की राष्ट्रीय, राज्य और जिला इकाइयों को भंग कर दिया था।

## घोसी विधानसभा उपचुनाव के लिए सुधाकर सिंह को बनाया उम्मीदवार

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने रविवार को मऊ जिले की घोसी विधानसभा सीट के लिए प्रस्तावित उप चुनाव में पूर्व विधायक सुधाकर सिंह को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। गौरतलब है कि सुधाकर सिंह 2012 से 2017 तक घोसी विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के विधायक रहे जबकि इसके पहले वह मऊ जिले के नत्थुपुर (अब मधुबन) विधानसभा का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। सुधाकर को घोसी में 2017 में भारतीय जनता पार्टी के फागू चौहान ने पराजित कर दिया था। फागू चौहान को राज्यपाल बनाए जाने के बाद 2019 में (शेष पेज 9)

# छात्रों पर दबाव कम करने को आईआईटी दिल्ली ने एक परीक्षा सेट हटाया

**भाषा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी-दिल्ली) के निदेशक रंगन बनर्जी ने कहा कि संस्थान ने अपनी मूल्यांकन प्रणाली में सुधार किया है और विद्यार्थियों में तनाव कम करने के लिए मध्य सेमेस्टर परीक्षाओं का एक सेट हटा दिया है। यह निर्णय कई आईआईटी में विद्यार्थियों की आत्महत्या के कई मामलों की पृष्ठभूमि में आया है, जिसने इस बात को लेकर बहस छेड़ दी है कि क्या पाठ्यक्रम और कठिन अध्ययन कार्यक्रम विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है। बनर्जी ने पीटीआई-भाषा से कहा, पहले हम एक सेमेस्टर की परीक्षाओं में दो सेट का इस्तेमाल करते रहे हैं, हर सेमेस्टर के अंत में अंतिम परीक्षा और कई सतत मूल्यांकन प्रणालियां। हमने एक आंतरिक सर्वेक्षण किया और सभी विद्यार्थियों तथा संकाय से मिली प्रतिक्रिया के आधार पर, हमने परीक्षाओं के एक सेट को छोड़ने का फैसला किया है। इसलिए, अब (शेष पेज 9)

# प्रस्तावित आपराधिक कानूनों पर व्यापक विचार विमर्श हो: कांग्रेस



- आपराधिक न्याय प्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन के लिए सरकार ने पेश किए हैं तीन विधेयक

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने रविवार को उन तीन विधेयकों पर विशेषज्ञों और आम जनता द्वारा व्यापक विचार-विमर्श का आह्वान किया, जिसका उद्देश्य भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन करना है। कांग्रेस के अनुसार, ऐसे विचार विमर्श से आपराधिक कानून के समस्त ढांचे को ध्वस्त होने से बचाया जा सकता है।

कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने एक बयान में कहा कि 11 अगस्त को, बिना किसी पूर्व सूचना या सार्वजनिक परामर्श अथवा कानूनी विशेषज्ञों, न्यायविदों, अपराध विज्ञानियों और अन्य हितधारकों से सुझाव आमंत्रित किए बिना, मोदी सरकार ने अपने पिटारे से तीन विधेयक पेश किए। सुरजेवाला ने कहा कि सरकार ने ऐसा करके देश के पूरे आपराधिक कानून के ढांचे को गुपचुप और अपारदर्शी तरीके से पुनर्गठित किया। कांग्रेस नेता ने कहा, गृह मंत्री की शुरुआती टिप्पणी से यह तथ्य उजागर हुआ कि अमित शाह पूरी कवायद से स्वयं अनभिज्ञ थे।

उन्होंने कहा, जनता या हितधारकों के सुझावों और समझ से दूर एक गुप्त कवायद से केवल कुछ श्रेय लिया जा सकता है, लेकिन इससे देश के आपराधिक कानून के ढांचे में सुधार के सार्वजनिक उद्देश्य को पूरा नहीं किया जा सकता। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को लोकसभा में (शेष पेज 9)

## क्विक न्यूज

### ठाणे के सरकारी अस्पताल में 24 घंटे में 18 मरीजों की मौत

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे शहर के कलवा में नगर निकाय द्वारा संचालित छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल मे पिछले 24 घंटो मे 18 मरीजो की मौत हो गई। निगमायुक्त अभिजीत बांगर ने बताया कि मामले की जांच के लिए समिति गठित की गई है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार ने मौतों को हृदय विदारक बताया और कहा कि हाल मे एक ही दिन मे अस्पताल मे पांच लोगो की मौत के बावजूद प्रशासन नही जागा। बांगर ने बताया कि मृतकों मे 10 महिलाएं और आठ पुरुष शामिल हैं, जिनमे से छह ठाणे शहर से, चार कल्याण से, तीन शाहपुर से, एक-एक भिवंडी, उल्हासनगर और गोवंडी (मुंबई मे) से थे, जबकि एक मरीज किसी अन्य जगह से और एक की पहचान नही हो पाई है। आयुक्त ने कहा कि मृत मरीजो मे से 12 की उम्र 50 वर्ष से अधिक थी। इससे पहले, दिन मे महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री तानाजी सावंत और स्थानीय पुलिस उपायुक्त गणेश गावड़े ने छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल मे पिछले 24 घंटों मे 17 मरीजों की मौत होने की जानकारी दी थी।

# गूगल ने डूडल बनाकर श्रीदेवी को 60वीं जयंती पर दी श्रद्धांजलि




**भाषा।** मुंबई

**गूगल** ने भारतीय सिनेमा की दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी को उनकी 60वीं जयंती पर रविवार को डूडल बनाकर श्रद्धांजलि दी। श्रीदेवी का जन्म 13 अगस्त 1963 को मौजूदा तमिलनाडु में हुआ था। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत बाल कलाकार के तौर पर की थी और चार साल की उम्र में तमिल फिल्म कंधन कुरूनाई में अभिनय किया था। डूडल के विवरण में गूगल ने बताया कि आज का डूडल कलाकार भूमिका मुखर्जी द्वारा बनाया गया है और भारतीय अभिनेत्री श्रीदेवी की 60वीं जंयती के मौके पर पेश किया गया है।

इसमें कहा गया है कि करीब चार दशक के अपने फिल्मी सफर में उन्होंने तकरीबन 300 फिल्मों में काम किया और पारंपरिक रूप से पुरुष प्रधान माने जाने वाले फिल्मी जगत में पुरुष समकक्षों के बिना ही कई बार अभिनय और कॉमेडी का जलवा बिखेरा। श्रीदेवी ने दक्षिण भारत की कई भाषाएं सीखीं जिससे उन्हें अन्य भाषाओं की फिल्मों में भूमिकाएं हासिल करने में मदद मिली। अपने करियर की शुरुआत में, उन्होंने तमिल, तेलुगु और मलयालम भाषा की फिल्मों में (शेष पेज 9)

## शाहरुख की फिल्म जवान की क्लिप चोरी

**भाषा।** मुंबई

**मुंबई** पुलिस ने बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान की अगली फिल्म जवान की वीडियो क्लिप चुराने और उसे ट्विटर पर लीक करने के आरोप में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। सांताक्रूज थाने के अधिकारी ने बताया कि शाहरुख और उनकी पत्नी गौरी खान की निर्माण कंपनी रेड चिलीज इंटरटेनमेंट (शेष पेज 9)

# लालकिले पर मोदी का संबोधन सुनेंगे 1800 विशिष्ट अतिथि

- स्वतंत्रता दिवस पर देश के ऐतिहासिक स्मारक लाल किले की प्राचीर से देश को संबोधित करेंगे प्रधानमंत्री
- सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 75 जोड़े बनेंगे समारोह के गवाह



नई दिल्ली में रविवार को लाल किले पर स्वतंत्रता दिवस समारोह का पूर्वाभ्यास किया गया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी 15 अगस्त को दिल्ली के ऐतिहासिक स्मारक लाल किले की प्राचीर से 77वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में देश को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े 1800 से अधिक लोगों को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है।

इस अवसर पर 75 जोड़े प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए पारंपरिक पोशाक में शामिल होकर इस विशिष्ट समारोह के गवाह बनेंगे। रक्षा मंत्रालय द्वारा रविवार को जारी बयान में कहा गया कि राष्ट्रीय समर स्मारक, इंडिया गेट, विजय चौक, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, प्रगति मैदान, राजघाट, जामा मस्जिद मेट्रो स्टेशन, राजीव चौक मेट्रो स्टेशन, दिल्ली गेट मेट्रो स्टेशन, आईटीओ मेट्रो गेट, नौबत खाना और शीश गंज गुरुद्वारा सहित 12 स्थानों पर सरकार की विभिन्न योजनाओं और पहल को समर्पित सेल्फी प्वाइंट बनाए गए हैं।

बयान में कहा गया कि इस वर्ष के स्वतंत्रता दिवस पर आजादी का अमृत महोत्सव समारोह का समापन होगा और 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने के सपने को साकार करने के लिए देश नए उत्साह के साथ अमृत काल में प्रवेश करेगा। आजादी का अमृत महोत्सव का आगाज प्रधानमंत्री ने 12 मार्च, 2021 को गुजरात के अहमदाबाद स्थित साबरमती आश्रम से किया था। मंत्रालय ने बताया कि पिछले साल की तुलना में इस वर्ष बड़ी संख्या में अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। विशिष्ट अतिथि (शेष पेज 9)

# स्वास्थ्य विभाग ने दो अस्पतालों के ओटी व लेबर रूम को किया सील

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

मुरादनगर की रावली रोड पर अस्पताल में इलाज के दौरान हुई महिला की मौत के मामले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रावली रोड स्थित सिटी केयर अस्पताल व पीजीएम अस्पताल के लेबर व आपरेशन थिएटर को सील कर दिया है। मुरादनगर थानाक्षेत्र के गांव नेकपुर निवासी जावेद की 26 वर्ष की पत्नी परवीन को आठ अगस्त को रावली सुराना मार्ग स्थित पीजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया था।



अस्पताल को सील करती स्वास्थ्य विभाग की टीम

10 अगस्त को महिला ने एक बच्चे को जन्म दिया। बच्चे को जन्म देने के बाद महिला की हालात बिगड़ गई। 11 अगस्त की रात को महिला की हालात अचानक बिगड़ गई। अस्पताल प्रबंधन ने महिला को रेफर कर दिया। परिजनों ने महिला को वहां से 200 मीटर दूर सिटी केयर अस्पताल में भर्ती करा दिया।

बताया जा रहा है कि शनिवार सुबह अचानक महिला की हालत एक बार फिर बिगड़ गई। चिकित्सक के पहुंचने से पहले ही महिला ने दम तोड़ दिया। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर को बार बार बुलाने के बाद भी वह नहीं आए। उपचार में लापरवाही के चलते ही महिला की मौत हुई है।

महिला की मौत के बाद सीएमओ ने डिप्टी सीएमओ डॉ चरण सिंह, डॉ देवीलाल व ऋषभ के नेतृत्व में टीम तैयार कर मौके पर भेजा। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पीजीएम व सिटी केयर अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई खामियां पाईं। आपरेशन थिएटर नियमानुसार नहीं बनाया गया था। इसके अलावा ओटी को ही लेबर रूम बना रखा था।

अस्पतालों में मौजूद कर्मचारी पंजीकरण नम्बर सहित अन्य कागजात नहीं दिखा पाए। महिला परवीन की मौत हुई है।

**''10 अगस्त को पीजीएम अस्पताल में महिला ने बच्चे को जन्म दिया। हालत बिगड़ने पर सिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पीजीएम व सिटी केयर अस्पताल के ओटी व लेबर रूम को सीज कर दिया गया है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा कागजात भी नहीं दिखाए गए हैं।''**
**-डॉ चरण सिंह, डिप्टी सीएमओ**

# किसानों के भवन निर्माण पर नहीं लगेगा शुल्क

## ● अन्नदाता को मिली राहत, मांगी तीन मांगे


औद्योगिक विकास आयुक्त और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक संपन्न।

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा के किसानों की लंबे समय से चली आ रही मांग को प्राधिकरण बोर्ड ने पूरी कर दी है। बोर्ड ने शनिवार को संपन्न बोर्ड बैठक में किसानों के पक्ष में तीन अहम फैसले लिए हैं।

पहला, अब तक जो किसान प्राधिकरण से प्राप्त आबादी की जमीन पर घर नहीं बना पाए हैं, वे अब बिना विलंब शुल्क के निर्माण कर सकते हैं। बशर्ते, अगर उन्होंने परिवार के बाहर बेच दिया तो सामान्य भूखंडों की शर्तें लागू होंगी।

दूसरा, किसानों को आवंटित आबादी भूखंडों के उप विभाजन की न्यूनतम सीमा 40 मीटर कर दी गई है जो कि अब तक 120 मीटर थी। बशर्ते यह विभाजन मूल काश्तकार और उनके उत्तराधिकारी गण के बीच नियोजन के नियमों को ध्यान में रखते हुए ही होगा। तीसरा, ग्रामीण आबादी पर निर्माण की अधिकतम ऊंचाई नोएडा के समान करते हुए 11 मीटर से बढ़ाकर 15 मीटर कर दी गई है।

औद्योगिक विकास आयुक्त और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की 131 वीं बोर्ड बैठक हुई, जिसमें ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार, नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ लोकेश एम और यमुना प्राधिकरण के एसीईओ कपिल सिंह, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ मेधा रूपम, एसीईओ अमनदीप डुली व एसीईओ आनंद वर्धन समेत बोर्ड के अन्य प्रतिनिधिगण भी शामिल हुए, जिसमें छह फीसदी और नियोजन की तरफ से ये तीनों प्रस्ताव रखे गये, जिस पर बोर्ड ने मुहर लगा दी है। बोर्ड ने निर्णय लिया है कि भविष्य में किसान आबादी के भूखंडों पर मूल किसान या फिर उनके उत्तराधिकारीगण को प्राप्त भूखंडों पर भवन निर्माण करने समय से न बना पाने पर विलंब शुल्क नहीं लगेगा, लेकिन अगर किसान ने परिवार के बाहर किसी व्यक्ति को भूखंड बेच दिए तो सामान्य भूखंडों की शर्तें लागू होंगी। इसके साथ ही किसानों की एक और पुरानी मांग पर भी बोर्ड ने मंजूरी दे दी है।

किसानों को प्राप्त होने वाले भूखंडों के उप विभाजन का न्यूनतम एरिया 40 मीटर कर दिया गया है।

# जाम से बचने के लिए बड़े बदलाव की तैयारी अब 15 घंटे मुस्तैद रहेंगे ट्रैफिक पुलिसकर्मी

## ● 57 यातायात सब इंस्पेक्टरों को एक-एक मोटरसाइकिल दी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

जाम की समस्या से जूझ रहे गाजियाबाद में पुलिस 16 अगस्त से बड़े बदलाव करने जा रही है। ट्रैफिक व्यवस्था का सर्वे करने वाली दो सदस्यीय कमेटी की रिपोर्ट पर पुलिस कमिश्नर ने मुहर लगा दी है।

पुलिस कमिश्नर अजय कुमार मिश्र ने बताया, पिछले कुछ सालों में गाजियाबाद में नए हाईवे, फ्लाईओवर बने हैं। इसी के साथ वाहनों और लोगों की संख्या भी बढ़ी है। ऐसे में ट्रैफिक ढांचे का मूल्यांकन जरूरी हो गया था। इसे देखते हुए पूनम मिश्र और सिद्धार्थ गौतम की टीम बनाकर शहर के 186 चौराहों5तिराहों पर जाकर चेक करने के लिए कहा गया था। दोनों अधिकारियों ने अपनी रिपोर्ट पुलिस कमिश्नर को देते हुए कुछ सुझाव दिए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, ड्यूटी पॉइंट 186 से घटाकर 152 किए जाने चाहिए। इसके अलावा ड्यूटी पॉइंट पर यातायात पुलिसकर्मियों की मौजूदगी 12 घंटे से बढ़ाकर 15 घंटे होनी चाहिए और 57 ट्रैफिक सब इंस्पेक्टरों को एक-एक मोटरसाइकिल दी जाए। पुलिस कमिश्नर ने बताया 57 टीएसआई को एक.एक मोटरसाइकिल 9 अगस्त को दी जा चुकी है। ड्यूटी के घंटों में बदलाव किया गया है। अब ट्रैफि क पुलिसकर्मी 8.8 घंटे की ड्यूटी देंगे। पहली शिफ्ट सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक और दूसरी शिफ्ट दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक होगी। ड्यूटी पॉइंट भी घटाकर 152 किए जा रहे हैं। कमेटी की सभी संस्तुतियों को 16 अगस्त की सुबह 7 बजे से लागू कर दिया जाएगा।

# पार्किंग के 10 प्रतिशत हिस्से में बनेगा ई-चार्जिंग स्टेशन

## ● नोएडा में ग्रुप हाउसिंग, वाणिज्यिक और संस्थागत भूखंड को नक्शे में पास कराना अनिवार्य

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा




नोएडा में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके लिए प्राधिकरण ने ग्रुप हाउसिंग, वाणिज्यिक और संस्थागत भूखंड पर चार्जिंग स्टेशन बनाना अनिवार्य कर दिया है।

इस श्रेणी के भूखंड का नक्शा तभी पास किया जाएगा जब इनके मानचित्र में शामिल पार्किंग के 10 प्रतिशत भाग पर इलेक्ट्रिक स्टेशन बनाया जाएगा। इससे इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा मिलेगा और शहर के प्रदूषण में कमी आने के साथ ही इलेक्ट्रिक वाहनों की चार्जिंग की भी कोई दिक्कत नहीं होगी और वह आसानी से पार्किंग में चार्ज हो सकेंगे। ई.चार्जिंग की व्यवस्था को लेकर ही शासन स्तर पर एक बैठक आयोजित की गई है, जिसमें प्राधिकरण अभी तक ई.चार्जिंग को लेकर किए गये कार्यों की जानकारी दी गई। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि नोएडा में 100 से ज्यादा सोसाइटी है। इन सोसाइटी में चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए प्राधिकरण से अनुमति लेनी होगी। यदि वे लगाना चाहते है। ये अभी तय किया जा रहा है कि सिर्फ अनुमति से काम हो जाएगा कि उन्हें नक्शे में इसे संशोधित करना होगा। पॉलिसी के तहत दो श्रेणियों में चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर को बांटा गया है। पहला आवासीय भवन या प्लाटेड हाउस। इसमें लगे स्टेशन का स्वामित्व निजी होगा। इसका कनेक्शन घरेलू मीटर के जरिए दिया जाएगा। चार्जिंग का प्रकार स्लो चार्जर होगा। दूसरा सामूहिक भवन या निजी क्षेत्र में लगा चार्जिंग स्टेशन जो चार्जिंग के लिए वाणिज्यिक तरीके को पूरा करता है को सार्वजनिक माना जाएगा।

इसके लिए वाणिज्यिक मीटर लगाया जाएगा। इसमें ओपन चार्जिंग और भुगतान की सुविधा होगी। पब्लिक चार्जिंग स्टेशन प्रत्येक 25 किमी दोनों और राजमार्ग और सड़कों के साथ। फास्ट चार्जिंग सुविधा प्रत्येक 100 किमी पर राजमार्ग के दोनों ओर और तीसरा बैटरी स्वैपिंग स्टेशन ऑप्शनल सुविधा के लिए। ई.कार इस तरह के प्रदूषण को रोकने में कारगर है। प्रति ई-कार से प्रतिवर्ष 4.04 टन कार्बन डाई आक्साइड उत्सर्जन की बचत होने का अनुमान है। ई.कारों की चार्जिंग के लिए 295 एसी और 161 डीसी चार्जर को भी मंजूरी मिल चुकी है। ऐवरेज के हिसाब से इलेक्ट्रिक वाहन बेहतर है। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया, एक घंटे की चार्जिंग में कार में लगा संयंत्र 80 प्रतिशत चार्ज हो जाएगा।

इससे 100 किलोमीटर की दूरी तय की जा सकती है। यानी फुल चार्जिंग पर यह वाहन 120 किमी तक जा सकेंगे। 80 प्रतिशत की चार्जिंग में कुल 14 यूनिट खर्च होगी। इस हिसाब देखा जाए तो पेट्रोल व डीजल से चलने वाले वाहनों के मुकाबले ई-कार बहुत कम खर्चीला व फायदेमंद होगी।

# संक्षिप्त समाचार


ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर चल रहे किसानों के धरना प्रदर्शन

### शहीद किसानों को मौन धारण कर दी श्रद्धांजलि

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर चल रहे किसानों के धरना प्रदर्शन में रविवार को किसानों ने घोड़ी गांव के शहीद किसानों को याद किया। 2008 में आज ही के दिन प्राधिकरण पर प्रदर्शन के दौरान 6 किसानों की गोली लगने से मौत हो गई थी। किसानों ने आज के दिन को काला दिवस के रूप में मनाया। प्राधिकरण पर किसानों के धरने का 88वां दिन है। धरने में हजारों की संख्या में किसानों ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। एक्शन कमेटी को संबोधित करते हुए डॉक्टर रुपेश वर्मा ने कहा कि आंदोलन को 6 महीने से अधिक वक्त हो गया है और रात दिन के धरने को 88 दिन गुजर गए हैं। इस बीच किसानों पर लाठीचार्ज भी हुआ है। 19 दिन किसान जेल में भी रहे हैं और किसानों से हाई पावर कमेटी के गठन पर वादाखिलाफी भी की गई है।

### सोसाइटियों के लोगों ने दिया पर्यावरण का सदेश

**नोएडा।** नोएडा की 1000 से अधिक प्रीमियम सोसायटियों के निवासियों ने एकता और पर्यावरण के प्रति जागरूकता का शानदार प्रदर्शन करते हुए आईकेयर आई हॉस्पिटल, सेक्टर-26, नोएडा की ओर से आयोजित वॉकथॉन और वृक्षारोपण अभियान में भाग लिया। गौतम बुद्ध नगर के प्रमुख समाचार पत्र, अपार्टमेंट टाइम्स के साथ मिलकर नोएडा फेडरेशन ऑफ अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन और न्यू एरा फ्लैट ओनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के सहयोग से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परमवीर चक्र कैप्टन यादव ने कहा, यह कार्यक्रम लोगों के बीच एकता की भावना और पर्यावरण संरक्षण की तात्कालिक जरूरत को एकजुट करता है। डॉ. सौरभ चौधरी, सीईओ, आईकेयर आई हॉस्पिटल ने कहा, इस वॉकथॉन और वृक्षारोपण अभियान में हमारे समुदाय ने जो एकजुटता दिखाई है, वह वाकई काबिले-तारीफ है।

### सेंचुरी अपार्टमेंट में पॉली क्लीनिक का हुआ उद्घाटन

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर 100 स्थित सेंचुरी अपार्टमेंट में रविवार को फेलिक्स हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ डीके गुप्ता और निर्देशक डॉ रश्मि गुप्ता ने फेलिक्स हॉस्पिटल पॉली क्लीनिक का उद्घाटन किया। क्लीनिक की स्थापना आरडब्ल्यूए और वरिष्ठ लोगों की सहायता से की गई है। इस मौके पर मुख्य अथिति के रूप में परमवीर चक्र विजेता योगेन्द्र यादव, फोनरवा अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा, आरडब्ल्यूए अध्यक्ष पवन यादव एवं अन्य आरडब्ल्यूए पदाधिकारी मौजूद रहे। डॉ डीके गुप्ता ने कहा कि पॉली क्लीनिक में प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध रहेगी।

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से झुलसा किशोर

**गाजियाबाद।** मोदीनगर थाना क्षेत्र के बेगमाबाद गांव में घर के बराबर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट मे आने से किशोर गंभीर रूप से झुलस गया। वह दूसरी मंजिल से नीचे आ रहा था। इस बीच ग्रील के पास हादसा हुआ। किशोर का अस्पताल में इलाज चल रहा है। गांव बेगमाबाद के अनिल कुमार का 17 वर्षीय बेटा चित्रांश एक स्कूल में कक्षा 12 का छात्र है। माता गृहणी हैं। उनके मकान के पास से ही हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। लाइन को दूर करने के लिए उन्होंने एंगल भी लगा रखी है। बताया जा रहा हैं कि चित्रांश को ट्यूशन जाना था। इसलिए वह दूसरी मंजिल पर तैयार होने के लिए गया था। वहां ग्रील के पास पहुंचते ही अचानक चित्रांश करंट की चपेट में आ गया। चीख सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे।

# बेटी से फोन छीना तो फांसी लगाकर दी जान

## ● मां बोली- उसने कहा था कि मम्मी तुम्हें ऑफिस से आने पर पता लगेगा, नहीं जानती थी कर लेगी आत्महत्या

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

बेटी रील्स बनाने की शौकीन थी और ज्यादातर वक्त फोन में घुसी रहती थी। फोन वापस लेने पर गुस्सा हो जाती थी। उसने रातभर फोन चलाया। फिर शुक्रवार सुबह लेट उठी। इसके बाद मोबाइल में लग गई। मैं ड्यूटी को लेट हो रही थी। मुझे ऑफिस में फोन से काम रहता है। मैंने कहा कि आकर फोन दे दूंगी। वो जाते-जाते मुझसे बोली कि मम्मी तुम्हें आकर पता लग जाएगा।

मुझे पता नहीं था कि बेटी सुसाइड कर लेगी। उसने फोन की वजह से सुसाइड किया है। ये कहना है कि गाजियाबाद में 16 साल की लड़की की मां का, जिसने कमरे में फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। हालांकि, लड़की ने सुसाइड नोट में लिखा है कि उसने अपने भाइयों की वजह से जान दी। क्योंकि, उसके दोनों भाई नशा करते थे। पूरा मामला कौशांबी थाना क्षेत्र के वैशाली का है।



यहां आयकर विभाग के सरकारी क्वार्टर में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी गीता 16 साल की बेटी और दो बेटों संग रहती हैं। दोनों बेटे नशे के आदी हैं और तीसरा बेटा पॉक्सो एक्ट में जेल में बंद है। गीता दिल्ली में इनकम टैक्स विभाग में कार्यरत हैं। पति की मृत्यु के बाद आश्रित कोटे से उनकी नौकरी लगी थी। शुक्रवार को मां ड्यूटी पर गई थीं। वहां से आईं तो बेटी घर में फांसी पर लटकी मिली थी। सूचना पर पहुंची पुलिस और परिजनों को दीवार पर एक सुसाइड नोट चिपका मिला।

इस पर लिखा था. श्मैं तमन्ना। मम्मी मेरी बात सुनो। मेरे मरने में किसी का कोई हाथ नहीं है। मैंने इसलिए फांसी लगाई।

# खुद ही अपने पैर में गोली मारकर पुलिस को गुमराह करना पड़ा भारी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

किसी अनजान व्यक्ति द्वारा गोली मारकर घायल करने की सूचना देना एक युवक को भारी पड़ गया।

अब इस युवक को सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है। दरअसल, इस युवक ने पुलिस को सूचना दी थी कि उसे किसी ने गोली मारकर घायल कर दिया है। आपको बता दें कि शनिवार की रात करीब दो बजे एक युवक ने डॉयल 112 पर फोन किया और बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसे उसे गोली मारकर घायल कर दिया है। उसने बताया ?था कि वह जेवर का रहने वाला है और जावल ऋषि गौशाला के पास घायल अवस्था में पड़ा है। गोली मारकर घायल किए जाने की सूचना से पुलिस में हड़कंप मच गया।

आनन फानन में थाना जेवर पुलिस जावल ऋषि गौशाला के पास पहुंची जहां पर पुलिस को हरिकेश पुत्र वीर सिंह निवासी कानीगढ़ी जेवर घायल अवस्था में पड़ा मिला। पुलिस द्वारा पीड़ित से पूछताछ व आवश्यक जानकारी ली गई तो वह घटना होने की सही जानकारी नहीं दे सका।

# फ्लैटों के आवंटियों के लिए ओटीएस पर मुहर

## ● विलंभ भुगतान पर लगा जुर्माना होगा माफ

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने अपने फ्लैट आवंटियों को बड़ी राहत दी है। प्राधिकरण बोर्ड ने शनिवार को बहुमंजिला फ्लैटों के आवंटियों के लिए एकमुश्त समाधान योजना ओटीएस को मंजूरी दे दी है।

अब यह ओटीएस तीन माह के लिए लागू होगी, जिससे प्रीमियम, अतिरिक्त प्रतिकर व लीज डीड विलंब शुल्क पर लगी पेनाल्टी से राहत मिल जाएगी। लगभग 2200 फ्लैट खरीदारों को इसका फायदा मिलने की उम्मीद है और प्राधिकरण को लगभग 468 करोड़ रुपए मिलने की उम्मीद है। प्राधिकरण के संपत्ति विभाग की तरफ से बहुमंजिला फ्लैटों के आवंटियों के लिए एकमुश्त समाधान योजना ओटीएस का प्रस्ताव रखा गया। विभाग की तरफ से बोर्ड को बताया गया कि एकमुश्त समाधान योजना लागू करने से लगभग 2200 बहुमंजिला फ्लैटों की लीज डीड होने निष्पादित होने का अनुमान है।



इससे प्राधिकरण को 468 करोड़ रुपए की बकाया धनराशि भी प्राप्त हो सकती है। बोर्ड ने इस प्रस्ताव पर मुहर लगा दी। ओटीएस के लागू होने प्रीमियम की बकाया धनराशि और प्रतिकर पर पेनल्टी से राहत और लीज डीड के विलंब शुल्क की धनराशि पर 40 से 80 फीसदी 60 वर्ग मीटर तक के फ्लैट और 20 से 40 फीसदी 60 वर्ग मीटर से अधिक की राहत मिल जाएगी।

# हिन्डन नदी से लाश मिलने से मचा हड़कंप

**नोएडा।** रविवार की दोपहर हिन्डन नदी से एक व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। आनन फानन में थाना सेक्टर 142 पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

रविवार की दोपहर थाना सेक्टर 142 पुलिस को किसी ने सूचना दी कि थाना क्षेत्र में हिंडन नदी में एक अज्ञात शव पड़ा है। नदी से शव मिलने पर पुलिस बल द्वारा मौके पर पहुंचकर देखा गया कि हिंडन में एक शव पीछे से पानी में बह कर आया है जो झाड़ियों में फंसा हुआ है। तैराकों को बुलाकर शव को नदी से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम को भेजा।


थाना नॉलेज पार्क पुलिस व आबकारी टीम ने कैंटर ट्रक में भरकर अवैध शराब की तस्करी करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार किए, इनके कब्जे से 270 पेटी बरामद।

# अदम्य साहस दिखाने वाले दो पुलिस कर्मी पुरस्कृत

## ● नोएडा पुलिस कमिश्नर ने की हौसला अफजाई

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के द्वारा अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई के दौरान अदम्य साहस दिखाने वाले दो पुलिस कर्मियों को पुरस्कृत किया गया। इसके लिए दोनों पुलिसकर्मियों को 10-10 हजार रुपए नगद और प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।



नोएडा पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के द्वारा कमिश्नरेट के अन्तर्गत अपराधियों के खिलाफ तत्परता से कार्रवाई करने पर थाना दादरी पर तैनात आरक्षी अनुज कुमार और नारकोटिक्स सेल सेक्टर-108 में तैनात हेड कांस्टेबल सनी बत्रा को अपने कर्तव्य के दौरान अदम्य साहस और सराहनीय कार्यों के लिये 10 हजार रुपए नकद और प्रशस्ति पत्र देकर उत्साहवर्धन हेतु पुरस्कृत किया गया है। हाल ही में दादरी में कैब चालक से कैब लूटने वाले बदमाशों में से एक बदमाश को मुठभेड़ के दौरान पकड़ने वाले कॉन्स्टेबल अनुज कुमार ने अपने अदम्य साहस का परिचय देते हुए बिना बदमाश की गोली से डरे हुए दिनदहाड़े बदमाश को अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर पकड़ लिया था। साथ ही लूटी हुई कार भी बरामद की। दूसरा वाक्या फेस वन थाना क्षेत्र का है एजहां नारकोटिक सेल सेक्टर 108 में तैनात कांस्टेबल सनी बत्रा ने अपनी ड्यूटी के दौरान क्षेत्र में सुरागरसी पतारसी में लगे हुए थे तभी बदमाश एक बैंक कर्मचारी का मोबाइल छीनकर भागने लगे। शोर.शराबा सुनकर कांस्टेबल ने बीच रोड पर उसको दौड़ा लिया और बिना बदमाशों से डरे अपनी बहादुरी का परिचय देते हुए उसको अन्य साथी की मदद से पकड़ लिया। इसके साथ ही उसे लूटा हुआ मोबाइल भी बरामद कर लिया।

इन दोनों बहादुर को नोएडा पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने 10-10 हजार का नगद इनाम और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। दोनों के सराहनीय कार्य की प्रशंसा की।

# हनी ट्रेप में फंसा कर युवती ने हड़पे 6.50 लाख रुपये, कराई शिकायत

## ● फोन पर भेजे मैसेज वायरल करने की दी धमकी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

मोदीनगर में प्रेमजाल में फंसाकर एक युवती ने युवक से 6.50 लाख रुपये हड़प लिए। 2 लाख रुपये और मांग करने पर युवती के प्रेमजाल का भेद खुला। युवती के इस कृत्य में उसका एक दोस्त भी शामिल है। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत कर न्याय दिलाने की मांग की है।

पिछले दिनों पीड़ित की मुलाकात एक जानकार युवक ने मेरठ मोहकमपुर निवासी युवती से कराई। युवती और पीड़ित की मुलाकात पहली बार मेरठ के एक होटल में हुई। युवती ने पीड़ित को अपने जाल में फंसना शुरू कर दिया। कुछ दिन बाद युवती ने पीड़ित से कहा कि वह उससे प्यार करने लगी है। पीड़ित उसकी बातों में फंस गया। इसके बाद युवती ने परिवार में परेशानी बताते हुए पीड़ित से 2 लाख रुपये की डिमांड की। इसके बाद घरेलू परेशानी बताकर युवती और उसके साथी युवक ने पीड़ित से 6.50 लाख रुपये हड़प लिए। वर्तमान में युवती 2 लाख रुपये की मांग कर रही है। ऐसा न करने पर युवक द्वारा वाट्सऐप पर युवती को भेजे गए मैसेज को वायरल करने की धमकी दी जा रही है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड की ओर से मुद्रित एवं प्रकाशित, 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# किले में तब्दील दिल्ली, कई रास्ते रहेंगे बंद

## स्वतंत्रता दिवस समारोह : शहर के चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा एजेंसियों की निगाह, पुलिस ने जारी किया परामर्श

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

इस मंगलवार 15 अगस्त को देश अपना 77वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। इसको लेकर राजधानी दिल्ली हाई अलर्ट पर है।

सुरक्षा एजेंसियां और दिल्ली पुलिस सुरक्षा-व्यवस्था को मुस्तैद है। इसके मद्देनजर लाल किले समेत शहर में सुरक्षा पूरी तरह से चाक-चौबंद कर दी गई है। आतंरिक घेरे की सुरक्षा की कमान स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (एसपीजी) ने संभाल लिया है। लाल किले में नेशनल सिक्योरिटी गार्ड (एनएसजी) कमांडो भी तैनात कर दिए गए हैं।

आसमान से सुरक्षा को चाकचौबंद बनाने के लिए एंटी ड्रोन रडार लगाए गए हैं। सेना के हेलीकॉप्टर पर अत्याधुनिक हथियारों से लैस कमांडो टीम भी स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान आसमान से सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालेगी। दिल्ली पुलिस ने भी यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से बने रहने के लिए परामर्श जारी किया है।

परामर्श के मुताबिक, लाल किला के आसपास यातायात आम लोगों के लिए मंगलवार सुबह 4 बजे से 10 बजे तक बंद रहेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 अगस्त को लाल किले से ही राष्ट्र को संबोधित करेंगे। यह केवल अधिकृत वाहनों के लिए खुला रहेगा। लोथियन रोड, निशाद राज मार्ग, एसपी मुखर्जी मार्ग, चांदनी चौक रोड, नेताजी सुभाष मार्ग, एस्प्लेनेड रोड और इसके लिंक रोड सेनेताजी सुभाष मार्ग, राजघाट से आईएसबीटी तक रिंग रोड और आईएसबीटी से आईपी फ्लाईओवर तक बाहरी रिंग रोड बंद रहेंगे। यातायात पुलिस ने लोगों को सलाह दी है कि वह वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें।



### सोमवार रात 12 बजे से लागू हो जाएंगी पाबंदियां

दिल्ली पुलिस ने कहा सोमवार रात 12 बजे से मंगलवार सुबह 11 बजे तक निजामुद्दीन खट्टा और वजीराबाद ब्रिज के बीच भारी वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। इस दौरान महाराणा प्रताप आईएसबीटी और सराय काले खां आईएसबीटी के बीच अंतरराज्यीय बसों को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। गीता कॉलोनी पुल और पुराना लोहा पुल बंद रहेगा। लाल किला, जामा मस्जिद और दिल्ली मुख्य रेलवे स्टेशन पर बसों की संख्या सीमित रहेगी। इनका मार्ग बदला जाएगा। मंगलवार सुबह 11 बजे के बाद बस सेवा बहाल होगी।

### हर जगह सुरक्षा बल तैनात

रविवार से ही लाल किले और आसपास के इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया गया। सुरक्षा को अभेद्य बनाने के लिए स्वाट कमांडो और एनएसजी कमांडो के अलावा समारोह के दौरान सभी गेट पर दिल्ली पुलिस और पैरा मिलिट्री फोर्स के जवान तैनात रहेंगे। संदिग्धों की पहचान करने के लिए, पुलिस चेहरे की पहचान करने वाली तकनीक वाले कैमरों का उपयोग कर रही है। लाल किले की ओर जाने वाली सड़कों की भी पुलिस निगरानी कर रही है। विशेष नियंत्रण कक्ष बनाया गया है, जहां से निगरानी करने के लिए सुरक्षा एजेंसियां आपस में समन्वय कर रही हैं। सुरक्षाकर्मियों की तैनाती के लिए मचान बनाए गए हैं। लाल किले के अंदर और बाहर स्थित पेड़ों और इमारतों कर्मियों की तैनाती होती है, उनकी सांकेतिक कोडिंग कर सुरक्षा खाका तैयार किया गया है। पेड़ों का कोड निर्धारित कर करीब 3000 सुरक्षा प्वाइंट बनाए गए हैं, जहां से स्पेशल कमांडो दस्ते संदिग्धों पर पैनी नजर रखेंगे।

## निगम के छात्र घरों पर फहराएंगे खुद के बनाये तिरंगा

**नई दिल्ली।** हर घर तिरंगा अभियान से खुद जुड़ रहे लोग, लहराएगा तिरंगा अब सारे आसमान पर, भारत का ही नाम होगा सबकी जुबान पर, ले लेंगे उसकी जान या लेंगे अपनी जान पर, कोई जो उठाएगा आंख हिंदुस्तान पर। देश की आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इस स्वतंत्रता दिवस को यादगार बनाने, लोगों में देशभक्ति का जज्बा जगाने और राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ाने



के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 जुलाई को हर घर तिरंगा अभियान को सशक्त करने का आहवान किया था और 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों पर राष्ट्रध्वज फहराने की अपील लोगों से की। दिल्ली नगर निगम उत्साहपूर्वक आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा उत्सव मना रहा है और निगम के स्कूलों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी के तहत, हर घर तिरंगा उत्सव को आगे बढ़ाने के मकसद से निगम स्कूलों के छात्र खुद राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा तैयार करेंगे और उसी झंडे को अपने घरों पर गर्व से फहराएंगे। सभी शिक्षकों को विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए ध्वज के साथ सेल्फी और तस्वीरें लेने के निर्देश भी जारी किए हैं।

### 600 करोड़ का व्यापार होने की उम्मीद : कैट

**नई दिल्ली।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स इस वर्ष हर घर तिरंगा अभियान से देश भर में लगभग 35 करोड़ रुपये तिरंगे झंडे की बिक्री का अनुमान जताया है। राष्ट्रीय ध्वज की बिक्री से लगभग 600 करोड़ रुपये का व्यापार होगा। पिछले वर्ष यह बिक्री लगभग 500 करोड़ थी। कैट ने वे अपनी दुकानों एवं घरों पर 13 अगस्त से 15 अगस्त तक राष्ट्रीय ध्वज जरूर लगायें तथा कर्मचारियों को भी तिरंगे झंडे वितरित करें।

# सूरजमल विहार में स्थापित होगा दिल्ली विश्वविद्यालय का पूर्वी कैम्पस : प्रो. योगेश

- डीयू अकादमिक परिषद की बैठक कुलपति प्रो. योगेश सिंह दी जानकारी



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

सूरजमल विहार में डीयू का ईस्ट कैम्पस बनेगा। दिल्ली विश्वविद्यालय अकादमिक परिषद की 1015वीं बैठक गत शुक्रवार को विवि के कुलपति प्रो. योगेश सिंह की अध्यक्षता में हुई।

इस बैठक में अंडर ग्रेजुएट कुर्रीकुलम फ्रेमवर्क-2022 के अनुसार विभिन्न विभागों एवं कॉलेजों के लिए चौथे, पांचवें और छटे स्मेस्टर के सिलेबस भी मंजूर किए गए। इस दौरान कुलपति ने विश्वविद्यालय की संक्षिप्त प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत की।

उन्होंने बताया कि सूरजमल विहार में दिल्ली विश्वविद्यालय का ईस्ट दिल्ली कैम्पस स्थापित किया जाएगा और नजफगढ़ में डीयू नया कालेज बनेगा। प्रो. योगेश सिंह ने बताया कि विज्ञान संकाय के अंतर्गत आने वाले विभागों, भूविज्ञान विभाग, प्राणीशास्त्र विभाग, पर्यावरण अध्ययन विभाग, गृह विज्ञान विभाग, एंथ्रोप्लोजी विभाग, रसायन विज्ञान विभाग, भौतिकी और खगोल भौतिकी विभाग, वनस्पति विज्ञान विभाग, एसीबीआर, श्री वेंकटेश्वर कॉलेज और भास्कराचार्य कॉलेज ऑफ एप्लाइड साइंस के लिए, शैक्षणिक सत्र 2022-23 से लागू यूजीसीएफ -2022 के आधार पर, सेमेस्टर-चार, पांच और छह के मामूली संशोधनों के साथ स्वीकृत पाठ्यक्रमों को मंजूरी प्रदान की गई। इनके साथ ही गणितीय विज्ञान संकाय के अंतर्गत कंप्यूटर साइंस विभाग के लिए भी यूजीसीएफ-2022 के आधार पर सेमेस्टर-छह के पाठ्यक्र म को भी मंजूर किया गया। क्लस्टर इनोवेशन सेंटर के तहत यूजीसीएफ 2022 के आधार पर सेमेस्टर-छह के मामूली संशोधनों के साथ स्वीकृत पाठ्यक्रम को भी मंजूर किया गया।

### विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर डीयू में लगेगी प्रदर्शनी

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर 14 अगस्त को विश्वविद्यालय के कॉन्फ्रेंस सेंटर में एक प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। दिल्ली विश्वविद्यालय ने स्वतंत्रता और विभाजन अध्ययन केंद्र की स्थापना की घोषणा भी की गई है। दिल्ली विश्वविद्यालय के दक्षिणी दिल्ली परिसर के निदेशक प्रो. प्रकाश सिंह ने बताया कि यह केंद्र दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह की अध्यक्षता और संरक्षण में कार्य करेगा। केंद्र की गवर्निंग बॉडी गठित कर दी गई है जो तीन साल की अवधि के लिए तत्काल प्रभाव से लागू होगी। प्रो. सिंह ने बताया कि यह केंद्र स्वतंत्रता संग्राम और उसके परिणाम के विभिन्न पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए काम करेगा। विभाजन विभीषिका से उपजी गंभीर मानवीय त्रासदी, दर्द, घाटे, अस्तित्व की गंभीरता और अंततः विजय जैसे असंख्य तथ्य, उपाख्यान, कहानियां और यादें हैं जो इस केंद्र द्वारा अध्ययनों से प्रकाश में आएंगे।

यह केंद्र समर्पित अभिलेखीय स्रोतों और मौखिक इतिहास के माध्यम से अनुसंधान और सीखने को प्रोत्साहित करने का एक यथार्थ शैक्षणिक प्रयास है। इस केंद्र को इस क्षेत्र में विशिष्ट अध्ययन के लिए एक समर्पित संसाधन केंद्र के रूप में स्थापित करने की महत्वाकांक्षी योजना है।

उन्होंने बताया कि यह केंद्र उन गुमनाम लोगों के ऐतिहासिक आख्यानों को उजागर करने को प्राथमिकता देगा, जिन्हें शायद ही कभी मुख्यधारा में संदर्भित किया जाता हो और जिनकी पहचान के साथ पक्षपातपूर्ण और पूर्वाग्रहपूर्ण व्यवहार किया गया तथा उनकी भावी पीढ़ियों को स्थायी रूप से प्रभावित किया व जीवन भर के लिए उन्हें गहरे जख्म दिये। यह केवल भौगोलिक विभाजन ही नहीं था, बल्कि भावनात्मक, आर्थिक और सांस्कृतिक रूप से भी बहुत भारी क्षति थी।

# कंजक्टिवाइटिस के बाद बढ़े जोड़ों के दर्द के मामले

- बदलते मौसम और डेंगू ने बढ़ाई मरीजों की चिंता



डॉ. एल तोमर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

कंजक्टिवाइटिस और वायरल बुखार के बाद दिल्ली एनसीआर में पिछले हफ्ते गठिया दर्द के मामलों में भी वृद्धि देखी गई है।

एम्स नई दि के रुमेटोलॉजी विभाग की प्रमुख डॉ. उमा कुमार के अनुसार ओपीडी में जोड़ों के दर्द से पीड़ित मरीजों की संख्या में वृद्धि देख रहे हैं। इसका कारण मानसूनी हवाओं के दबाव बढ़ने , गर्म दोपहर और ठंडी रातों के साथ मरीजों में जोड़ों के दर्द में बढ़ोतरी हुई है, विशेष रूप से गठिया और अन्य बीमारी वाले मरीजों में जो पुराने दर्द का कारण बन रहा है। डेंगू और अन्य जैसे संक्रमणों के कारण भी इस मौसम में मरीजों में जोड़ों का दर्द बढ़ जाता है। डॉ. उमा ने बताया कि शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली शरीर में स्वस्थ कोशिकाओं पर हमला करती है जिससे सूजन होने के कारण शरीर के प्रभावित हिस्से में दर्दनाक सूजन हो जाती है। डॉ. एल तोमर, वरिष्ठ निदेशक और यूनिट प्रमुख, आर्थोपेडिक्स और जॉइंट रिप्लेसमेंट, मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के अनुसार हम ओपीडी में घुटने के दर्द और जोड़ों के दर्द की शिकायत के साथ हमारे पास आने वाले रोगियों में लगभग 50 फीसदी की वृद्धि देख रहे हैं।



यह समस्या 60 साल के बुजुर्गों में ही नहीं बल्कि 30 साल के युवाओं में भी देखने को मिल रही है। इस समय मुख्य रूप से घुटने प्रभावित होते हैं, इसके बाद रीढ़ की हड्डी के जोड़ और टखने प्रभावित होते हैं। मानसून के दौरान, कुछ ऐसे कारक होते हैं जो संभावित रूप से गठिया के दर्द को बढ़ा सकते हैं। नमी उन्होंने बताया कि मानसून के मौसम में गठिया के दर्द को प्रभावित करती है। ऐसे में गठिया से पीड़ित लोगों के लिए स्वयं को इससे बचाने के लिए चुनौती बढ़ जाती है।

डॉ. तोमर ने इससे बचने के लिए हल्के व्यायाम करने, बारिश में भीगने से बचने को कहा।

# मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम को उठा रहे कदम

- निगम की लोगों से अपील, आसपास पानी जमा न होने दें
- 3000 से ज्यादा डीबीसी कर्मचारी व 2000 फील्ड वर्कर मिशन मोड में उतरे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

डेंगू-मलेरिया-चिकनगुनिया से लोगों को बचाने के लिए, दिल्ली नगर निगम हर मोर्चे पर काम कर रहा है। जनस्वास्थ्य विभाग ग्राउंड जीरो पर तैनात मलेरिया इंस्पेक्टर, डीबीसी कर्मचारी, फील्ड वर्कर व अधिकारी के माध्यम से अभियान को तेज कर दिया व सभी क्षेत्रों में वार्ड स्तर पर विशेष अभियान व जन जागरूकता कार्यक्रम का व्यापक स्तर पर आयोजन किया जा रहा है।

निगम के 3000 से ज्यादा डीबीसी कर्मचारी व 2000 फील्ड वर्कर मिशन मोड में मच्छर की



उत्पत्ति जांच एवं उसे नष्ट कर रहे। दिल्ली नगर निगम के अनुसार, इस वर्ष निगम ने 22269649 बार घरों का निरीक्षण किया जिसमे 142206 घरों में मच्छरों का प्रजनन पाया गया। अब तक कुल 661709 घरों में कीटनाशक का छिड़काव किया जा चुका है और भविष्य में यह संख्या बढ़ने वाली है। निगम ने ने डीएमसी अधिनियम के मलेरिया उपनियमों के तहत प्रावधान के अनुसार मच्छरों के प्रजनन की रोकथाम के लिए कानूनी प्रवर्तन का भी सहारा लिया है। निगम ने 92590 कानूनी नोटिस जारी किए हैं और 22018 लोगों पर कानूनी कार्रवाई की गई। निगम का उद्देश्य मच्छरों के प्रजनन में वृद्धि को रोकने के लिए कानूनी प्रवर्तन तेज करने का है।

## उच्च शिक्षा की डिग्री दिलाने के नाम पर ठगी, पांच गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली में फर्जी कॉल सेंटर के जरिए उच्च शिक्षा या डिग्री दिलाने के नाम पर लोगों को ठगने के आरोप में दो महिलाओं समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि तीनों पुरुष आरोपियों की पहचान दिल्ली निवासी आशीष (22), अशफा अहमद (24) और दानिश खान (30) के रूप में हुई है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) चंदन चौधरी ने कहा पुलिस को कोटला मुबारकपुर के बापू पार्क में अवैध रूप से संचालित एक कॉल सेंटर के बारे में शनिवार को सूचना मिली, जहां आरोपी उच्च शिक्षा या डिग्री प्रदान करने के बहाने लोगों को ठगने के लिए कॉल करते थे। उन्होंने बताया कि छापेमारी की गई और दो महिलाओं सहित पांच लोगों को मोबाइल फोन पर कॉल करके लोगों को ठगने में लिप्त पाया गया। उन्होंने कहा कि पांचों को पकड़ लिया गया।

पूछताछ में पता चला कि वे पिछले एक साल से कॉल सेंटर चला रहे थे। आरोपी उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश, परीक्षा शुल्क आदि के नाम पर 25,000 रुपए से 30,000 रुपए तक वसूल करते थे।

## भाजपा विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस आज मनाएगी

- जान गंवाने वाले लोगों की याद में मौन मार्च निकालेंगे : सचदेवा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भाजपा 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाएगी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि वह खुद एक ऐसे परिवार से है जिसने विभाजन की पीड़ा का सामना किया था।

उन्होंने कहा कि विभाजन का दर्द झेलने वाले लोगों की ओर से वह 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाने के निर्णय के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते है। एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में एक सेमिनार का आयोजन जाएगा जिसे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा संबोधित करेंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि जिन लोगों के परिवारों ने विभाजन की पीड़ा झेली है, उनके सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि वरिष्ठ नेताओं के साथ सेमिनार में शामिल होंगे। इसके बाद, भाजपा कार्यकर्ता जंतर मंतर से सेंट्रल पार्क, कनॉट प्लेस तक विभाजन के दौरान अपनी जान गंवाने वाले लोगों की याद में एक मौन मार्च में शामिल होंगे।

## संक्षिप्त समाचार



पांचवे वन महोत्सव की शुरूआत करते गोपाल राय।

### पांचवें वन महोत्सव का शुभारंभ

**नई दिल्ली।** पर्यावरण एवं वन मंत्री गोपाल राय ने रविवार को उत्सव ग्राउंड ,पटपड़गंज से पांचवे वन महोत्सव की शुरूआत की गई। कार्यक्रम के दौरान वन एवं हरित क्षेत्र में प्रति रुचि रखने वाले सभी लोगों को प्रशिक्षित करने के लिए ट्रेनिंग पोर्टल जारी किया गया। राय ने बताया की इस पोर्टल का मुख्य उद्देश्य वन एवं वन्य जीव विभाग की कार्यप्रणाली के बारे में जागरूक करना और हरित क्षेत्र की सुरक्षा को बढ़ावा देना है। पोर्टल के द्वारा वन एवं वन्यजीव विभाग के विभिन्न योजनाओं और कार्यों के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा। केजरीवाल सरकार द्वारा इस साल लगभग 52 लाख से ज्यादा पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके अलावा 50 लाख पौधे एनडीएमसी द्वारा लगाए जाएंगे। कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों को विभाग द्वारा मुफ्त औषधीय पौधे भी बाटें गए।

### अलीपुर के गोदाम में आग



**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के अलीपुर इलाके में रविवार को एक गोदाम में आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आग लगने की सूचना अपराह्न करीब तीन बजकर 10 मिनट पर मिली, जिसके बाद दमकल की 20 गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया। अधिकारियों ने बताया कि अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### सभी वार्डों को साफ-सुथरा करने को अभियान शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) कूड़े के ढेर हटाने और ऐसे क्षेत्रों को सुंदर बनाने की दिशा में काम करेगा। महापौर शैली ओबेरॉय ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि एमसीडी ने शहर के सभी 250 वार्ड को साफ-सुथरा करने के लिए एक अभियान शुरू किया है। ओबेरॉय ने कहा, कई स्थानों पर लोगों द्वारा लगातार कूड़ा फेंके जाने से वहां कूड़े का अंबार लग जाता है। हम इन्हें हटाकर वहां के क्षेत्रों का सौंदर्यीकरण करेंगे। उन्होंने बताया कि क्षेत्रों का सर्वेक्षण करने और एमसीडी के ऐप पर तस्वीरें अपलोड करने के लिए दलों का गठन किया गया है, जिसके बाद वहां की साफ-सफाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि नगर निगम का यह अभियान पूरे साल चलेगा। महापौर ने कहा, (नगर निगम में) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शासनकाल में दिल्ली को 15 वर्षों में कूड़े के तीन पहाड़ मिले। दिल्ली को साफ-सुथरा बनाना मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की 10 गारंटी में से एक है।

### विधानसभा सत्र दस दिन का किया जाए: बिधूड़ी

**नई दिल्ली।** नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने विधानसभा के 16 अगस्त से बुलाए गए दो दिवसीय सत्र 10 दिन का करने का अनुरोध किया है। उन्होंने इस संबंध में विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल को पत्र लिखाकर कहा है कि दो दिन का सत्र राजधानी की समस्याओं पर चर्चा के लिए अपर्याप्त है। भाजपा विधायकों ने ही 12 ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा का नोटिस दिया है। इसलिए अधिवेशन की अवधि अवश्य बढ़ाई जाए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि विस अध्यक्ष को लिखे पत्र में उन 12 मुद्दों की चर्चा की है जिनपर चर्चा कराने के नोटिस भाजपा विधायकों ने विधानसभा को भेजे हैं। इनमें महिलाओं की सुरक्षा और अप्रिय घटनाओं को रोकने के नाम पर लगाए गए पेनिक बटन में करोड़ो का घपला, आधी रात को सतर्कता विभाग से भ्रष्टाचार के मामलों की फाइलों की हेराफेरी, मुख्यमंत्री के आवास के नवीनीकरण पर करोड़ों का खर्च किए।

# काशी विश्वनाथ की थीम पर होगा भव्य रामलीला का मंचन

- लव-कुश रामलीला में प्रसिद्ध फिल्मी सितारे निभाएंगे विभिन्न किरदार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी के लालकिला मैदान में होने वाला ऐतिहासिक लवकुश रामलीला इस बार काशी के बाबा विश्वनाथ धाम मंदिर की थीम के भव्य सेट पर होगा।

इसके अलावा प्रसिद्ध फिल्मी कलाकार विभिन्न भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह घोषणा रविवार को कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में आयोजित प्रेसवार्ता में लव कुश रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने यह जानकारी दी। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने सभी को




रामलीला मंचन में अहम किरदार निभा रहे हिंदी सिनेमा के जाने-माने स्टार व अन्य।

स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए बताया कि इस वर्ष रामलीला मंचन में अहम किरदार निभा रहे हिंदी सिनेमा के जाने-माने खलनायक बॉलीवुड स्टार मुकेश ऋषि प्रख्यात विद्वान दशानन रावण, बॉलीवुड एक्टर्स और जानी-मानी टीवी अभिनेत्री अमिता नांगिया महाबली रावण की पत्नी मंदोदरी, फिल्म एक्टर मोहित त्यागी रावण के भाई विभीषण, माया नगरी के जस्सी सिंह मेघनाद का किरदार निभायेंगे। इस अवसर पर अर्जुन कुमार ने फिल्मी कलाकारों को मीडिया से रूबरू कराया। अर्जुन ने बताया कि लालकिला मैदान में इस वर्ष होने वाली भव्य रामलीला में लेटेस्ट टेक्निक के इस्तेमाल किया जाएगा। रामलीला में पहली बार काशी के बाबा विश्वनाथ धाम मंदिर की थीम पर बनने वाले भव्य सेट का निर्माण वाराणसी, मथुरा, राजस्थान एवं हरियाणा के अनुभवी कारीगरों द्वारा तैयार किया जा रहा है। 150 फीट लंबा 65 फीट ऊंचा बने इस भव्य सेट पर शिव धाम में इस वर्ष रामलीला होगी। मंचन के भव्य सेट पर 31 फीट का कैलाश पर्वत और घने जंगल का सेट बनाया जाएगा।

कमेटी के महासचिव सुभाष गोयल ने बताया कि इस बार मुंबई फिल्म नगरी के नामी ड्रेस डिजाइनर विष्णु पाटिल द्वारा लीला पात्रों की पोशाके तैयारी की जा रही है। लव कुश रामलीला कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्य भूषण ने कहा कि 15 से 25 अक्टूबर 2023 तक लगने वाले मेले में विभिन्न प्रांतों के व्यंजन उपलब्ध रहेंगे। इस अवसर पर प्रवीण सिंगल, कपिल रस्तोगी लीला मंत्री ने बताया कि लीला का लाइव टेलीकास्ट विभिन्न चैनलों के माध्यम से किया जाएगा।

### मुकेश ऋषि और अमिता नांगिया करेंगी शिरकत

इस वर्ष रामलीला मंचन में हिंदी सिनेमा जगत के जाने-माने खलनायक बॉलीवुड स्टार मुकेश ऋषि, बॉलीवुड एक्टर्स और जानी-मानी टीवी अभिनेत्री अमिता नांगिया, फिल्म एक्टर मोहित त्यागी, माया नगरी के जस्सी सिंह विभिन्न किरदार अदा करेंगे।



स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए फुल ड्रेस रिहर्सल करतीं छात्राएं।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह के कार्यक्रमों की फुल ड्रेस रिहर्सल

## महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री कमलेश ढांडा करेंगी ध्वजारोहण

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### सेक्टर-38 स्थित ताऊ देवीलाल स्टेडियम में होगा मुख्य समारोह

### विद्यार्थियों द्वारा वीर आल्हा-ऊदल की शौर्य गाथा पर आधारित राष्ट्र प्रेम की भावनाओं से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे

**जिला** स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह को भव्य रूप से आयोजित करने के लिए रविवार को समारोह के मुख्य आयोजन स्थल सेक्टर-38 स्थित ताऊ देवीलाल स्टेडियम में फुल ड्रेस रिहर्सल आयोजित की गई।

हरियाणा सरकार द्वारा पिछले वर्ष की गई नई पहल के तहत इस बार भी जिला में चार अलग-अलग जगह पर मंत्री व विधायक तिरंगा फहराएंगे। कार्यक्रम में हरियाणा की महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री कमलेश ढांडा मुख्य अतिथि होंगी। फुल ड्रेस रिहर्सल को डीसी निशांत कुमार यादव ने देखा और प्रतिभागियों को सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी-अपनी प्रस्तुति को आकर्षक बनाने के लिए विद्यार्थियों में होड़ लगी हुई है, जिसके लिए वे उमस भरी गर्मी की परवाह किए बगैर जीतोड़ मेहनत कर रहे हैं। स्वतंत्रता दिवस समारोह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अर्जुन नगर की छात्राओं द्वारा सरहद के प्रहरी थीम पर आधारित प्रस्तुति दी जाएगी। देव समाज विद्या निकेतन विद्यालय द्वारा जय हो व चक दे इंडिया गीत पर आकर्षक दुपट्टा ड्रिल का कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जैकबपुरा की छात्राओं द्वारा पंजाबी भांगड़ा व गिद्दा पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। समारोह में हमारे ऐतिहासिक वीरों की वीर गाथा से परिचय कराने के लिए आरबीएसएम स्कूल भोंडसी के विद्यार्थियों द्वारा वीर आल्हा-उद्दल की शौर्य गाथा पर आधारित राष्ट्र प्रेम की भावनाओं से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

कार्यक्रम के अंत में हरियाणवी संस्कृति में समय के साथ हो रहे बदलावों से रूबरू कराने के लिए राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुशांत लोक सेक्टर-43 के विद्यार्थियों द्वारा हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा। इस बार स्वतंत्रता दिवस समारोह में 8 टुकड़ियां परेड में भाग ले रही हैं, जिनका नेतृत्व एसीपी प्रियांशु दीवान कर रहे हैं।

# कम्प्यूटर, लैपटॉप पर अकीरा अटैक से ठगी का नया चलन शुरू

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

### इंटरनेट पर तेजी से फैल रहा है अकीरा नाम का रैनसमवेयर वायरस

### ठग पहले चुराते हैं डाटा फिर वापिस करने के बदले मांगते हैं फिरौती

**इंटरनेट** की दुनिया में भले ही कम्प्यूटर, लैपटॉप, मोबाइल को सुरक्षित करने के लिए अनेक सॉफ्टवेयर इजाद किए गए हों, लेकिन साइबर ठग दो कदम आगे चलते हुए ठगी के नये फार्मुले निकालकर अपने काम को अंजाम देते रहते हैं। ऐसे ही अब कम्प्यूटर, लैपटॉप पर अकीका नामक वायरस डालकर साइबर ठग लोगों से फिरौती मांगकर ठगी करने लगे हैं।

दरअसल, अकीरा रैनसमवेयर (अकीरा मालवेयर) वायरस व्यक्ति के कम्प्यूटर, लैपटॉप में पहुंचकर उनके निजी डाटा की चोरी कर रहा है। इस वायरस के माध्यम से डाटा चोरी करने के बाद साइबर ठग व्यक्ति से सौदेबाजी करते हैं। वे उनके निजी डाटा को सार्वजनिक करने की धमकी देते हैं। डाटा वापसी के लिए वे मोटी रकम की मांग करते हैं। उगाही करने का यह नया तरीका अभी नया आया है। इससे सावधान रहने की जरूरत है।

### डाटा व पूरी कंप्यूटर प्रणाली को कर देता है ब्लॉक

**यह** अकीरा रैनसमवेयर एक प्रकार का कंप्यूटर प्रोग्राम है जो अपने शिकार के डाटा को व पूरी कंप्यूटर प्रणाली को ही ब्लॉक करके यूजर को इसे उपयोग करने से रोक सकता है। यह अपने शिकार कंप्यूटर की फाईल्स/डेटा को कब्जे में लेने के बाद उसे नया एक्सटेंशन दे देता है। जो इंटरनेट यूजर्स इस अकीरा




रैनसमवेयर नामक वायरस की चपेट में आ रहे हैं, उनके डाटा को यह वायरस उन्हीं के कंप्यूटर में एनक्रिप्ट कर देता है। जिसके बाद यूजर अपने ही डाटा को ना तो देख पाता और न उसे उपयोग कर पाता। फिर साईबर ठग उसी डेटा को डी-क्रिप्ट यानी पहले के जैसा करने के बदले फिरौती के रूप में भारी-भरकम रकम की मांग करते हैं। जो भी यूजर इन साइबर ठगों को रुपये नहीं देता है, वे उसके डाटा को डार्क वेब पर सार्वजनिक कर देते हैं। यह वायरस कम्प्यूटर फाइलों को कब्जे में लेने के लिए एनक्रिप्शन के दौरान विंडो की एक्टिव सेवाएं बंद कर देता है। इससे एनक्रिप्शन प्र्रक्रिया में कोई व्यवधान या हस्तक्षेप नहीं कर पाता।

### गुरुग्राम पुलिस दे रही इससे बचने के सुझाव

**पुलिस** उपायुक्त दक्षिण सिद्धांत जैन का कहना है कि गुरुग्राम पुलिस साइबर ठगों द्वारा नित्त इजाद की जा रही ठगी की नई तकनीकों, तरीकों पर खास नजर रखती है। अकीरा रैनसमवेयर को लेकर गुरुग्राम पुलिस की ओर से लोगों को सुझाव दिए गए हैं कि ईमेल ओपन करके फाईल डाऊनलोड करते समय ध्यान रखें। सुनिश्चित करें कि ईमेल खोलकर जो फाईल आपने डाऊनलोड की है, क्या वही फाईल डाऊनलोड हुई है। अगर कोई अन्य फाईल डाउनलोड होती है तो उसको खोले बिना कम्प्यूटर से डिलीट कर दें। अपनी जरूरी फाईल्स/डेटा का उपडेटिड बैकअप रखें, ताकि साईबर ठग आपके डेटा को एनक्रिप्ट करके आपसे लें तो आप अपना डेटा/फाईल्स बैकअप अपने बैकअप से ले सकें।

### ऑपरेटिंग सिस्टम व एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर को अपडेट रखें

**पुलिस** उपायुक्त दक्षिण सिद्धांत जैन ने जागरुक करते हुए कहा कि अपने कम्प्यूटर/लैपटॉप पर सदैव एक्टिव एंटीवायरस इंस्टाल करके रखें, ताकि जब कम्प्यूटर सिस्टम पर किसी वायरस का अटैक हो तो एंटी वायरस उससे बचाव कर सके। ऑपरेटिंग सिस्टम व एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर को अपडेट रखें, ताकि साईबर अपराधी पुरानी कमियों का सहारा लेकर कंप्यूटर में घुसपैठ ना कर सकें। अनाधिकृत माध्यमों से अपने सिस्टम या एप्लिकेशन को अपडेट न करें और मजबूत पासवर्ड लगाकर रखें। किसी पॉप-अप पर क्लिक ना करें। टू-स्टेप ऑथेंटिकेशन एक्टिव करें व एंटी वायरस को रन करके सिस्टम को स्कैन करें। इंटरनेट का इस्तेमाल करते समय सावधान रहें, सुरक्षा के लिए बने प्रोटोकॉल का पालन करें, वायरस अटैक की रिपोर्ट सम्बन्धित ऑथोरिटी को दें। वायरस अटैक होने के बाद ठगों द्वारा मांगी जा रही रकम/फिरौती का भुगतान ना करें। कोई भी एप्लीकेशन/सॉफ्टवेयर/अन्य कोई भी फाईल (विडिओ/ऑडियो इत्यादि) डाऊनलोड करते समय अवश्य ही सुनिश्चित करें कि आपके द्वारा डाऊनलोड की गई फाईल का एक्सटेंशन किसी वायरस से सम्बन्धित या कोई अज्ञात एक्सटेंशन तो नहीं है।

# कैनविन की अपील पर कनव को क्राउड फंडिंग से 16 करोड़ रुपये का लगा टीका



बालक कनव को 16 करोड़ रुपये का टीका लगने की जानकारी देते डॉ. डीपी गोयल, नवीन गोयल व बच्चे के माता-पिता।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### मात्र 8 महीने की उम्र में माता-पिता को पता चली यह बीमारी

### डॉ. डीपी गोयल नवीन गोयल से संपर्क कर की थी मदद की अपील

**कैनविन** फाउंडेशन की अपील पर स्पाइनल मस्क्यूलर एट्रॉफी (एसएमए) नामक बीमारी से पीड़ित अब एक और बच्चे को 16 करोड़ रुपये का टीका लगा है। बच्चे को 8 महीने की उम्र में बीमारी के बारे में पता चलने पर माता-पिता ने कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डा. डीपी गोयल व सह-संस्थापक नवीन गोयल से मुलाकात करके सहयोग का अनुरोध किया था। आमजन से गोयल बंधुओं की अपील और क्राउड फंडिंग से एकत्रित हुए 16 करोड़ रुपये का टीका बच्चे को लग पाया है।

रविवार को कनव के पिता अमित जांगड़ा व उनकी पत्नी कनव को लेकर यहां कैनविन फाउंडेशन में पहुंचे। अमित जांगड़ा ने कहा कि उन्हें पता चला था कि एसएमए से पीड़ित बच्चे अयांश मदान की सहायता के लिए भी कैनविन फाउंडेशन आगे आया था। वे अयांश के माता-पिता से भी मिले और फिर कैनविन फाउंडेशन पहुंचे। उन्होंने डा. डीपी गोयल व नवीन गोयल का 16 करोड़ रुपये की फंडिंग जुटाने में सहयोग के लिए धन्यवाद किया। अब सभी के प्रयासों से कनव को भी 16 करोड़ रुपये का टीका लग चुका है। कैनविन फाउंडेशन के सह-संस्थापक नवीन गोयल ने कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र और इससे बाहर भी कैनविन फाउंडेशन लोगों की मदद कर रहा है। इस बात की खुशी है कि हम सबके प्रयासों, जनता से की गई अपील से अयांश के बाद कनव को देश के लोगों द्वारा दिए गए दान से 16 करोड़ रुपये का टीका लग गया है।

हमारा प्रयास यही है कि हम हर व्यक्ति के उपचार में काम आएं। कोई भी पीड़ित अगर कैनविन में आता है तो उसे निराश नहीं होने देना चाहते। डा. डीपी गोयल ने कहा कि कनव के माता-पिता एक जनवरी को कैनविन में आए थे। डॉ. डीपी गोयल ने कहा कि कैनविन फाउंडेशन का जिस उद्देश्य से गठन किया गया था, वह उद्देश्य लगातार पूरा हो रहा है। कैनविन आरोगय धाम में जहां निरंतर लोग अपना अच्छा उपचार करा रहे हैं, वहीं कनव जैसे बच्चों के उपचार में कैनविन भागीदार बनकर उनका जीवन बचाने का प्रयास कर रहा है।

# स्वास्थ्य कैंप आयोजित कर मनाया स्वतंत्रता दिवस



स्वास्थ्य जांच कराते कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर, मौके पर मौजूद अन्य पदाधिकारी।

**गुरुग्राम।** पूर्वांचल जन कृयाण संघ की ओर से पूर्वांचल भवन में रविवार को स्वतंत्रता दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर पूर्वांचल संघ के पदाधिकारी ने स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया, जिसमें सेंकड़ों लोगों ने पहुंचकर इसका लाभ लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर ने भी अपनी स्वास्थ्य जांच कराई और पूर्वांचल जन कृयाण संघ के पदाधिकारियों को इस तरह के कार्यक्रम करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर मौजूद पूर्वांचल जन कृयाण संघ के अध्यक्ष उपेंद्र राय संगठन सचिव अशोक सुमन उपाध्यक्ष देवी दयाल सचिव कंचन यादव गुलाब यादव रविंद्र यादव सुरेश यादव समेत संस्था के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। उपेंद्र राय ने बताया कि हम हर वर्ष स्वास्थ्य कैंप का आयोजन करते आए हैं।

संघ के प्रवक्ता डॉ. दीपक कुमार सैनी ने कहा कि क्षेत्र में लोगों को जो स्वास्थ्य सुविधा मिलनी चाहिए। सुविधाएं मौजूदा सरकार में नहीं मिल पा रही हैं। सरकारी अस्पतालों में लंबी लाइनों में लोगों को लगने के बाद भी इलाज नहीं मिल पा रहा। ऐसी स्थिति में क्षेत्र के सभी समाजसेवियों से आह्वान है कि लोग ज्यादा से ज्यादा संख्या में स्वास्थ्य कैंप आयोजित करें जिससे क्षेत्र में आम लोगों को ज्यादा से ज्यादा स्वास्थ्य लाभ मिल सकें।

# सोहना में स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां जबरदस्त तरीके से शुरु



सोहना के देवीलाल खेल स्टेडियम में स्वतत्रंता दिवस की तैयारियां को लेकर टेंट लगाने का कार्य शुरू।

**सोहना।** स्थानीय देवीलाल खेल स्टेडियम में मनाया जाने वाला स्वतंत्रात दिवस की तैयारियों शुरु। स्टेडियम के मैदान को समतल करने से लेकर टेंट लगाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। मंगलवार को स्थानीय देवीलाल खेल स्टेडियम में मनाया जाने वाला स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एसडीएम प्रदीप सिंह राष्ट्रीय झंडा फहराएंगे। इस बार राष्ट्रीय झंडा फ्हराने के लिए किसी विधायक या मंत्री को जिम्मेदारी नहीं दी गई है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 10 राजकीय व गैर राजकीय स्कूलों से आने वाले विद्यार्थी देशभक्ति व सांस्कृतिक सामुहिक व एकल कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे। स्वतंत्रता दिवस के इस कार्यक्रम में अलग-अलग विभागों को उनकी जिम्मेदारियां सौंप दी गई है। जिनकी संख्या 10 से 12 सरकारी विभाग इस कार्यक्रम में अपनी-अपनी भागीदारी को पूरा करेंगे। स्कूली विद्यार्थियों की ड्रस रिहर्सल होने के बाद तैयारी करने के आदेश जारी कर दिए है।

**टेंट व जमीन समतल की कवायद शुरु :** स्टेडियम में अतिथियो से लेकर गणमान्य नागरिक और दर्शकों के बैठने का पूरा प्रबंध किया जा रहा है। कार्यक्रम में भाग लेने वाले स्कूली विद्यार्थियों को बैठने का स्थान अलग से बनाया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत एसडीएम प्रदीप सिंह के राष्ट्रीय झंडा फ्हराने से की जाएगी। उसके बाद एनसीसी के विद्यार्थीं पुलिस की टुकड़ी के साथ राष्ट्रीय झंडा को सलामी प्रस्तुत करेंगे।

**अमर शहिदों के परिजनों को सम्मान :** हर वर्ष की भांति इस बार भी देश की सुरक्षा में अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले अमर शहिदों के सम्मान दिया जाएगा। यें सम्मान उनके परिजनों को एसडीएम प्रदीप सिंह द्वारा दिए जाएंगे।

# मेरी फसल, मेरा ब्योरा के तहत 3610 किसानों ने किया पंजीकरण

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**क्षेत्र** के 3610 किसानों ने खरीफ के मौसम में होने वाली अपनी फसलों का पंजीकरण कराया है। पंजीकरण प्रक्रिया में गांव हाजिपुर व रायसीना के 80 फीसदी किसानों ने पंजीकरण कराया। जबकि सरमथला, घंघौला, लोहसिंघानी समेत आसपास लगते अन्य गांवों के 30 फीसदी किसानों ने ही अपनी फसलों का पंजीकरण कराया है।

खरीफ के मौसम में होने वाली बाजरा, धान, कपास, दहलनी व तिलहनी फसलों का पंजीकरण कराने की प्रक्रिया 10 अगस्त को समाप्त हो चुकी है। इस बार क्षेत्र के 53 फीसदी किसानों ने अपनी फसलों का पंजीकरण कराया है। 47 फीसदी किसानों ने मेरी फसल, मेरा ब्योरा के तहत फसलों का पंजीकरण नहीं कराया।

सोहना खंड में 14 हजार 447 एकड़ जमीन पर किसान फसलों की पैदावार करता है। किसानों द्वारा पंजीकरण का लगभग आकड़ा इस वर्ष 60 फीसदी के लगभग रहा है। जिसमें कम से कम 25 फीसदी सरमथला व अधिक से अधिक 80 फीसदी हाजिपुर व रायसीना गांव के किसानों ने कराया है।

**पंजीकरण कम कराने वाले गांव :** जानकारी के अनुसार इस वर्ष गांव सरमथला, लोहसिंघानी, घंघौला, खत्रीका, जोहलाका, आदि में रहने वाले किसानों ने मेरी फसल, मेरा ब्योरा योजना के तहत अपनी फसलों का पंजीकरण कराने में रुची कम ली है।

जिसका कारण पिछले करीब एक माह पहले हुए भारी बारिश से खेतों में जलभराव तथा दूसरा इस क्षेत्र में वेयर हाउसों की बढती संख्या से किसान फसल पैदावार पर कम करोबार पर अधिक ध्यान देने लगा है। जिससे क्षेत्र के किसान कृषि से अपना लगाव कम करने लगे है। यही कारण रहा है कि इन गांवों में पंजीकरण का आकंड़ा 25 से 30 फीसदी ही रहा है। यह आकड़ा पहली बार इन गांवों में कम आया है। क्षेत्र का किसान द्वारा फसलों का पंजीकरण का आकड़ा हर वर्ष बढ़ता ही जा रहा है। जिसका लाभ किसानों के साथ-साथ सरकार को भी है। ताकि किसान मन लगाकर अपनी खेतीवाड़ी कर सके।

**(अरुण सोहलंकी-कृषि विभाग के खंड अधिकारी)**

# गढ़ी में 76 साल से टूर्नामेंट का संचालन गौरव की बात



गुरुग्राम के गांव गढ़ी-हरसरू में आजादी के उपलक्ष्य में टूर्नामेंट का शुभारंभ करने पहुंचे मुख्य अतिथि डॉ. विजय सिंह चौहान (लंबरदार) का स्वागत करते ग्रामीण।

**गुरुग्राम।** शिक्षाविद्, समाजसेवी डा. विजय सिंह चौहान (नंबरदार) ने कहा कि यह हम सबके लिए गौरव का विषय है कि गढ़ी गांव में पिछले 76 साल से टूर्नामेंट का आयोजन करके खेलों के प्रति युवाओं का रुझान बढ़ाया जाता है।

इस तरह से ऐतिहासिक कार्य करने के लिए आयोजनकर्ता बधाई के पात्र हैं। वे गढ़ी गांव में स्कूल के खेल मैदान में आजादी के उपलक्ष्य में आयोजित 77वें स्वतंत्रता दिवस टूर्नामेंट समारोह में बोल रहे थे।

इस उद्घाटन के अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता धर्म सिंह चौहान, मदन सिंह चौहान, एडवोकेट मनीष शर्मा, जगदीश शर्मा, महावीर प्रजापति, मनोज शर्मा, जय भगवान तथा गांव गढ़ी से मास्टर जयभगवान, मास्टर मुन्नी लाल, रामफट प्रजापत,काले प्रजापत,कालू सरपंच, कृष्ण प्रजापत, रविन्द्र डीके, मुरारी डीके, श्याम यादव, राजेन्द्र यादव कोच,राम सिंह कोच तथा शिशु शर्मा, कमेटी सदस्य मुकेश यादव, हैप्पी यादव, पंकज यादव,अक्षित याद, संजय यादव, अमित यादव जोगेंद्र यादव सहित अनेक गणमान्य और ग्रामवासी मौजूद रहे।

डा. विजय सिंह चौहान ने कहा कि बच्चों, युवाओं का मार्गदर्शन करने के लिए इससे बेहतर रास्ता नहीं हो सकता। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे जीवन का एक ध्येय निश्चित करके चलें। नशे की लत में जा चुके युवाओं से भी उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन जीने के लिए नशों को त्यागकर खेलों की तरफ आएं। खेल शारीरिक रूप से फिट रखने के साथ मानसिक रूप से भी मजबूती देते हैं। इस टूर्नामेंट में पहले दिन फुटबाल, दूसरे दिन कबड्डी और तीसरे दिन कुश्ती के मुकाबले होने हैं। प्रथम स्थान पर आने वाली टीम या खिलाड़ी को नगद पुरस्कार एक लाख रुपये, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली को 71 हजार, तृतीय स्थान पर आने वाली टीम को 11 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। कुश्ती में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को 51 हजार रुपये का नगद पुरस्कार दिया जाएगा।

# अंग्रेजों की फूट डालो राज करो की नीति पर हुआ देश का विभाजन: प्रो. जगदीश

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### असम के निवर्तमान राज्यपाल ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर कही यह बात

### बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने भी की कार्यक्रम में शिरकत

**विभाजन** विभीषिका स्मृति दिवस समिति की ओर से यहां एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में असम के निवर्तमान राज्यपाल प्रो. जगदीश मुखी ने शिरकत की। अध्यक्षता हरियाणा भाजपा अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने की। विशेष अतिथि के रूप में भाजपा की जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ मौजूद रहीं।

कार्यक्रम में अतिथियों के साथ डॉ. परमेश्वर अरोड़ा, निवर्तमान पार्षद सीमा पाहुजा, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष तिलक राज मल्होत्रा और विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस आयोजन समिति के सदस्य बोधराज सीकरी ने 1947 विभाजन के शहीदों को नमन कर श्रद्धाजंलि अर्पित की। कार्यक्रम की भव्यता से बोधराज सीकरी ने पंजाबियत की एकता का एक ज्वलंत उदाहरण पेश किया। मुख्य अतिथि प्रो. जगदीश मुखी ने बोधराज सीकरी के मंच संचालन की प्रशंसा की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मैं उन 10 लाख बहनों-भाइयों के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं, जिन्होंने आजादी मिलने के पश्चात अपने जीवन को बलिदान किया। प्रो. मुखी ने कहा कि दो व्यक्तियों के सपने को साकार करने के लिए और अंग्रेजों की फूट डालो राज करो कि नीति के आधार पर देश का विभाजन किया गया। प्रो. जगदीश मुखी ने अपने वक्तव्य से बुजुर्गों के जख्मों पर मरहम लगाने का काम किया।

### विभाजन त्रासदी से आजादी के बाद का साहित्य भरा पड़ा : धनखड़

**भाजपा** प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने देश के विभाजन के बाद हुए रक्तपात में मारे गए लोगों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा



विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि।

कि देश का विभाजन ऐसी त्रासदी है, जिस पर आजादी के बाद का साहित्य भरा पड़ा है। अब यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम आने वाली पीढ़ियों को उस वक्त की कहानियां सुनाएं, ताकि उन्हें पूर्वजों के संघर्ष और बलिदान के बारे में जानकारी हो। धन्यवाद प्रस्ताव में भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने अपने नाना-नानी की दर्द भरी कहानी को बयां किया। कन्हैया लाल आर्य ने भी वक्तव्य में अपनी आप बीती सुनाई। उन्होंने कहा कि इस विभाजन की त्रासदी के लिए कांग्रेस भी उतनी ही दोषी है, जितना जिन्ना है। इस अवसर पर विभाजन में जान गंवाने वाले शहीदों की याद में कैंडल मार्च भी निकाली गई। उनकी स्मृतियों को ताजा करने के उद्देश्य से प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया।

### कांग्रेस ने शहीदों को गुमनामी के अंधेरे में धकेला: बोधराज सीकरी

**विभाजन** विभीषिका स्मृति दिवस आयोजन समिति के सदस्य बोधराज सीकरी ने कहा कि कांग्रेस ने शहीदों को गुमनामी के अंधेरे में धकेलने का घोर पाप किया है। उन्होंने कहा कि पंजाबियत की परिभाषा है रूहानियत और इंसानियत। यदि सच्चा पंजाबी होगा तो उसके अंदर रूहानियत भी होगी, अध्यात्मवाद भी होगा। उन्होंने गुमनाम शहीदों को अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए और ओमप्रकाश धनखड़ के माध्यम से सरकार से आग्रह किया कि गुमनाम शहीदों को अधिकारिक रूप से शहीद होने का दर्जा दिया जाए। विस्थापन का दंश झेलने वाले 80 साल से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों को कार्यक्रम में सम्मानित भी किया गया। इन बुजुर्गों में 8 से 10 ऐसे बुजुर्ग भी शामिल रहे, जिनकी उम्र 90 से 95 वर्ष के बीच है। कार्यक्रम के संयोजक के रूप में सुभाष अरोड़ा और सह-संयोजक के रूप में धर्मेंद्र बजाज ने अपनी जिम्मेदारी निभाई।

कार्यक्रम में सुभाष अरोड़ा, धर्मेंद्र बजाज, रामलाल ग्रोवर, सुमित अरोड़ा, गजेंद्र गोसाई, किशोरी लाल डुडेजा, रमेश कुमार, अनिल कुमार, सुखदेव, रमेश कामरा, रवि मनोचा, कंवर भान वधवा, सुरेंद्र खुल्लर, रमेश चुटानी, सुभाष गांधी, धर्म सागर, अशोक सीकरी, प्रमोद सलूजा, ज्योत्सना बजाज, सुरेश सीकरी, डॉ. अलका शर्मा, ज्योति वर्मा, रचना बजाज, रमेश मुंजाल, मीनाक्षी मुंजाल, ओमप्रकाश कालड़ा, एकता कामरा, रमेश कालड़ा, अशोक आर्य, सुषमा आर्य, जितेंद्र कुमार, दिनेश नागपाल, नरिंदर यादव, राम किशन गांधी, चरणजीत अरोड़ा, विद्या सागर, दलीप लूथरा, मनीष गाड़ोली, महेश यादव, मीनाक्षी अरोड़ा, विजया अरोड़ा, सुषमा मित्रा, शील सीकरी, अनिल यादव, राजीव छाबड़ा, विष्णु खन्ना, दीपक वर्मा, सुभाष अदलखा, रमेश कामरा, रमेश कालरा, अशोक आहूजा, सतीश आहूजा, नरेश चावला, अभिषेक खनेजा, वैभव जैन समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 14 अगस्त, 2023



# खेल खेल में संघ दे रहा युवाओं को संस्कार व विषम परिस्थितियों से निपटने की शिक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

## रविवार को नवादा स्थित स्टेडियम में कार्यक्रम आयोजित



**असंख्य** नौजवानों के बलिदान एवं असंख्य माता बहनों के सिंदूर व अस्मिता की कीमत पर देश 15 अगस्त 1947 को विदेशी दासता से मुक्त हुआ। लेकिन जिस भारत के लिए संघर्ष किया गया था, बलिदान दिए गए थे, फांसी के फंदे चूमे गए थे, वो भारत नहीं मिला, मिला भी तो खंडित भारत मिला। इसलिए हमें अपने परम पुनीत भारत राष्ट्र को पुन: अखंड बनाना है और हम इसे बनाकर रहेंगे।

उक्त विचार रविवार को नवादा स्थित स्टेडियम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कॉलेज विद्यार्थियों द्वारा आयोजित खेल संगम कार्यक्रम के अवसर पर संघ के हरियाणा प्रांत कॉलेज विद्यार्थी प्रमुख डॉ. प्रवीण ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए व्यक्त किये।

उन्होंने कहा कि हमारा देश कभी विश्वगुरु कहलाता था, सोने की चिड़िया कहलाता था, दुनियाभर से लुटेरे भारत को लूटने आते रहे, राजे रजवाड़ों में बंटे हुए यहां के राजा अपने अपने स्तर पर उन विदेशियों से लड़ते रहे। लेकिन आपस में एकता, सामंजस्य एवं राष्ट्रीयभाव के अभाव के चलते अपना देश पराधीन हो गया था। दुर्भाग्य से आज भी बहुत सी ऐसी ताकतें हैं जो निरंतर भारत की एकता व अखंडता के विरुद्ध षडयंत्र रचते रहते हैं। इसलिए समस्त हिंदू समाज को जागृत एवं संगठित होकर उन देश विरोधी शक्तियों को परास्त करना है और पुन: अपने राष्ट्र को विश्वगुरु के स्थान पर सुशोभित करना है।

ज्ञात हो कि नवादा गांव स्थित स्टेडियम में संघ के कॉलेज विद्यार्थी स्वयंसेवकों की ओर से खेल संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसमें नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र से नौवीं कक्षा से ऊपर के 266 विद्यार्थियों ने भाग लिया। राम दल और श्याम दल नाम से दो टीमें बनाई गईं। दोनों टीमों को खेलते खेलते कई टास्क दिए गए इनमें बाधा दौड़, कुश्ती, कीचड़ में से लेटकर निकलना, आग के ऊपर से कूदकर निकलना, बर्फ की सिल्लियों पर लेट कर चलना, मेंढकों से बचकर निकलना, घुड़सवारी और अंत में मटकी फोड़ना।

इन सभी कार्यक्रमों में भारत माता की जय और वंदे मातरम का उद्घोष करते हुए स्कूल एवं कॉलेज विद्यार्थी बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ भाग ले रहे थे। इस अवसर पर संघ के बल्लभगढ़ जिला संघ चालक डॉ. चंद्रशेखर, जिला कार्यवाह संतोष, सह जिला कार्यवाह अभिनव, सह जिला कार्यवाह कुशल पाल, विभाग शारीरिक प्रमुख मोहन, सह जिला सेवा प्रमुख राजेंद्र गोयल, अधिवक्ता राज कुमार शर्मा आदि सहित सैकड़ों स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# दलितों के अधिकारों का हनन कर रही भाजपा सरकार : ललित नागर

## पूर्व विधायक ने बदरपुर सैद में सुनीं लोगों की समस्याएं

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**तिगांव** विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक ललित नागर ने कहा कि भाजपा सरकार में हो रही बेहताशा महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। सब्जियों, खाद्य वस्तुओं, रसोई गैस की कीमतों सहित पेट्रोल-डीजल के दामों में हो रही वृद्धि ने लोगों के समक्ष परिवार के भरण पोषण की चिंता पैदा कर दी है। दूसरे प्रदेशों से यहां रहने आने वाले मजदूरों, कर्मचारियों व कमजोर वर्ग के लोगों के लिए दो वक्त की रोटी जुटा पाना एक संघर्ष हो गया है, बावजूद इसके भाजपा विकास की बड़ी-बड़ी बातें करके लोगों को गुमराह करने में लगी है। लेकिन जनता अब इनकी लोक लुभावनी बातों में आने वाली नहीं है। श्री नागर गांव बदरपुर सैद की हरिजन चौपाल पर आयोजित सभा में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान स्थानीय निवासियों ने पूर्व विधायक ललित नागर के समक्ष गांवों की समस्याएं रखते हुए कहा कि यहां पानी निकासी न होने से मच्छर-मक्खी पनपने लगे हैं, जिससे लोग बीमार हो रहे हैं। वहीं सरकारी स्कूल में अध्यापकों की कमी है, जिससे बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। पूर्व की हुड्डा सरकार में गरीबों को 100-100 वर्ग गज के प्लॉट दिए गए थे और मकान बनाने के लिए एक-एक लाख रूपए की आर्थिक मदद भी की गई थी। वहीं घर-घर पानी की टंकी लगवाई गई थी और बच्चों के वजीफे व किताब-पेंसिलें सहित पाठ्य सामग्री दी गई थी। वहीं किसानों को भी राहत प्रदान की गई थी, लेकिन भाजपा सरकार ने नौ सालों में उनके लिए कुछ नहीं किया। लोगों की बातें सुनने के बाद पूर्व विधायक ललित नागर ने कहा कि भाजपा की कथनी करनी में जमीन आसमान का अंतर है, जो वायदे चुनावों के दौरान जनता से किए गए थे, वो वायदे आज तक पूरे नहीं हुए। लिहाजा तिगांव सहित समूचा हरियाणा प्रदेश आज विकास से महरूम है और मूलभूत सुविधाओं के लिए लोग त्राहि-त्राहि कर रहे है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने सदैव दलितों के अधिकारों का हनन किया है, यही कारण है कि आज दलित व गरीब तबके के लोग इस सरकार में विकास से त्रस्त है। श्री नागर ने लोगों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनने पर उनकी सभी समस्याओं का जड़मूल से समाधान किया जाएगा और हर गरीब, मजदूर व पिछड़े को आर्थिक रूप से मजबूत कर समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया जाएगा। इस मौके पर बिरमा नंबरदार, देवशरण, रहीसपाल, गरीबा, रतिराम, दौलतराम, रमेश, राधे, चमन मौजूद थ।

# महिला को जेठ ने दुष्कर्म करके मारने की धमकी दी

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

## मामले में डीएसपी स्तर के अधिकारियों ने की थी मामले की जांच, गिरफ्तारी के प्रयास तेज किए

**रात** को महिला से उसके जेठ ने मुंह में कपड़ा ठूंसकर दुष्कर्मकिया। घटना के वक्त महिला दूसरे फ्लोर पर स्थित अपने कमरे में सो रही थी। महिला थाना पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर जेठ के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

महिला थाना प्रभारी सुशीला देवी ने बताया कि घटना उटावड़ थानाक्षेत्र के एक गांव की है। विवाहिता ने शिकायत में कहा कि उसके पति किसी केस में जेल में बंद हैं। वह बच्चों के साथ गांव में रहती है। नौ अगस्त को पीड़िता सुबह अपने खेतों से पशुओं का चारा लेने के लिए गई थी। उसी दौरान उसका जेठ वहां पहुंच गया और उसे पीछे से पकड़ लिया। उसने शोर मचाया तो आरोपी जेठ वहां से धमकी देकर भाग गया।

फिर उसी रात जेठ ने उसके मुंह में कपड़ा ठूंस कर दुष्कर्म कर दिया। यही नहीं, किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने पुलिस को बताया जब उसका पति जेल नहीं गया था, तब भी आरोपित उसके साथ दो-तीन बार ऐसी वारदात को अंजाम दे चुका है।

बताया जा रहा है कि इस मामले में पहले भी पुलिस को शिकायत दी गई थी। शिकायत के आधार पर वूमेन सेल जांच कर रही है। जांच के आधार पर इस केस में डीएसपी स्तर के अधिकारियों ने भी जांच पड़ताल की थी। महिला थाना प्रभारी सुशील देवी ने कहा है कि पुलिस ने अभी तो एफआइआर दर्ज कर ली है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जो औपचारिक कार्रवाई की जानी है, वह की जा रही है।

# अस्पताल में विद्यार्थियों के लिए दंत चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

## स्वस्थ दांत ही हैं स्वस्थ शरीर व मन का आधार : डॉ. रामेश्वरी

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल



**राष्ट्रीय** बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तत्वावधान में जिला नागरिक अस्पताल पलवल दंत विभाग में सिविल सर्जन डॉ. नरेश कुमार गर्ग के दिशा निर्देशन व डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. रामेश्वरी के मार्गदर्शन में स्कूल के विद्यार्थियों के लिए मुख व दंत चिकित्सा शिविर लगाया गया।

शिविर में बच्चों के मुंह व दांतों से संबंधित रोगों की जांच व चिकित्सा की गई। शिविर में दंत चिकित्सक डॉ. आस्था, डॉ. अंजू व डॉ. ज्योति द्वारा बच्चों के मुंह, मसूड़ों व दांतों की जांच व चिकित्सा की गई। शिविर में निंशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं।

शिविर में दांतों में केविटी होना, दांतों में कीड़ा लगना, दांतों का पीलापन, मसूड़ों में सूजन व मसूड़ों से खून आना आदि रोगों की जांच व चिकित्सा की गई। डिप्टी सिविल सर्जन एवं डेंटल सर्जन डॉ. रामेश्वरी ने बच्चों को मुंह के कैंसर के लक्षण, कारण, बचाव व उपचार के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को बीड़ी, सिगरेट व शराब न पीने तथा तंबाकू, गुटखा न खाने के लिए प्रेरित किया। दंत चिकित्सक डॉ. आस्था ने बच्चों को ब्रश करने की विधि के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिन में दो बार सुबह खाना खाने के बाद व रात को सोने से पहले ब्रश अवश्य करें।

# पत्नी को अपशब्द कहने पर गार्ड ने की थी ट्रक चालक की हत्या


**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**क्राइम** ब्रांच-65 टीम ने आईएमटी मच्छगर में ट्रक ड्राइवर विकल की हत्या के मामले में आरोपी सिक्योरिटी गार्ड अमित को गुरुग्राम के सोहना से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में अमित ने बताया कि उसकी पत्नी का वीडियो कॉल आया था और विकल ने शराब के नशे में उसे अपशब्द कहे थे। इसी को लेकर विकल को शराब पिलाकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर दो दिन की रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान आरोपी के कब्जे से मृतक के पैसे, मोबाइल व वारदात में प्रयोग मोटरसाइकिल बरामद की जाएगी।

क्राइम ब्रांच-65 के प्रभारी ब्रह्म प्रकाश ने बताया कि 31 वर्षीय आरोपी अमित मूलरूप से अलीगढ़ का रहने वाला है और फिलहाल मच्छगर गांव में रह रहा था। आरोपी अमित और मृतक विकल सेक्टर-68 स्थित एक कंपनी में साथ काम करते थे। अमित कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था और विकल ट्रक ड्राइवर था। 28 जुलाई की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि मच्छगर के पास झाड़ियों में एक युवक का शव पड़ा है। सूचना मिलते ही मौके पर थाना प्रबंधक सदर महह्यह्येंद्र पाठक टीम के साथ पहुंचे। डीसीपी बल्लभगढ़ राजेश दुग्गल, एसीपी तिगांव राजेश लोहान, क्राइम ब्रांच-65, डीएलएफ और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची थी। मृतक की पहचान यूपी के रामपुरा निवासी विकल के रूप में हुई। क्राइम ब्रांच द्वारा आसपास की सीसीटीवी फुटेज खंगाली गईं। मृतक के परिजनों के मुताबिक, विकल अक्सर फरीदाबाद सामान लेकर आता था और साथियों के साथ ही रहता था। 22 जुलाई को कंपनी से गाड़ी लेकर निकला था, लेकिन उसके बाद घर नहीं लौटा। परिजनों ने 26 जुलाई को गुमशुदगी की सूचना दी, जिसके आधार पर सदर बल्लभगढ़ थाने में गुमशुदगी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके तलाश शुरू की गई थी। उसका शव मिलने के बाद पुलिस द्वारा मामले में हत्या की धाराएं जोड़ दी गईं। क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी को सोहना से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि 23 जुलाई को विकल ट्रक लेकर कंपनी में आया था। इसी कंपनी में आरोपी अमित सिक्योरिटी गार्ड था। शाम को अमित तथा विकल ने इकट्ठे ट्रक के केबिन में शराब पी। शराब पीने के बाद अमित के कमरे में चले गए। अमित की पत्नी गांव में रहती है। रात में अमित की पत्नी की वीडियो कॉल आई थी। इसी दौरान अमित की पत्नी को देखकर विकल ने शराब के नशे में उसे अपशब्द कहे, जिससे अमित को गुस्सा आ गया था। अमित ने इसी रंजिश में विकल को मारने की साजिश रचकर मार डाला।

# एमवीएन विश्वविद्यालय में सामुदायिक फार्मासिस्ट के लिए वेबिनार का आयोजन







**पलवल।** एमवीएन विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज ने इंडियन फार्मेसी ग्रेजुएशन एसोसिएशन की 50वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में उनके सहयोग से सामुदायिक फार्मासिस्टों के लिए रेगुलेटरी अपडेट्स विषय पर वेबिनार का आयोजन किया।


इस अवसर पर फार्मेसी जगत की जानी मानी हस्ती डॉक्टर अरुण गर्ग, कुलपति एमवीएन विश्वविद्यालय, नरेंद्र, विवेक आहूजा प्रोफेसर प्रेक्टिस एमवीएन और भूतपूर्व वरिष्ठ औषधि नियंत्रक हरियाणा, अमनदीप सिंह चौहान वरिष्ठ औषधि नियंत्रक गुरुग्राम, राकेश धैया वरिष्ठ औषधि नियंत्रक एवं लाइसेंसिंग प्राधिकरण एफडीए हरियाणा ने अपने विचार सभी के सामने रखे।

डॉक्टर अरुण गर्ग ने सभी को डायबिटीज और उसके कारण होने वाली अन्य बीमारियों के बारे में विस्तार से बताया। अमनदीप सिंह चौहान ने दवा मूल्य निर्धारण नीति के बारे में समझाया। राकेश धैया ने कहा कि हम सभी सबसे पहले एक फार्मासिस्ट हैं और हमें फार्मासिस्ट होने पर गर्व महसूस करना चाहिए।

उन्होंने ये भी कहा कि जो फार्मासिस्ट के लिए शपथ बनाई हुई है, हम सभी को उसपर भी ध्यान देना चाहिए। अंत में नरेंद्र विवेक आहूजा ने कहा कि इस प्रकार के वेबिनार हम निरंतर समय पर करते रहेंगे, ताकि फार्मासिस्ट फार्मेसी में समय समय पर होने वाले परिवर्तन से रूबरू हो सकें। इस कार्यक्रम की मध्यस्ता डॉक्टर तरुण विरमानी ने की। डॉक्टर योगेंद्र सिंह और संजीव नागपाल ने इसे सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

# जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस की फाइनल रिहर्सल में प्रतिभागियों ने बहाया पसीना





**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**डीसी** विक्रम सिंह ने रविवार को 77वें जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस की फाइनल रिहर्सल में ध्वजारोहण किया। फाइनल रिहर्सल में स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन के लिए डीसी विक्रम सिंह ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए। वहीं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पांच टीमें जिलास्तरीय समारोह में फरीदाबाद हेलीपैड ग्राउंड पर और पांच टीमें बड़खल में तथा अन्य टीमों ने बल्लभगढ़ में फुलड्रेस रिहर्सल में प्रस्तुतियां दीं। बड़खल और बल्लभगढ़ में एसडीएम पंकज सेतिया और त्रिलोकचंद ने फाइनल रिहर्सल में ध्वजारोहण किया। समारोह को लेकर जिला प्रशासन द्वारा पुख्ता तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जहां पांच सांस्कृतिक टीमें जिला स्तरीय समारोह में फरीदाबाद हेलीपैड ग्राउंड और उपमंडल स्तर पर पांच टीमें बड़खल में तथा अन्य टीमें बल्लभगढ़ में फुलड्रेस रिहर्सल में प्रस्तुतियां दी गईं। डीसी विक्रम सिंह के निर्देश पर सेक्टर-12 हेलीपेड ग्राउंड में परेड व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रिहर्सल की गई। जहां डीसी स्वयं ने परेड की सलामी ली।

जिला स्तरीय व उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की फाइनल रिहर्सल रविवार को सेक्टर-12 स्थित हेलीपैड ग्राउंड में आयोजित की गई है। इसके अलावा सबडिविजनल स्तर पर बल्लभगढ़ के दशहरा ग्राउंड में बल्लभगढ़ में और बड़खल के लिए बड़खल के दशहरा ग्राउंड में फाइनल रिहर्सल आयोजित की गई है।

आपको बता दें कि फरीदाबाद में प्रदेश के प्रिंटिंग एवं स्टेशनरी राज्यमंत्री संदीप सिंह ध्वजारोहण करेंगे, बल्लभगढ़ में विधायक सीमा त्रिखा व बड़खल में विधायक दीपक मंगला ध्वजारोहण करेंगे। समारोह के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनआईटी- 2, देशभक्ति गीत मिले सुर मेरा तुम्हारा, राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा, देश भक्ति गीत तेरा जलवा जलवा, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, ओल्ड फरीदाबाद, राजस्थानी डांस कालो कूद पड़ो मेला में, डायनेस्टी इंटरनेशनल स्कूल, देशभक्ति गीत यह देश है वीर जवानों का और राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनआईटी- 5, हरियाणवीं मैं सू हरियाणे की छोरी की छात्र छात्राओं ने बहुत ही सुंदर प्रस्तुतियां दी गईं। वहीं हरियाणा पुलिस पीएसआई दीपक लोहान के नेतृत्व में हरियाणा पुलिस के जवान, एएसआई निशा राजपूत की अगुवाई में हरियाणा पुलिस की महिला जवान शामिल रहेंगे।

# संक्षिप्त समाचार

## डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में मनाया इनवेस्टिचर सेरेमनी



**पलवल।** डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल पलवल में 77वां स्वतंत्रता दिवस एवं अभिषेक समारोह जोर-शोर से मनाया गया। मुख्य अतिथि लोकेंद्र सिंह आईपीएस एसपी पलवल ने प्रधानाचार्या सीमा राजवंशी के साथ ध्वजारोहण किया। तदोपरांत गणेश वंदना की प्रस्तुति द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। लोकेंद्र सिंह ने सैश एवं बैज पहनाकर स्टूडेंट्स काउंसिल के बच्चों को सम्मानित किया एवं शपथ ग्रहण करवाई। मुख्य अतिथि एवं प्रधानाचार्या ने विद्यालय का ध्वज हेडबॉय यश और हेड गर्ल अंशिका के हाथों में देकर विद्यालय के प्रति उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया। बच्चों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि उन्होंने जो शपथ ली है, उसका मान रखना है। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए बच्चों को देश की सेवा करने के लिए तत्पर रहने की प्रेरणा दी। इसके पश्चात आजादी के दिन को मनाते हुए बच्चों ने देशभक्ति सामूहिक नृत्य, सामूहिक गीत, सामूहिक गान प्रस्तुत किये। नन्हे बच्चों ने स्वतंत्रता सेनानियों का रूप लेकर उनकी प्रस्तुति दी। विद्यालय में चारो तरफ वंदे मातरम एवं भारत माता की जय के नारे गूंज रहे थे। इसी अवसर पर विद्यालय में एक समावेश कार्यक्रम के तहत शौर्या फाउंडेशन के दिव्यांग बच्चों को आमंत्रित किया गया। विद्यालय के बच्चों ने दिव्यांग बच्चों के साथ मिलकर पेंटिंग बनाई। नृत्य एवं संगीत के कार्यक्रम भी मिलकर किए। आजादी के इस पावन पर्व पर मुख्य अतिथि, प्रधानाचार्या एवं बच्चों ने मिलकर पौधारोपण भी किया। सभी अतिथिगण, अभिभावकगण, स्टाफ एवं बच्चों को धन्यवाद करते हुए प्रधानाचार्या ने कहा सच्चा देश प्रेम हमें एक साथ मिलकर रहने की प्रेरणा देता है। संपूर्ण विद्यालय देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया।

## आरडब्लूए ब्लॉक डी2 सेक्टर-10 में कूड़े के ढेर को साफ कराया



**फरीदाबाद।** ब्लॉक डी-2 सेक्टर-10 के पार्क अस्पातल के सामने चार प्लाटों में करीब 15 साल से गंदगी के ढेर लग गए थे। जिसकी वजह से सेक्टर वासियों का निकला व रहना मुश्किल हो रहा था। इस गंगदी से ब्लॉक मे प्रदूषण फैल रहा था। इस समस्या के निवारण के लिए कार्यकारी की बैठक में निर्णय लिया गया कि सबसे पहले इस समस्या से डी 2/के निवासियों को निजात दिलाने का कार्य किया जाए। इस गंदगी को उठाने मे दो जेसीबी पांच ट्रक को पांच दिन का समय लगा। आरडब्ल्यू प्रधान जगजीत सिंह नैन ने कहा किसी ने भी दुबारा इन प्लाटों में गंदगी डाली तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और मौके पर ट्रक या ट्रैक्टर गंदगी फैलता मिला तो उस को पकड़कर थाने में पहुंचा दिया जाएगा। वरिष्ठ अधिवक्ता शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट ने कहा कि ब्लॉक हो या शहर किसी को भी गंदगी व कूड़ा शहर में फैलाने नहीं दिया जाएगा। ब्लॉक डी टू के महासचिव इंजीनियर अनूप वशिष्ठ एडवोकेट ने कहा कि प्रशासन से किसी भी सहयोग की जरूरत पड़ी तो लिया जायेगा।

## सेक्टर-21ए में सीवर ओवरफ्लो होने से लोगों का जीवन बेहाल





**फरीदाबाद।** उद्यमियों, उद्योगपतियों एवं फरीदाबाद की मशहूर हस्तियों के निवास स्थान के लिए मशहूर सेक्टर-21ए वीआईपी सेक्टरों में गिना जाता है। लेकिन जब सेक्टर के प्रवेश द्वार पर ही सीवर ओवरफ्लो हो रहा है तो यह हमारे नगर निगम प्रशासन, जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों की लापरवाही को दर्शाता है। स्थानीय निवासी गुलशन गुलाटी, युगल किशोर शर्मा ने बताया कि गेट नंबर-2 से पूरे दिन सैकड़ों वाहनों, राहगीरों एवं आमजन का आवागमन लगा रहता है। युगल किशोर शर्मा ने समस्या को फरीदाबाद 311 ऐप के माध्यम से भी भेजा है। किंतु इस सीवर ओवरफ्लो की समस्या से सब तंग जा चुके हैं। यहां ट्रैफिक पुलिस के सिपाही 12-15 घंटे ड्यूटी देते हैं। जिससे उनको भी बदबू झेलनी पड़ रही है। उन्होंने मांग की है कि नगर निगम आयुक्त कार्यकारी अभियंता, संबंधित जेई एवं एसडीओ समस्या को संज्ञान में लेकर सुपर सोकर मशीन से सीवर ओवरफ्लो ठीक करवाने की व्यवस्था करें।

## फेरी लगाकर अचार बेच रहे युवक से कैश लूटा

**पलवल।** बाइक पर फेरी लगाकर अचार बेचने वाले से बाइकर्स द्वारा मारपीट कर नकदी लूट ली। हसनपुर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर एक नामजद सहित चार के खिलाफ रास्ता रोककर मारपीट कर लूटपाट करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि लुटेरों की तलाश में पुलिस की टीम जुटी हुई है, जल्द ही लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। हसनपुर थाना के जांच अधिकारी शिवचरण के अनुसार, जिला मैनपुरी (यूपी) के बृजपुर गांव (हाल होडल) निवासी राजपाल ने दी शिकायत में कहा है कि वह बाइक पर अचार बेचकर अपना व परिवार का पालन पोषण करता है। पीड़ित अपनी बाइक पर अचार लेकर बेचने के लिए नखरौला गांव से मीरपुर कौराली की तरफ जा रहा था। उसी दौरान एक बाइक पर चार युवक सवार होकर आए और उसका रास्ता रोककर उसे घेर लिया। उसके रुकते ही एक युवक ने अपने हाथ में लिया हुआ देसी कट्टा उसकी कनपटी पर लगा दिया। दूसरे ने पीछे से उसके दोनों हाथ पकड़ लिए। जिसके बाद उन्होंने उसकी बाइक की चाबी लूटकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। जेब से 4270 रुपए लूट लिए। आरोपी जब उससे मारपीट व लूटपाट कर भाग रहे थे, तभी बचाओ-बचाओ का शोर मचा दिया। इसी दौरान खेत में कार्य कर रहा किसान वहां पहुंच गया। जिसने बाइक सवार चार युवकों में एक को पहचान लिया। जिसका नाम पता गुलावद गांव निवासी बाजा था, जो बाइक चला रहा था। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर बाजा सहित चार युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## रोटरी क्लब ग्रेस के प्रधान चुने गए संजीव शर्मा




**फरीदाबाद।** रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद ग्रेस की इंस्टॉलेशन सेरेमनी का कार्यक्रम सीकरी स्थित चिराग रिसॉट में आयोजित किया गया। जिसमें रोटेरियन संजीव शर्मा को वर्ष 2023-24 के लिए प्रधान चुना गया है। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन जितेंद्र गुप्ता मुख्य अतिथि, एजी रोटेरियन योगेश गुप्ता, रोटेरियन गौतम चौधरी, डिस्ट्रिक सेक्रटरी सुरेश चंदर ने विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर जितेंद्र गुप्ता ने रोटेरियन संजीव शर्मा को प्रधानाचुने जाने पर बधाई देते हुए उनसे रोटरी के उद्देश्यों के अनुरूप समाज कल्याण में अधिक से अधिक सेवा कार्य करने का मार्गदर्शन दिया। संजीव शर्मा ने अपने सभी सीनियर रोटेरियन पदाधिकारियों, निवर्तमान प्रधान अनुभव माहेश्वरी व उनकी पिछली टीम का आभार प्रकट करते हुए सबको आश्वासन दिया कि वे सभी का साथ व मार्गदर्शन लेकर पुरानी टीम द्वारा चलाए जा रहे सेवा कार्यों को जारी रखेंगे।

# अविश्वास प्रस्ताव

## सरकार की विजय

**अविश्वास प्रस्ताव** पर भाजपा सरकार की विजय हुई है, जिसकी उम्मीद थी। इसके बाद अब मणिपुर में स्थिति सामान्य करने के साथ ही देश के विकास पर विमर्श होना चाहिए, लेकिन विपक्ष के व्यवहार से ऐसा नहीं लगता है। विपक्ष जानता था कि इस अविश्वास प्रस्ताव में वह विफल होगा और वह सरकार को उलटने के लिए इसे लाया भी नहीं था। विपक्ष सत्तारूढ़ भाजपा नीत राजग को केवल मणिपुर तक केन्द्रित करना चाहता था, पर अविश्वास प्रस्ताव की प्रकृति को देखते हुए ऐसा संभव नहीं था। कांग्रेस तथा विपक्ष यह प्रचार करने में लगे हैं कि प्रधानमंत्री ने अविश्वास प्रस्ताव का जवाब देते हुए मणिपुर पर ज्यादा समय नहीं दिया, पर लोकसभा के आधिकारिक रिकार्ड के अनुसार प्रधानमंत्री ने मणिपुर पर लगभग 40 मिनट अपनी बात रखी। इसके पहले केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विस्तार से मणिपुर की घटनाओं पर स्थिति स्पष्ट की थी और प्रधानमंत्री ने अविश्वास प्रस्ताव का जवाब देते हुए उसका हवाला भी दिया। अमित शाह ने स्पष्ट कहा कि मणिपुर की स्थिति भाजपा शासनकाल में खराब नहीं हुई है, बल्कि कांग्रेस के शासनकाल में प्रदेश को अविकसित व विभाजित रखने के प्रयासों का नतीजा सामने आया है। अमित शाह तथा केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने विस्तार से बताया कि जब पहले मणिपुर में कई महीनों तक नस्ली हिंसा हुई तो न केन्द्रीय गृह मंत्री वहां गए और न प्रधानमंत्री ने कोई बयान जारी किया। इसके उलट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगभग 50 बार पूर्वोत्तर की यात्रा कर चुके हैं तथा हालिया हिंसा के



बाद अमित शाह मणिपुर में तीन दिन तथा गृह राज्य मंत्री ने 23 दिन ठहर कर स्थिति सुधारने के सभी प्रयास किए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आशा प्रकट की कि जल्द ही वहां स्थिति सामान्य होगी तथा मणिपुर में 'विकास का नया सूर्य उगेगा।' इसे देखते हुए यह नहीं कहा जा सकता है कि सरकार ने मणिपुर की घटनाओं के प्रति संवेदनशीलता नहीं बरती।
अविश्वास प्रस्ताव पर बोलते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय मंत्रियों तथा सत्तारूढ़ पक्ष के अन्य नेताओं ने सरकार के नौ साल के कामकाज की उपलब्धियां गिनाईं। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 में दसवें नंबर पर रही भारत की अर्थव्यवस्था आज तीसरे स्थान पर आ गई है, जबकि इसके पहले वह दसवें से बारहवें स्थान के बीच झूलती रहती थी। उन्होंने विपक्ष की ओर संकेत करते हुए कहा कि जब 2028 में आप अविश्वास प्रस्ताव लाएंगे तब भारत दुनिया की सबसे बड़ी तीसरी अर्थव्यवस्था बन गया होगा। प्रधानमंत्री ने विपक्षी गठबंधन 'आई.एन.डी.आई.ए' में शामिल पार्टियों की 'खैरात' बांट कर सत्ता पर कब्जा करने की इच्छा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि वे पड़ोसी देशों की हालत देख लें। उन्होंने चेतावनी दी कि उनकी नीतियों से देश एक दो शताब्दी पीछे जा सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि देश की जनता सब कुछ देख और समझ रही है। उन्होंने कांग्रेस पर खासतौर से व्यंग्य करते हुए कहा कि 'जनता को आपका नाम सब जगह दिखाई दे रहा था, पर काम नहीं नजर आ रहा था।' उनका संकेत गांधी-नेहरू परिवार के लोगों के नाम पर विभिन्न स्थानों, प्रतियोगिताओं, आदि के नामों की ओर था। कुल मिला कर कहें तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कार्यरत भाजपा की केन्द्र सरकार अपने कामकाज के आधार पर विश्वास से भरी है और यह विश्वास भाजपा शासित प्रदेशों तक फैला हुआ है। देश में सबसे बड़े उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि हम 2024 ही नहीं, 2027 व 2032 में भी जीतेंगे। स्पष्ट है कि कांग्रेस समेत विपक्ष को भाजपा-विरोधी विमर्श तैयार करने में काफी मेहनत करनी होगी।

# म्यांमार शासक का निरर्थक कदम

म्यांमार के सैनिक शासक ने डा सूकी की सजा घटाई है। लेकिन उसका यह कदम निरर्थक है और इससे म्यांमार में स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं होगा।



**हिरण्यमय कार्लेकर**
(लेखक, द पायनियर के सलाहकार संपादक हैं)



हालांकि, पश्चिमी लोकतंत्रों ने म्यांमार के सैनिक शासक के खिलाफ निष्प्रभावी प्रतिबंध लगा कर अपनी 'अंतश्चेतना' प्रदर्शित करने का काम किया है। लेकिन उन्होंने सैनिक शासन के खिलाफ चल रहे संघर्ष पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया है और वहां लोकतंत्र बहाली का रास्ता पहले की तरह कठिन बना हुआ है। सैनिक शासन का म्यांमार के अनेक क्षेत्रों पर नियंत्रण लगातार समाप्त होता जा रहा है और इससे उसमें निराशा बढ़ रही है। इसके चलते वह अनेक कदम उठा रहा है। लेकिन इनसे न उसके शासन के खिलाफ जारी विरोध और विद्रोह में कोई कमी आएगी और न मिट्टी में मिल चुकी उसकी छवि में कोई सुधार आएगा। सैनिक शासन की इन घोषणाओं में से एक मंगलवार 1 अगस्त, 2023 को डा आंग सान सूकी की कैद की सजा में 6 साल की कमी करना शामिल है। इसके साथ ही सत्ताच्युत राष्ट्रपति यू विन मिंट की कैद की सजा में चार साल की कमी भी इन घोषणाओं में शामिल है। सूकी को विभिन्न गढ़े गए आरोपों में कुल 33 साल कैद की सजा दी गई है। ऐसे में उनकी कैद की सजा में 6 साल की कमी के बाद भी उनको 25 साल जेल में बिताने होंगे। उल्लेखनीय है कि वे दो साल जेल में बिता चुकी हैं। उनकी आयु 78 साल हो गई है तथा और 25 साल उनके जीवित रहने की आशा बहुत कम है। अपदस्थ राष्ट्रपति विन मिन को विभिन्न फर्जी आरोपों में कुल 12 साल कैद की सजा दी गई है। इसे देखते हुए सजा में चार साल की कमी के बावजूद उनको अभी जेल में आठ साल और बिताने होंगे।

3 अगस्त, 2023 को जारी रायटर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार थाईलैंड के विदेश मंत्री ने जुलाई में डा सूकी से जेल में मुलाकात की थी। उनके अनुसार सूकी का स्वास्थ्य ठीक है और वे देश को संकट से बाहर निकालने के लिए संवाद के पक्ष में हैं। लेकिन सूकी की प्रतिक्रिया इस बात पर निर्भर करेगी कि क्या सैनिक शासक वास्तव में इस दिशा में ईमानदारी से कोई कदम उठाते हैं। इस तथ्य से कोई इनकार नहीं कर सकता है कि म्यांमार की जनता आमतौर से सैनिक शासक को सत्ता से हटाना चाहती है। म्यांमार की जनता लगातार विभिन्न तरीकों से सैनिक शासन समाप्त करने के लिए अपनी आवाज बुलंद कर रही है। इसके साथ ही सैनिक शासन का विरोध करने वाला विपक्ष लगातार मजबूत होता जा रहा है। 16 अप्रैल, 2021 को नेशनल यूनिटी सरकार के गठन से इन प्रयासों में और तेजी आई है। इसमें डा सूकी के नेतृत्व वाली पार्टी-'नेशनल लीग आफ डेमोक्रेसी' के अनेक नेता और एक्टिविस्ट शामिल हैं।

प्रमुखतः नेशनल लीग आफ डेमोक्रेसी के नेतृत्व में अनेक नस्ली विद्रोही संगठन तथा छोटी पार्टियां भी नेशनल यूनिटी सरकार के गठन में शामिल हैं। म्यांमार की स्थितियों पर गहराई से नजर डालने पर स्पष्ट होता है कि देश धीरे-धीरे जनरलों के नियंत्रण से बाहर होता जा रहा है। बर्मा के मल्टी-मीडिया खबरिया संगठन 'मिज्जिमा' में 9 सितंबर, 2022 को जारी एक रिपोर्ट में सैक-एम का हवाला दिया गया है जिसे 5 सितंबर, 2022 को जारी किया गया था। सैक-एम के अनुसार सेना का देश पर प्रभावी नियंत्रण नहीं है और वह देश का शासन चलाने में अक्षम है। रिपोर्ट के अनुसार, नेशनल यूनिटी सरकार-एनयूजी म्यांमार की वैध सरकार है। वह उस लोकतांत्रिक क्रांति के केन्द्र में है जिसे अनेक संगठनों ने स्वरूप दिया है और यह क्रांति म्यांमार के सैनिक शासक का विरोध कर रही है। वास्तव में सैनिक शासक की तुलना में म्यांमार की जनता के बड़े हिस्सों तथा देश के बड़े भूभाग पर इन संगठनों का वास्तविक नियंत्रण है। खबरों के अनुसार सैनिक शासन का देश के लगभग 330 कस्बों में से केवल लगभग 72 पर नियंत्रण है जो म्यांमार के भूमि क्षेत्र का केवल 17 प्रतिशत है। इसका कारण यह भी है कि म्यांमार के अनेक कस्बे या शहरी बस्तियां बहुत छोटी हैं।

सैक-एम का अर्थ 'स्पेशल एडवाइज़री कौंसिल आफ म्यांमार' है जिसे 1 फरवरी, 2021 को सैनिक विद्रोह के बाद म्यांमार की सेना या 'टटमाडा' ने गठित किया था। अपनी वेबसाइट के अनुसार यह कौंसिल स्वयं को अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों का स्वतंत्र समूह घोषित करती है जो म्यांमार की जनता के लिए काम करते हैं तथा उसके मानवाधिकारों, शांति, लोकतंत्र, न्याय व जवाबदेही के लिए काम करते हैं। हालांकि, सैनिक शासक के विरोधी तर्क दे सकते हैं कि इस कौंसिल की पृष्ठभूमि वस्तुनिष्ठ रूप से इसे संदिग्ध बना देती है तथा इसके आंकलनों व बयानों पर सवाल उठाए जा सकते हैं। लेकिन इसके बावजूद दुनिया भर में यही म्यांमार की स्थिति के बारे में सूचना का एकमात्र विश्वसनीय साधन है। इसका कारण कौंसिल का संचालन मार्जुका डारुसमैन, यांगही ली व क्रिस सिडोटी कर रहे हैं जो म्यांमार पर संयुक्त राष्ट्रसंघ के पूर्व विशेषज्ञ हैं।

सैक-एम के सम्मान तथा उसकी रिपोर्टों की विश्वसनीयता को देखते हुए म्यांमार में सैनिक शासन की बढ़ती चुनौतियों को सही माना जा सकता है। इसके साथ ही कुछ अन्य संकेत भी हैं जिनसे स्पष्ट होता है कि म्यांमार के सैनिक शासक बहुत परेशान हैं। सैनिक शासकों के आदेश से म्यांमार की सेना या टटमाडा ने प्रतिरोधी बलों के प्रभुत्व वाले क्षेत्रों में अभूतपूर्व व बेलगाम हिंसा फैलाई है। इसके साथ ही विपक्षी संगठनों में शामिल होने वाले लोगों की हत्याओं के प्रयास हो रहे हैं। टटमाडा विपक्ष के प्रभाव वाले क्षेत्रों पर जहाजों व तोपों से बम बरसा रही है और खबरें हैं कि उसने लगभग 100 गांवों को पूरी तरह जला कर नष्ट कर दिया है। टटमाडा के अत्याचारों की अब तक की एक सबसे जघन्य घटना 23 अक्टूबर, 2022 की रात को किया हवाई हमला है। यह हमला देश के उत्तरी राज्य काचिन में किया गया। उस समय लोग एक संगीतमय सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्वतंत्र काचिन संगठन की 62वीं वर्षगांठ मना रहे थे। खबरों के अनुसार, इस हमले में 80 लोग मारे गए जिनमें गायक व अन्य कलाकार भी शामिल हैं।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, सैनिक शासकों के सशस्त्र बलों को टटमाडा के बजाय सिट-टैट कहा जाना चाहिए। यह नेशनल यूनिटी सरकार तथा उसके सहयोगियों की सशस्त्र शाखा पीडीएफ की तुलना में बहुत बड़ी व सुसंगठित सेना है। हाल में म्यांमार के सैनिक शासक ने अपनी सेना को मजबूत करने, उसे सबसे अच्छे हथियारों से लैस करने तथा उसमें नए सैनिक भर्ती करने के अनेक प्रयास किए हैं। म्यांमार शासन के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार म्यांमार की सेना या टटमाडा ने अनेक अवसरों पर अपनी शक्ति प्रदर्शित करने के भी प्रयास किए हैं। हालांकि, युनाइटेड इंस्टीट्यूट आफ पीस द्वारा 4 मार्च, 2023 को प्रस्तुत यी याओ हीन के आलेख में म्यांमार की सेना या टटमाडा या सिट-टैट के बारे में बिल्कुल अलग किस्म का आंकलन किया गया है। इसके अनुसार, सैनिक विद्रोह के पहले सिट-टैट में सैनिकों की संख्या कुल 300,000-400,000 के बीच बताई जा रही थी।

लेकिन 'सेना के भगोड़ों या विद्रोहियों के व्यापक साक्षात्कारों, आंतरिक सैनिक निर्देशों व बैठकों में नोटों के विश्लेषण, सैनिकों के आवागमन व आकार के ऐतिहासिक रिकार्डों तथा प्रमुख टकरावों में हताहतों की संख्या व सैनिक अस्पतालों के रिकार्डों से स्पष्ट है कि सेना में वर्तमान समय में लगभग 150,000 कर्मी हैं जिनमें लगभग 70,000 युद्ध लड़ने वाले सैनिक हैं। सैनिक विद्रोह के बाद से कम से कम 21,000 सैनिक हताहत हुए हैं, भाग गए हैं या विद्रोहियों में शामिल हो गए हैं। सैनिकों की इतनी संख्या पर सिट-टैट एक जुझारू सेना के रूप में स्वयं को बनाए रखने तथा सरकार चलाने में अक्षम है।' विपक्ष की बढ़ती शक्ति को देखते हुए सैनिक शासक की समस्यायें बढ़ती जा रही हैं। म्यांमार की जनता में सिट-सैट विरोधी भावना बढ़ती जा रही है। ऐसे में डा सूकी ऐसा समझौता नहीं करेंगी जिसमें म्यांमार की सरकार से सैनिक शासन का स्थाई पृथक्करण सुनिश्चित न हो।

# महिलाओं को सशक्त बना रही प्रौद्योगिकी

"किसी न किसी तरह से, प्रौद्योगिकी महिलाओं को अपने हाथों में शक्ति देकर सामाजिक-आर्थिक सीढ़ी पर चढ़ने का रास्ता प्रदान कर रही है।"

**साक्षी सेठी**
(लेखिका, शिक्षा प्रदाता हैं)



एलेनोर रूजवेल्ट के शब्दों में, भविष्य उनका है जो अपने सपनों की सुंदरता में विश्वास करते हैं। आज की दुनिया में टेक्नोलॉजी हमारे दैनिक जीवन का एक अभिन्न अंग बन गई है। इसने उपलब्ध जानकारी तक पहुंचने और उसका उपयोग करने, संचार करने और एक-दूसरे के साथ काम करने के मामले में एक व्यक्ति के जीवन को काफी हद तक बदल दिया है। इसने सीखने को और अधिक सुविधाजनक बना दिया है और वैश्विक समुदायों को इंटरनेट पर व्यवस्थित रूप से बनाने में सक्षम बनाया है।

प्रौद्योगिकी के युग में, सीखना एक आजीवन प्रक्रिया है जो उम्र तक सीमित नहीं है। आज, सभी आयु वर्ग के लोग अपनी पिछली पृष्ठभूमि या शिक्षा की परवाह किए बिना नया ज्ञान, अनुभव, कौशल, विशेषज्ञता और बहुत कुछ प्राप्त कर सकते हैं। एक व्यक्ति को अपना दिमाग खुला रखना होगा और इस विचार को अपनाना होगा कि सीखना एक आजीवन प्रक्रिया है। चाहे कोई नया कौशल सीखना हो या किसी संगीत वाद्ययंत्र को सीखने की कला में महारत हासिल करना हो, जीवन भर सीखते रहने के अनगिनत अवसर हैं। इसी तरह की विचार प्रक्रिया के साथ, आज की महिलाओं को संबंध बनाने और अपने निकटतम दायरे से परे विचारों को साझा करने के नए अवसर मिल रहे हैं, जिससे वे अपने रिश्तों को मजबूत करने में सक्षम हो रही हैं।

वूमेन टेक नेटवर्क की संस्थापक और सीईओ अन्ना रादुलोव्स्की के शब्दों में, एक अधिक विविध और समावेशी तकनीकी दुनिया बनाने के लिए, महिला रोल मॉडल की अगली पीढ़ी को प्रौद्योगिकी में अपना करियर बनाने और विकसित करने और नवप्रवर्तक बनने के लिए प्रेरित और



सशक्त बनाने की आवश्यकता है। नेता और उद्यमी. यह एक प्रक्रिया है और यह हमेशा सीधी नहीं होती बल्कि इसमें समय, कार्रवाई और समर्थन लगता है।

वे दिन गए जब गरीबी, साक्षरता और भाषा की बाधाएं प्रमुख कारक हुआ करती थीं जो महिलाओं की प्रौद्योगिकी तक पहुंच को सीमित करती थीं। आज टेक्नोलॉजी की दुनिया ने परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण बदलाव ला दिया है। महिलाएं लगभग सभी कार्यशालाओं, व्यवसायों और बहुत कुछ में भाग ले रही हैं। यह सूचना तक आसान पहुंच के कारण ही संभव हुआ है। प्रौद्योगिकी ने सीखने, काम करने और संचार में हमेशा बढ़ती भूमिका निभाई है और निभाती रहेगी। आज मोबाइल फोन एक विलासितापूर्ण साधन से हटकर दुनिया से जुड़ने का एक अनिवार्य साधन बन गया है। यूट्यूब, फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर और लिंक्डइन जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म के साथ-साथ विभिन्न संचार प्रौद्योगिकी प्लेटफॉर्म जैसे एमएस टीम्स, ज़ूम, गूगल मीट आदि महिलाओं को शिक्षा और जागरूकता तक सबसे अधिक पहुंच प्रदान कर रहे हैं। इसके साथ ही, संचार के ये रूप एक महिला को अपने अनुभवों को शब्दों या कलात्मक रूपों में व्यक्त करने और उन्हें दुनिया की अन्य महिलाओं के साथ साझा करने में भी मदद कर रहे हैं। किसी न किसी तरह से, प्रौद्योगिकी महिलाओं को अपने हाथों में शक्ति देकर सामाजिक-आर्थिक सीढ़ी पर चढ़ने का रास्ता प्रदान कर रही है। यह हर जगह महिलाओं के लिए कहीं अधिक सुविधाजनक और लचीला साबित हुआ है।

भारत, दक्षिण कोरिया और मिस्र जैसे देशों में, जहां महिलाएं अपने पुरुष समकक्षों के समान स्तर पर समाज में भाग लेने की अपनी क्षमता को सीमित करती हैं, प्रौद्योगिकी की दुनिया उनके लिए एक वरदान रही है क्योंकि इससे उन्हें सामाजिक प्रतिबंधों से उबरने में मदद मिली है और समर्थन मिला है। उन्हें अपनी क्षमताओं और संसाधनों के विकास में। शोध से पता चला है कि जो महिलाएं अलग-थलग इलाकों में रहती थीं और उनमें जीवन में कुछ हासिल करने की तीव्र इच्छा थी, उन्होंने दुनिया भर में विरोध आंदोलनों में शामिल होने के लिए व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर (अब एक्स), इंस्टाग्राम और टेलीग्राम का फायदा उठाया है। बस स्मार्टफोन तक पहुंच होने से एक वंचित क्षेत्र में रहने वाली महिला के जीवन पर परिवर्तनकारी प्रभाव पड़ सकता है, खासकर यदि वे इसका उपयोग वित्तीय स्वतंत्रता हासिल करने के लिए कर सकती हैं। याद रखें, एक महिला को सशक्त बनाना परिवारों, समुदायों और देशों के स्वास्थ्य और सामाजिक विकास के लिए आवश्यक है।

जब एक महिला सुरक्षित, पूर्ण और उत्पादक जीवन जिएगी, तो वे अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचेंगी और कार्यबल में अपने कौशल का योगदान देंगी और एक खुशहाल और स्वस्थ जीवन जी सकती हैं। आज, महिला नेता बाधाओं को तोड़ रही हैं और रूढ़िवादिता को तोड़ रही हैं और अधिक न्यायसंगत और समावेशी भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर रही हैं।

## आप की बात

### विपक्ष का प्रचार

**विपक्ष** अविश्वास प्रस्ताव लेकर आया, पर लाने से पहले उसने सर्वे क्यों नहीं किया? हालांकि मणिपुर की घटना बहुत ही शर्मनाक है, जिसपर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख और खेद व्यक्त किया था। सरकार की रक्षात्मक कार्रवाई मणिपुर में चल रही थी और आज भी जारी है। अविश्वास प्रस्ताव का प्रोपोगंडा खड़ा करने की बजाय यदि विपक्ष संसद में मणिपुर के मामले में गंभीरता से विचार-विमर्श करता और अपनी बात रखता तो हो सकता है कोई बेहतर समाधान मणिपुर और मणिपुर वासियों के लिए निकलता। सरकार की आलोचना ही लोकतंत्र का हिस्सा नहीं है। सरकार किसी भी दल की हो किन्तु विपक्ष में रहकर भी सारे सांसद या विधायक पटरी से उतरी सरकार को पटरी पर लाने और देश की समस्या के समाधान के लिए उसे सही सलाह दे सकते हैं। इस स्थिति में ही देश की समस्याएं सुलझ सकती है और सत्ता व विपक्ष के सहयोग से देश को आगे बढ़ाया जा सकता है। विपक्ष की नादानी से उसकी छबि तो गिरी ही है साथ ही मोदी सरकार की इमेज जनता के बीच और बेहतर हुई है। अतः अविश्वास प्रस्ताव ही नहीं, जनता की नजर में विपक्ष का सम्मान भी गिरा है। बिना वोटिंग कराए बहिर्गमन ने वह और मिट्टी में मिला गई।

- **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### चीन में गहराता संकट

**कोरोना काल** के बाद के समय में लगभग दुनिया का हर देश कुछ न कुछ आर्थिक परेशानियां झेलने को विवश है। स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो जाएगी। मगर दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन की स्थिति विकट मुश्किलों से भरी है। वहां बाजार, उद्योग तथा उपभोक्ताओं को मुद्रास्फीति के बजाय अपस्फीति का सामना करना पड़ रहा है। जुलाई के आंकड़ों से स्पष्ट है कि वहां बाजार टूट रहा है। मांग में लगातार कमी, निर्यात में लगातार गिरावट, चीन के वस्तु व सेवाओं की मांग में न सिर्फ देश बल्कि विदेशों में भी कमी आने के कारण संकट गहरा गया है। राजनीतिक प्रतिस्पर्धा एवं अमेरिका के साथ तनाव के परिणामस्वरूप जुलाई में अमेरिका को चीन के निर्यात में 23.1 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि यूरोपीय संघ को निर्यात में 20.6 प्रतिशत गिरावट आई। आसियान को निर्यात में भी 21.4 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई है। इसके परिणामस्वरूप चीन में सामानों का स्टॉक बढ़ता गया। इस प्रकार चीन में संकट गहरा रहा है। लेकिन सूदखोरी, आक्रामकता व स्वार्थ के चलते किसी देश की हमदर्दी चीन से नहीं है।

-**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### वंशवाद का अर्थ

**गांधी-नेहरू परिवार** ने देश की राजनीति में वंशवाद की नींव रखी जिसे देश के राष्ट्रीय व क्षेत्रीय दलों ने भी आत्मसात किया। जब भी भाजपा राजनीति में वंशवाद पर आघात करती है तो वंशवादी दलों के कुतर्क सामने आते हैं। वे भी भाजपा या एनडीए में सम्मिलित दलों में वंशवाद बताने का असफल प्रयास करते हैं। भाजपा से पूर्व जनसंघ और भाजपा के जन्म से लेकर आज तक के जितने भी राष्ट्रीय अध्यक्ष हुए हैं वे सभी एक परिवार तो दूर की बात है, एक जाति या एक क्षेत्र के भी नहीं हुए। भाजपा सरकार के दो शासन कालों में दो प्रधानमंत्री हुए उनके परिवार से एक भी व्यक्ति राजनीति के उच्च पद पर तो दूर उनके परिवार के किसी सदस्य का नाम तक भी देश नहीं जानता। 1947 से अब तक कांग्रेस का नेतृत्व गांधी परिवार के चारों ओर ही परिक्रमा लगा रहा है। यदि यदा-कदा गांधी परिवार से अलग कांग्रेस अध्यक्ष बना तो वो भी केवल दिखावा रहा है क्योंकि वास्तविक शक्ति तो गांधी परिवार के पास ही सुरक्षित रहीं है। वर्तमान अध्यक्ष खड़गे के समय भी पार्टी के सभी निर्णय युवराज राहुल गांधी ही लेते हैं। यही वंशवाद है।

-**नरेन्द्र टोंक,** मेरठ

### बाघ संरक्षण

**भारतीय** वन्यजीव संस्थान और राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण ने एक चतुष्कोणीय बाघ जनगणना रिपोर्ट प्रस्तुत की है। उन्होंने वर्तमान में बाघों की संख्या के लिए अपने अनुमान प्रस्तुत किए हैं। मध्य प्रदेश ने पिछली जनगणना के बाद से बाघों की संख्या में 50 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की है। पिछले दो दशकों में मध्य प्रदेश में बारासिंघा, दलदल हिरण जैसी प्रजातियों के संरक्षण व स्थानान्तरण में उल्लेखनीय कदम उठाए हैं जो बाघों के लिए आहार का काम करते हैं। संरक्षण के सिद्धांत इस बात पर जोर देते हैं कि इस तरह का स्थानांतरण केवल उन परिदृश्यों के भीतर किया जाना चाहिए जो जीव प्रजातियों के लिए अत्यधिक अनजान न हों। वन संरक्षण अधिनियम में हाल के संशोधनों से वन भूमि के बड़े हिस्से को औद्योगिक कार्य के लिए आवंटित करने की अधिक छूट मिल गई है। वन छेत्र की भूमि में कमी होने से बाघों के लिये प्राकृतिक रूप से मिलने वाले शिकार में कमी आ सकती है। इसे देखते हुए मध्य प्रदेश के प्रयोग पर गंभीर व आलोचनात्मक दृष्टि से विचार जरूरी है।

- **परमवीर केसरी,** मेरठ

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

# तैनाती स्थल पर ही रात्रि प्रवास करें चिकित्सकः मुख्यमंत्री

● वीडियो कांफ्रेसिंग से गोरखपुर बस्ती मंडल में संचारी रोगों की समीक्षा की सीएम ने

**लखनऊ/गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देशित किया है कि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर तैनात चिकित्सक अपनी तैनाती स्थल पर ही रात्रि प्रवास ;नाइट स्टेद्ध करें। रात में सीएचसी.पीएचसी आने वाले मरीजों के इलाज में कोई असुविधा नहीं आनी चाहिए। प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी चिकित्सकों की तैनाती स्थल पर नाइट स्टे की मॉनिटरिंग कर शासन को रिपोर्ट प्रेषित करें। जन स्वास्थ्य की रक्षा सरकार की उच्च प्राथमिकता का विषय है और इसमें किसी भी तरह की कोताही अक्षम्य होगी।




सीएम योगी रविवार सुबह सर्किट हाउस में वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिये गोरखपुर.बस्ती मंडल में जेई.एईएस समेत सभी संचारी रोगों के रोकथाम व स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। वीडियो कांफ्रेसिंग में गोरखपुर के जनप्रतिनिधिए प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व्यक्तिगत उपस्थित थे जबकि शेष अन्य छह जिलों के वर्चुअल मोड में। मुख्यमंत्री ने सबसे पहले दोनों मंडलों के सभी जनपदों गोरखपुर, महराजगंज, देवरिया, कुशीनगर, बस्ती, सिद्धार्थनगर व संतकबीरनगर में जापानी इंसेफेलाइटिस एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम के नियंत्रणए डेंगूए चिकनगुनिया आदि रोगों की स्थिति और रोकथाम के लिए उठाए गए कदमों की विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जेई और एईएस के नियंत्रण को लेकर स्वास्थ्य समेत अन्य कई विभागों की सराहना करते हुए कहा कि पांच.छह वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में इस दिशा में काफी अच्छा कार्य हुआ है। जेई और एईएस के मामलों में 98 फीसद से अधिक कमी आई है। इससे मृत्यु दर भी शून्य के करीब है। बहुत जल्द इसका समूल उन्मूलन कर लिया जाएगा। जेई.एईएस पर नियंत्रण को लेकर अंतर विभागीय समन्वयन के मंत्र का आगे भी सतत अनुसरण होते रहना चाहिए।

वीडियो कांफ्रेसिंग में मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्य संचारी रोगों, डेंगू, चिकनगुनिया आदि को लेकर वही सतत सतर्कता जरूरी है। संचारी रोगों को पनपने से रोकने के लिए आशा बहनों से संवाद बनाकर लोगों को जागरूक किया जाए। बीमार होने की दशा में त्वरित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। मरीजों को अस्पताल लाने में सुगमता रहेए इसके लिए 102 व 108 एम्बुलेंस सेवाओं का भी पर्यवेक्षण होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने वर्तमान में चल रहे टीबी व फाइलेरिया नियंत्रण अभियान की भी समीक्षा की और कहा कि जागरूकता बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री ने डेंगू की चर्चा करते हुए कहा कि इस बीमारी में प्लेटलेट्स की काफी मांग बढ़ जाती है। सभी डीएम सीएमओ ब्लड बैंकों से संवाद व संपर्क कर यह सुनिश्चित करें कि किसी भी दशा में प्लेटलेट्स की कमी न रहे। किसी ब्लड बैंक से प्लेटलेट्स की कालाबाजारी की शिकायत आए तो कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे अपने क्षेत्र की सीएचसी.पीएचसी को उच्चीकृत करने का प्रस्ताव उपलब्ध कराएं। शासन से उस पर सकारात्मक कदम उठाया जाएगा। डुमरियागंज के सांसद की मांग पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बांसी सीएचसी को उच्चीकृत कर वहां 100 बेड का अस्पताल बनाया जाएगा। सीएम योगी ने जनप्रतिनिधियों से अपनी निधि का प्रयोग स्कूल व अस्पतालों की कनेक्टिविटी के लिए करने तथा संचारी रोगों के नियंत्रण में जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया।

### जहां कमी हो वहां संविदा पर तैनात करें चिकित्सक

वीडियो कांफ्रेसिंग में कुछ जनप्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्र के सीएचसी.पीएचसी पर चिकित्सकों की कमी का जिक्र किया। इस पर सीएम योगी ने कहा कि जहां भी चिकित्सक कम हैं, डीएम व सीएमओ वहां संविदा पर चिकित्सक तैनात करें। किसी भी सूरत में लोगों की स्वास्थ्य सुविधाओं पर बुरा असर नहीं पड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि जहां भी नए स्वास्थ्य केंद्र के भवन बन गए हैंए उन्हें संसाधन व स्टाफ के साथ शीघ्र संचालित कराया जाए। कुछ जनप्रतिनिधियों ने विद्युत आपूर्ति को लेकर अपनी बात रखी। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बिजली सरप्लस है ऐसे में आपूर्ति में दिक्कत नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कमिश्नर व डीएम को हिदायत दी कि बिजली आपूर्ति की मॉनिटरिंग कर उन्हें रिपोर्ट उपलब्ध कराएं।

# स्वास्थ्य सेवाओं में ई गवर्नेंस के लिए यूपी को मिलेगा राष्ट्रीय पुरस्कार

● 24-25 अगस्त को इंदौर में दिया जाएगा अवार्ड, प्रमाण पत्र और ट्रॉफी के साथ मिलेगा 5 लाख रुपए कैश प्राइज

**लखनऊ।** उप्र में ई गवर्नेंस को बढ़ावा दे रही योगी सरकार को एक और बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। स्वास्थ्य सेवाओं में ई गवर्नेंस के लिए उप्र सरकार को केंद्र सरकार की ओर से सम्मानित किया जाएगा। भारत सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग ने श्डिलीवरी प्वाइंट हेल्थ फैसिलिटीज के लिए शुरू की गई परियोजनाध्पहल श्मां नवजात ट्रैकिंग एप्लिकेशन (मंत्रा) के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन.उत्तर प्रदेश (एनएचएम.यूपी) को सिल्वर अवार्ड से सम्मानित करने के लिए चुना है। एनएचएम यूपी को यह नेशनल अवार्ड श्रेणी.1 के अंतर्गत गवर्नमेंट प्रॉसेस री.इंजीनियरिंग फॉर डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के तहत ई.गवर्नेंस योजना 2023 के लिए दिया जा रहा है। मंत्रा को भारत सरकार द्वारा ई.गवर्नेंस के लिए एक उपकरण के रूप में मान्यता दिया जाना प्रदेश के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि यूपी लेबर रूम के लिए ऑनलाइन एमआईएस को बढ़ावा देने वाला पहला राज्य है। सिल्वर अवार्ड के तहत एनएचएम.यूपी को इस परियोजना के लिए प्रमाण पत्र और ट्रॉफी के साथ 5 लाख रुपए का कैश प्राइज प्रदान दिया जाएगा। प्रत्येक टीम सदस्यों (परियोजना प्रमुख सहित 4 लोग) को भी प्रमाणपत्र और ट्रॉफी दी जाएगी। ट्रॉफी और प्रमाण पत्र 24-25 अगस्त, 2023 को इंदौर में प्रस्तावित ई गवर्नेंस पर 26वें राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान प्रदान किए जाएंगे।

# स्वतंत्रता दिवस पर 9 करोड़ ग्रामीणों को मिलेगा 'हर घर नल से जल' का तोहफा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी सरकार** जल जीवन मिशन की हर घर जल योजना से उत्तर प्रदेश के 9 करोड़ ग्रामीणों को नल से जल का तोहफा देकर 77वें स्वतंत्रता दिवस को यादगार बनाएगी। इस दिन यूपी के डेढ़ करोड़ से अधिक घरों तक नल से जल की सप्लाई शुरू हो जाएगी। यह पहला मौका होगाए जब राज्य के आधे से ज्यादा ग्रामीण परिवारों को स्वतंत्रता दिवस पर इतनी बड़ी सौगात मिलेगी। हर घर को नल से जल मिलने से जहां गांव.गांव में रहने वाले ग्रामीणों के चेहरों पर खुशियां आएंगीए वहीं पानी के लिए मीलों का सफर तय करने वाली महिलाओं को भी राहत मिलेगी। राज्य सरकार की पहल पर स्वच्छ पेयजल मिलने से न केवल ग्रामीणों के स्वास्थ्य में सुधार आएगाए बल्कि उनका जीवन स्तर भी काफी बेहतर होगा।

नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने 15 अगस्त को यूपी के डेढ़ करोड़ ग्रामीण परिवारों तक नल कनेक्शन पहुंचाने की तैयारियों की समीक्षा कर अधिकारियों से कहा कि प्रतिदिन नल कनेक्शन प्रदान करने की गति कम नहीं होनी चाहिये। उन्होंने कहा कि 77वें स्वतंत्रता दिवस के पर्व को गांव.गांव में काम कर रही संस्थाएं नल कनेक्शन मिलने वाले परिवारों के साथ मिलकर मनाएं। आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में 9 करोड़ ग्रामीणों को मिलने जा रही सौगात सरकार की बड़ी उपलब्धि है। बता दें कि पीएम मोदी की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन को यूपी की योगी सरकार काफी तेजी से पूरा कर रही है। 15 अगस्त 2019 को जल जीवन मिशन की शुरुआत के समय यूपी में केवल 1ण्97 फीसदी ग्रामीण परिवारों तक ही नल से जल की सुविधा थी। योगी सरकार ने मात्र 4 सालों में काफी तेजी से कार्य करते हुए राज्य के 56ण्83 फीसदी ग्रामीण परिवारों तक हर घर जल पहुंचा दिया है।

बड़ी आबादी होने के बावजूद उत्तर प्रदेश देश में प्रतिदिन सर्वाधिक नल कनेक्शन देने वाला राज्य है। हर घर जल योजना से यूपी में प्रतिदिन 40ए000 से अधिक घरों तक नल सप्लाई पहुंचाई जा रही है। इतना ही नहींए जल जीवन मिशन की श्हर घर जलश् योजना से रविवार तक 14914ए331 ग्रामीण परिवारों तक नल से जल की सप्लाई शुरू हो चुकी है। 89485986 ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल का सीधा लाभ मिलने लगा है। श्हर घर जलश् योजना का लक्ष्य वर्ष 2024 तक यूपी के 2.62 करोड़ से अधिक परिवारों तक नल से जल पहुंचाना है।

# भाजपा सरकार में महिलाओं पर अत्याचार की सभी हदें पारः अखिलेश यादव

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन सरकार प्रदेश की महिलाओं-बच्चियों की जिंदगी के लिए अभिशाप बन गई है। महिलाओं-बच्चियों के साथ दुष्कर्म के मामले में प्रदेश बुरी तरह देश भर में बदनाम हो रहा है। पुलिस का बर्ताव जहां महिलाओं के विरूद्ध अभद्रता का रहता है वहीं वह बलात्कारियों को बचाने का भी काम करती है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में दलित वंचित वर्ग की महिलाओं पर अत्याचार की सभी हदें पार हो गई हैं। उन्नाव में दबंगों ने खेत पर गई दलित महिला से गैंगरेप किया। पुरवा में घर में घुसकर छेड़छाड़ और मारपीट का मुकदमा दर्ज हुआ है। प्रयागराज में नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म के मामले में आरोपियों पर कार्रवाई करने की जगह उल्टा दुष्कर्म पीड़िता को बदनामी का भय दिखाकर खामोश रहने और मामला दबाने का प्रयास किया गया।

अखिलेश यादव ने कहा कि प्रतापगढ़ में अपनी फरियाद लेकर थाने पहुंची महिलाओं से पुलिस कर्मियों ने अभद्रता कीए थाने से भगाया। नारी सम्मान की बात करने वाली भाजपा सरकार का यही चालए चरित्र और चेहरा सामने आ रहा है। बरेली में घर में बंधक बनाकर महिला से दुष्कर्म किया गया। बरेली में ही अपनी बुआ के घर आई युवती का अपहरण कर लिया गया। कुशीनगर में बच्ची से दुष्कर्म किया गया। शामली में 9वीं की छात्रा की गैंगरेप के बाद हत्या कर दी गई। श्री यादव ने कहा कि अपराध पर जीरो टालरेंस के बड़े.बड़े दावे करने वाले मुख्यमंत्री जी बताएं कि उनके खौफ से अपराधी प्रदेश छोड़कर भाग गए तो रोज ही महिलाओं की इज्जत तार.तार करने वाले अपराधी कहां से आए हैंघ् सच तो यह है कि भाजपा राज में सत्ता संरक्षण में ही अपराधी फलफूल रहे हैं। उन पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है।

# योगी सरकार नादरगंज में बनाएगी नया आईटी हब

● 40 एकड़ में बनेगा आईटी हब, राजकीय निर्माण निगम ने तैयार किया ब्लू प्रिंट

**लखनऊ।** योगी सरकार ने राजधानी लखनऊ को उत्तर प्रदेश का नया आईटी हब बनाने की तैयार शुरू कर दी है। यह आईटी हब कानपुर रोड पर अमौसी स्थित नादरगंज इंडस्ट्रियल एरिया में 40 एकड़ जमीन पर बनाया जाएगा। उप्र राजकीय निर्माण निगम ने ब्लू प्रिंट भी तैयार कर लिया है। आईटी हब को तीन भागों में बांटा गया है, जिसमें आईटी पार्क, बिजनेस पार्क और इंटरनेशनल इक्यूबेशन फैसिलिटी सेंटर को स्थापित किया जाएगा। राजधानी में प्रस्तावित यह आईटी हब देश के चुनिंदा बड़े आईटी हब में से एक होगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश के विकास को लेकर संकल्पित हैं और खासतौर पर राजधानी लखनऊ को न सिर्फ प्रदेश के लिए बल्कि देश के लिए एक मॉडल के रूप में प्रस्तुत रखने की मंशा रखते हैं। आईटी हब को लेकर योगी सरकार आगे बढ़ रही है।

उप्र राजकीय निर्माण निगम द्वारा प्रस्तुत आईटी हब के प्रस्तावित ब्लू प्रिंट के अनुसार निर्धारित भूमि पर 11.47 एकड़ पर आईटी पार्क का निर्माण किया जाना है। 7.4 एकड़ में बिजनेस पार्क को विकसित किया जाएगा। इंटरनेशनल इंक्यूबेशन फैसिलिटी सेंटर को 6.9 एकड़ में बनाया जाएगा। 8.7 एकड़ भूमि ग्रीन एरिया के रूप में विकसित किया जाएगा, जिसमें पर्यावरण के संरक्षण से जुड़े पेड.पौधों व बगीचों को स्थापित किया जाएगा। इतना ही नहीं 5.8 एकड़ में सड़कों का जाल बिछाया जाएगा ताकि आईटी हब में निर्मित भवनों के बीच कनेक्टिविटी सुनिश्चित हो सके। ब्लू प्रिंट के अनुसार आईटी पार्क, बिजनेस पार्क और इंटरनेशनल इंक्यूबेशन फैसिलिटी सेंटर को बेसमेंट और ग्राउंड समेत 6 मंजिला इमारत में निर्मित किया जाएगा।

### कंसल्टेंट के चयन की प्रक्रिया शुरू

आईटी हब को लेकर योगी सरकार की मंशा के अनुरूप तैयारियां भी शुरू हो गयी हैं। योगी सरकार ने जमीन के आवंटन, इसके ब्लू प्रिंट के अलावा प्लानिंग एवं सफल इंप्लीमेंटेशन के लिए कंसल्टेंट के चयन की तलाश शुरू कर दी है। स्टेट ऑफद आर्ट आईटी हब और संबंधित इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास की योजना है। आईटी हब में बड़ी आईटी, फाइनेंशियल और टेक कंपनियों को बतौर स्ट्रैटजिक पार्टनर के रूप में जोड़ा जाएगा जबकि आईटी से जुड़ी कंपनियों को आईटी हब के प्रति आकर्षित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। आईटी हब को इस तरह का स्वरूप दिया जाएगा जहां इनोवेशन और टेक्नोलॉजिकल एडवांसमेंट की प्रबल संभावना हो। आईटी प्रोफेशनल के लिए रोजगार उत्पन्न हो सके जबकि राजधानी लखनऊ का आर्थिक विकास भी हो सकेगा। आईटी हब के प्रस्ताव के अनुसार इसको देश के बड़े इंक्यूबेटर के तौर पर स्थापित किया जाएगा।

# हर घर तिरंगा अभियान का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ



● सीएम योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर परिसर में फहराया तिरंगा

जनता से की अपने अपने घरों पर तिरंगा फहराने की अपील

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/गोरखपुर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने रविवार को यहां गोरखनाथ मंदिर परिसर में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झंडा फहराकर हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत की। साथ ही प्रदेशवासियों से आजादी के अमृत महोत्सव का भागीदार बनने का अपील की। सीएम ने इस दौरान तिरंगे के साथ सेल्फी भी ली। उन्होंने 77वें स्वतंत्रता दिवस से पहले प्रदेश की जनता से इस अभियान से जुड़ने की अपील की। बता दें कि बीते वर्ष भी योगी सरकार ने प्रदेश में साढ़े चार करोड़ तिरंगा फहराकर बड़ा उदाहरण प्रस्तुत किया था। वहीं इस वर्ष भी प्रदेश के आवासीय, अनावासीय भवन, सरकारी.गैर सरकारी कार्यालय, संस्थाओं आदि के भवनों पर शान से तिरंगा फहराया जाएगा। मुख्यमंत्री तीन दिवसीय दौरे पर गोरखपुर में हैं।

मुख्यमंत्री ने हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत ना केवल गोरखनाथ मंदिर परिसर में राष्ट्रध्वज फहराकर की बल्कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी उन्होंने अपने सभी सोशल मीडिया अकाउंट की प्रोफाइल पिक्चर को बदलकर तिरंगे की तस्वीर अपलोड की है। आजादी के अमृत काल के इस दूसरे स्वतंत्रता दिवस पर एक सप्ताह तक विविध आयोजन होने हैं। इस दौरान 13 अगस्त को हर घर तिरंगा अभियान के साथ ही 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस पर प्रदेश के सभी जिलों में मौन जुलूस निकालकर भारत के विभाजन की विभिषिका को याद करते हुए उस दौरान हुई हिंसा में हताहत लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इसके अलावा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत मिट्टी का दीपक जलाकर वीर बलिदानियों को याद कर नमन किया जाएगा। वहीं स्वतंत्रता दिवस के अवसर राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के सभी जिलों में विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। जिलों में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियोंए सैन्य बलए केंद्रीय पुलिस बल और पुलिस विभाग के बलिदानियों के स्वजन को सम्मानित किया जाएगा और कवि सम्मेलन एवं मुशायरों का आयोजन होगा। आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा एवं मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिए प्रदेश के बेसिक एवं माध्यमिक विद्यालय रविवार को भी खोले गये। मुख्यमंत्री के निर्देश पर छात्र.छात्राओं के लिए मिड.डे मील की भी विशेष व्यवस्था की गई। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार ने स्कूलों में हर घर तिरंगा और मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रमों की तिथिवार रूपरेखा तय की है।

## यूपी में फहराए जाएंगे पांच करोड़ से अधिक राष्ट्रीय ध्वज

**लखनऊ।** पीएम मोदी और सीएम योगी की अपील को देखते हुए माना जा रहा है कि इस बार भी पिछली बार की तरह उत्तर प्रदेश में लक्ष्य से अधिक झंडे फहराए जाएंगे। पिछले वर्ष योगी सरकार ने 4.76 करोड़ झंडे फहराने का लक्ष्य रखा थाए जबकि लक्ष्य के सापेक्ष कुल 5.25 करोड़ झंडे फहराए गए थे। इस बार सरकार ने 5 करोड़ झंडे फहराने का लक्ष्य तय किया है और हर घर तिरंगा अभियान के प्रति लोगों के उत्साह को देखते हुए लक्ष्य से भी अधिक झंडे फहराए जाने की संभावना है। प्रदेश में जिन स्थानों पर झंडा फहराया जाएगा, यदि उनका आंकड़ा देखें तो स्पष्ट है कि 5 करोड़ का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया जाएगा। सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में अनुमानित कुल 3 करोड़ 98 लाख 76 हजार 217 आवास हैं। वहीं अन्य प्रतिष्ठानों की संख्या भी अनुमानित 29 लाख 91 हजार 813 है। तमाम निजी दफ्तर, दुकानें, शैक्षणिक संस्थाएं, वाणिज्यिक एवं औद्योगिक इकाइयों समेत अन्य प्रतिष्ठानों पर भी झंडा फहराया जाएगा। इतने बड़े लक्ष्य के सापेक्ष योगी सरकार ने प्रदेश में झंडों की उपलब्धता का भी विशेष प्रबंध किया है। झंडा संहिता मानक के अनुरूप एक करोड़ झंडे जिलास्तर पर पहले से ही उपलब्ध हैं, जबकि 4 करोड़ झंडे सेल्फ हेल्प ग्रुप निजी सिलाई केंद्रों, एनआरएलएम, एनयूएलएम, एनजीओ, एमएसएमई व खादी उद्योग समेत अन्य माध्यमों से तैयार कराए गए हैं। इसके तहत सभी जिला मुख्यालयों को निर्देश दिए गए हैं कि समस्त राशन की दुकानोंए ग्राम पंचायत भवनों, जन सेवा केंद्रों, तहसील, विकासखंड कार्यालयए प्राथमिक विद्यालयए आंगनबाड़ी केंद्र और पेट्रोल पंप व एलपीजी सेंटर के माध्यम से झंडों का क्रय.विक्रय किया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्य विकास अधिकारी ब्लॉक स्तर पर खंड विकास अधिकारी को झंडे उपलब्ध कराएंगे, जो पंचायत सचिव स्तर पर इन्हें हस्तांतरित करेंगे। यहां से ग्राम पंचायत के माध्यम से प्राथमिक विद्यालयए आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य उपकेंद्र, आशा बहुओं, बीट कांस्टेबलए लेखपाल, शिक्षामित्र के माध्यम से गांव के प्रत्येक घर में झंडों का वितरण किया जाएगा। इसी तरह शहरों में रेजीडेंट वेलफेयर एसो., सीडीएस, एनयूएलएम एसएचजी, निगम पार्दषगण, बीट कांस्टेबल, लेखपाल, शिक्षामित्र के माध्यम से प्रत्येक घर तक वितरण होगा।

# कभी नहीं भुलाया जा सकता देश के बंटवारे का दर्दः भूपेन्द्र चौधरी

**लखनऊ।** भाजपा की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने रविवार को कहा कि भारत के विभाजन के दर्द को कभी भुलाया नहीं जा सकता, क्योंकि इससे हिंदुस्तान के भूगोल, समाज और संस्कृति का भी बंटवारा हो गया था। चौधरी ने भारत विभाजन की बरसी की पूर्व संध्या पर रविवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 14 अगस्त भारतीय इतिहास का काला दिवस है। देश के विभाजन के दर्द को कभी भुलाया नहीं जा सकता, भारत के इतिहास में यह एक ऐसा दिन है, जब देश के भूगोल, समाज और संस्कृति सभी का बंटवारा हो गया। नफरत और हिंसा ने लाखों लोगों को अपने घर से विस्थापित किया और लाखों लोग मारे गए।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने देश के विभाजन के लिए मुस्लिम लीग और कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि 30 दिसम्बर 1906 को गठित हुए इस घोर साम्प्रदायिक संगठन ने अपने जन्म से ही पृथकतावादी नीति को अपनाया तथा भारत में लोकतांत्रिक संस्थाओं का विरोध किया। दावा किया कांग्रेस द्वारा मुस्लिम लीग की शर्तों को स्वीकार करने से भारत विभाजन की सम्भावनाएं भी बढ़ रही थी। लाहौर में 1940 में मुस्लिम लीग का सम्मेलन हुआ जिसमें उसने दो राष्ट्र के सिद्धान्त का प्रतिपादन किया। मुस्लिम लीग ने साफ तौर पर यह घोषणा कर दी कि वह अलग देश चाहते हैं।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने दावा किया, मुस्लिम लीग द्वारा डायरेक्ट एक्शन डे के तहत देश में दंगे और उन्माद फैलाया गया। हत्या, लूट, आगजनी व दुराचार का दौर शुरू हो गया। अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो की नीति कारगर साबित हुई और भारत का विभाजन हो गया। भारतीय जनता पार्टी विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर 14 अगस्त को प्रदेश के सभी संगठनात्मक 98 जिलों में देश की विभाजन में विस्थापित तथा शहीद हुए देशवासियों की स्मृति में मौन जुलूस निकालेगी। साथ ही संगोष्ठियां आयोजित कर देश के विभाजन में हुई क्रूरता, अमानवीयता, नृशंस्ता और देश के विभाजन के कारणों पर चर्चा करेगी। चौधरी ने कहा, पंडित जवाहरलाल नेहरू और कांग्रेस द्वारा विभाजन स्वीकार करना एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। कम्युनिस्ट पार्टी ने मुस्लिम लीग की विभाजन की मांग का समर्थन तो किया ही, अपने अनेक मुस्लिम सदस्यों को निर्देश दिया कि वे द्वि-राष्ट्र सिद्धांत को बौद्धिक बल प्रदान करने के लिए मुस्लिम लीग में शामिल हों। आरोप लगाया, पंडित नेहरू ने प्रधानमंत्री की कुर्सी पाने के लिए न केवल देश के टुकड़े करवाए बल्कि लाखों लोगों के खून से भारत भूमि को नहला दिया। घृणा का जो बीज उस समय बोया गया उसे पूरी तरह नष्ट करने के लिए आने वाली कई पीढ़ियों को मिलकर प्रयास करना होगा।

# रालोद के मतदाता आज भाजपा की ओर आकर्षितः कपिल देव

**लखनऊ।** उप्र सरकार के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि 2009 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के साथ गठबंधन में रालोद ने पांच सीट जीती थीं, लेकिन गठबंधन से हटने के बाद के आम चुनाव में रालोद को एक भी सीट हासिल नहीं हुई थी। अग्रवाल ने दावा किया कि रालोद के मतदाता आज भाजपा की ओर आकर्षित हैं। इसका मतलब यह है कि रालोद के लिए भाजपा के साथ गठबंधन सबसे फायदेमंद साबित हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि अगले साल की शुरुआत में होने वाले लोकसभा चुनाव में वे (रालोद) भाजपा के साथ गठबंधन करेंगे या नहीं, इसका फैसला भाजपा नेतृत्व और रालोद प्रमुख जयंत चौधरी करेंगे। मुजफ्फरनगर विधानसभा सीट से तीसरी बार निर्वाचित भाजपा नेता ने पीटीआई-भाषा को दिए एक साक्षात्कार में कहा, यह (गठबंधन) मेरा काम नहीं है। मैं यह जरूर कहूंगा कि रालोद के मतदाता आज भाजपा की ओर आकर्षित हैं।

# महिलाओं की हिस्सेदारी सुनिश्चित करने को कांग्रेस प्रतिबद्धः कनिष्क पाण्डेय

● युवा कांग्रेस आज लांच करेगी इंदिरा फेलोशिप




**लखनऊ।** कांग्रेस मुख्यालय में रविवार को आयोजित प्रेसवार्ता में उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष कनिष्क पाण्डेय ने कहा कि भारतीय युवा कांग्रेस ने देश भर में महिला सशक्तिकरण के लिए युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन बेंगलुरु में शक्ति सुपर शी की शुरुवात की थी। यह कार्यक्रम भारतीय युवा कांग्रेस के मुख्य कार्यक्रमों में से एक है। इस कार्यक्रम के तहत स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के अवसर पर हर प्रदेश स्तर पर, जिला स्तर पर और विधानसभा स्तर पर महिला सशक्तीकरण की झलकियां दिखाई पड़ेगी। यह कार्यक्रम भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी जी एवं राष्ट्रीय प्रभारी कृष्णा अल्लावरू जी के निर्देश पर पूरे देश में आयोजित किया जा रहा है। भारतीय युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय ज्वाइन्ट सेक्रेट्री एवं शक्ति सुपर शी कार्यक्रम की कोआर्डिनेटर श्रीमती रोशनी कुशल जायसवाल कहा कि आज भारतीय युवा कांग्रेस की तरफसे हमें अपने देश में महिला सशक्तिकरण और नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए समर्पित अपने प्रमुख अभियान शक्ति.सुपर ींजप की घोषणा करते हुए बेहद गर्व हो रहा है।

**इंदिरा फेलोशिपः** इंदिरा फेलोशिप नेतृत्व गुणों और राजनीति में शामिल होने की इच्छा रखने वालों के लिए है। वे एक फॉर्म भरकर इस फेलोशिप के लिए आवेदन कर सकते हैं। चयनित अध्येताओं के लिए एक परीक्षण और एक ओरिएंटेशन कार्यक्रम होगा। शक्ति क्लब. शक्ति क्लब उन महिलाओं के लिए हैं जो किसी भी राजनीतिक दल से संबद्ध नहीं हैं लेकिन अपने समाज में बदलाव लाना चाहती हैं। इस क्लब के माध्यम से उन्हें अपनी आवाज और मुद्दे उठाने के लिए एक मंच दिया जाएगा और साथ हीए उन्हें तदनुसार कार्य भी सौंपे जाएंगे। उदाहरण के लिए शक्ति सुपर शी टीम 15 अगस्त को झंडा फहराएगी और इंदिरा फेलोशिप के लिए संभावित उम्मीदवारों की तलाश करेगी। इंदिरा फेलोशिप 14 अगस्त 2023 को लॉन्च की जाएगी।

युवा कांग्रेस की महासचिव निवेदिता सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में आज देश भर में महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेकर अनेकों प्रश्नचिन्ह खड़े हो गए है, महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के चलते उन्हें दबाने और आगे बढ़ने से रोकने का प्रयास किया जा रहा हैए इस ही असमानता को दूर करने के लिए युवा कांग्रेस ने कार्यक्रम की शुरुवात की है ताकि देश की हर महिला अपने हक और हिस्सेदारी के लिए किसी पर भी निर्भर ना रहें। कांग्रेस पार्टी के नेता श्री राहुल गांधी जी ने हमेशा प्रयास किया है ज्यादा से ज्यादा महिलाएं राजनीति में आए इसके चलते भारतीय युवा कांग्रेस ने संगठन स्तर पर 33 प्रतिशत महिला आरक्षण के तहत संगठन में ज्यादा से ज्यादा महिलाओं की भागीदारी हो इसका प्रयास किया है।

# विद्यालय रामापुर को मिला बेस्ट स्कूल ऑफ द वीक का खिताब

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**ब्लॉक** पसगवा का परिषदीय विद्यालय रामापुर की प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में अलग ही पहचान है। यहा की इंचार्ज प्रधानाध्यापक पूजा गुप्ता के अतिरिक्त प्रयास, असरदार कार्य मिसाल बन गए हैं। जिसका असर इनके विद्यालय में साफ नजर आ रहा। बच्चों को खेल गतिविधियों के द्वारा शिक्षण कराना पूजा की दिनचर्या बन चुकी है। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अभिनव पहल फ्रबेस्ट स्कूल आफ द वीकफ्र मुहिम के तहत इस सप्ताह के सर्वश्रेष्ठ विद्यालय का खिताब इसी स्कूल को दिया गया है।

प्रधानाध्यापक, प्रधान, एसएमसी सदस्यों की कोशिश ने इस विद्यालय की रंगत ही बदल दी। विद्यालय के कमरों शौचालय एवं किचन में शानदार टायलीकरण है। विद्यालय का स्वच्छ और सुंदर भवन बच्चों को लुभा रहा है। आज से कई वर्ष पूर्व वर्ष 2015 को पूजा गुप्ता की नियुक्ति प्राथमिक विद्यालय रामापुर में हुई। उस समय बड़े पैमाने पर संसाधनों का अभाव था। पूजा ने धीरे धीरे विद्यालय को बदलने के लिए दृण इच्छा से कार्य शुरू किया। बाहरी आवरण को सुंदर बनाने के लिए समुचित रंगाई पुताई व पेंटिंग का कार्य कराया। बाहरी दीवारों पर विभिन्न मनमोहक चित्र, स्लोगन व कक्षा की दीवारों पर भाषा व गणित के विभिन्न रंग बिरंगे टीएलएम बनवाए। विद्यालय में कंपोजिट ग्रांट एवं ग्राम पंचायत से बच्चो के बैठने के लिए डेस्क, बेंच की व्यवस्था की। कायाकल्प योजना से विद्यालय का टाइलीकरण, हैंडवाश स्टेशन, रिचार्ज पिट, समर्सेबल, रैंप रेलिंग, दिव्यांग सुलभ शौचालय, शौचालय में टाइलीकरण व जल आपूर्ति की व्यवस्था, किचन में टाइलीकरण,अनाज भंडारण हेतु टिन के ड्रम आदि की व्यवस्था हुई। कक्षा कक्ष में बच्चो के शिक्षण को अधिक रोचक बनाने के लिए रीडिंग कॉर्नर,भाषा गणित से संबंधित विभिन्न टीएलएम आदि भी बनाए गए। कक्षाकक्ष में निरंतर दीक्षा एप, रिडअलोंग एप का उपयोग किया जाता है। निपुण लक्ष्य एप का उपयोग कर बच्चो का मूल्यांकन भी किया जाता है। बताते चले कि वर्तमान में कायाकल्प के सभी 19 पैरामीटर्स का कार्य पूर्ण हैं। ग्राम रामापुर छोटा गांव है।

यहां की जनसंख्या भी बहुत अधिक नहीं है। फिर भी विद्यालय की छात्र संख्या निरंतर स्थिर बनी है। बच्चों की उपस्थिति प्रतिदिन 80 फीसदी रहती है। प्रधान सहित अन्य गणमान्य नागरिकों के बच्चे विद्यालय में ही शिक्षा ग्रहण कर रहे। कोई भी बच्चा बाहर किसी निजी विद्यालय में नहीं जाता है। यह यहां की विशेषता है।

## मोटर साइकिल चोरी कर बेचने वाले तीन अभियुक्त गिरफ्तार दो मोटरसाइकिल बरामद

**बरेली।** मोटरसाइकिल चोरी करके बेचने वाले गैंग के तीन बदमाशों को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर लिया उनके पास से चोरी की दो मोटरसाइकिल भी बरामद हुई ।थाना बारादरी क्षेत्र में वाहन चौकिंग के दौरान पुलिस को सूचना मिली की 03 व्यक्ति चोरी की मोटर साइकिल बेचने के लिए लेकर जा रहे है तब पुलिस ने चौकिंग के दौरान फ्इक इन्कलेव स्थित डा0 कलाम गेट पर बारादरी थाना क्षेत्र के रोहिणी टोला स्थित शादी हाल के पास रहने वाले राजीव पुत्र आरिफ् जगतपुर स्थित मरियम स्कूल के पास रहने वाले कैफ पुत्र हसमत अली और किला थाना क्षेत्र के स्वाले नगर के मूल निवासी और जगतपुर पानी की टंकी के पास रहने बाले आफ्क पुत्र महताब और बारादरी थाना क्षेत्र के रोहली टोला शादी हॉल के पास रहने वाले तहजीम पुत्र आरिफको पकड़ लिया।

# राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश महामंत्री अजीत का बरेली में हुआ स्वागत

**संवाददाता।** बरेली

**लखनऊ** से मुजफ्फ्रनगर जाते समय अजीत राठी कुछ समय राष्ट्रीय लोक दल के कार्यकर्ताओं के बीच बरेली में रुके उनके साथ बिजनौर के पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक चौधरी भी थे बरेली में राष्ट्रीय लोक दल के जिला अध्यक्ष मोहम्मद मतलूब के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने अपने नेता का फूल मालाओं से स्वागत किया कुछ समय सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस बरेली में रुके और कार्यकर्ताओं की मीटिंग ली संगठन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए इसके बाद प्रदेश संगठन महामंत्री अजीत राठी ने प्रेस को संबोधित किया और कहा मैं अपने लोकप्रिय नेता जयंत चौधरी के निर्देश पर पूरे प्रदेश में संगठन को मजबूत करने के लिए निकला हूं हर जिले में जाकर संगठन को मजबूत बनाऊंगा कार्यकर्ताओं से पदाधिकारियों से गरीब मजदूर किसानों से सीधे संवाद करूंगा पार्टी का फोकस लोकसभा चुनाव 2024 पर केंद्रित है चुनाव की तैयारी अभी से शुरू कर दी गई है संगठन को कुछ ही समय में बूथ स्तर तक ले जाना है संगठन में योग्य मेहनती एवं पार्टी के वफ्दार लोगों को ही स्थान दिया जाएगा, गठबंधन के मुद्दे पर बोलते हुए कहा कि हमारा गठबंधन विपक्ष द्वारा बनाया हुआ इंडिया गठबंधन के साथ है और रहेगा विपक्षी गठबंधन की बैठक जो मुंबई में होने वाली है उसमे चौधरी जयन्त सिंह भी शिरकत करेंगे बीजेपी द्वारा अफ्वाह उड़ाई जा रही है राष्ट्रीय लोक दल बीजेपी के साथ गठबंधन करेगा यह कोरी अफ्वाह है बीजेपी वर्तमान सरकार बीजेपी राष्ट्रीय लोक दल के बढ़ते जन आधार से बौखला गई है इसलिय अनापशनाप बयानबाजी कर रही है और वर्तमान में राष्ट्रीय लोक दल मजबूत है पार्टी पार्टी लगभग दो दर्जन सीटों पर अपनी तैयारी जोरों पर कर रही है पार्टी का पूरे प्रदेश में ही नहीं पूरे देश में जनाधार बड़ा है किसान नौजवान गरीब मजदूर इस सरकार से त्रस्त हो गए हैं उनकी निगाहें अब राष्ट्रीय लोक दल पर हैं इन लोगों का सपना माननीय जयंत चौधरी जी साकार करने में सक्षम है गन्ना किसानों की समस्याओं के संबंध में बताया किसानों का गन्ना मूल्य बकाया है जिसके भुगतान के लिए 17 अगस्त को प्रदेश के हर जिले में कार्यकर्ता धरना देकर गन्ना मूल्य का मय ब्याज सहित भुगतान करने के लिए ज्ञापन देंगे जनपद बरेली में भी शीघ्र ही सभी फ्रंटल संगठनों का का विस्तार कर पार्टी को आगे बढ़ाया जाएगा राठी के साथ आए अशोक चौधरी ने कहा संगठन में बड़ी शक्ति है हम सब लोग संगठित होकर किसान मजदूर गरीबों महिलाओं के उत्थान हेतु कार्य करने को हमेशा तत्पर रहें निश्चित ही समय आएगा आगामी लोकसभा चुनाव में हम अच्छी स्थिति में होंगे

# किसान के बेटे ने भारतीय सेना में चयनित होकर जिले का नाम किया रोशन

**संवाददाता।** निघासन-खीरी

**लखीमपुर** खीरी जिले के विकास क्षेत्र ईसानगर अंतर्गत ग्राम समैसा निवासी साधारण किसान के बेटे ने भारतीय सेना में चयनित होकर जिले का नाम स्वर्णाक्षरों में अंकित किया



है। जानकारी के अनुसार विकास क्षेत्र ईसानगर के अत्यंत पिछड़े ग्राम समैसा निवासी साधारण किसान महाजन राजपूत के होनहार पुत्र रिंकू राजपूत ने कड़ी मेहनत के दम पर भारतीय सेना में चयनित होकर देश की सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त किया है , गौरतलब है कि देश पर मर मिटने का विरले व्यक्तियों को ही मिल पाता है लेकिन रिंकू राजपूत ने अपनी मेहनत और लगन के दम पर भारत माता की सेवा करने करने का सौभाग्य प्राप्त किया ।

रिंकू की इस उपलब्धि पर राष्ट्रीय लोधी महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश राजपूत उत्तम ने स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

इसके अलावा बैजनाथ लोधी , डॉ चंद्रिका प्रसाद लोधी , राममिलन लोधी, मौजीलाल लोधी , सियाराम लोधी , राष्ट्रीय लोधी महासभा के प्रांतीय प्रवक्ता रत्तीराम लोधी , राधे लोधी तथा पत्रकार संजीव श्रीवास्तव चांद ने रिंकू राजपूत के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।

# यूटा ने मनाया स्थापना दिवस

**संवाददाता।** बरेली

**यूटा** के 8वे स्थापना दिवस पर जनपद बरेली यूटा के सभी पदाधिकारियों व शिक्षकों ने यूटा का स्थापना दिवस केक काटकर हर्षोल्लास के साथ मनाया । और एक सुर में नारा दिया कि काले अंग्रेजों भ्रष्टाचार छोड़ो। इस अवसर यूटा के जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह नें बताया कि जैसे 9 अगस्त 1942 को महात्मा गांधी ने आजादी के लिए गोरे अंग्रेजो से भारत छोड़ो का नारा दिया था। जिसे अगस्त क्रांति के नाम से भी जाना जाता है। उसी तरह देश में भ्रष्टाचार में डूबे काले अंग्रेजो के खिलाफ एक नई अगस्त क्रांति यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) का 12 अगस्त 2015 को जन्म हुआ। जिसका मुख्य उद्देश्य विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार को बढ़ाबा देने वाले और लिप्त अधिकारी, कर्मचारियों के खिलाफ यूटा एक क्रांति की तरह भ्रष्टाचारियों ( काले अंग्रेजों ) एक मुहीम के तहत कार्य कर रहा है और आगे भी इन काले अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ता रहेगा।यूटा जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने यूटा के आठवें स्थापना दिवस पर पदाधिकारियों से केक काटकर स्थापना दिवस मनाया और काले अंग्रेजो (भ्रष्टाचारियों)भारत छोड़ो का नारा दिया। इस पर सभी पदाधिकारियों ने संकल्प लिया कि ब्लॉक स्तर से लेकर जिला स्तर तक भ्रष्टाचारियों के खिलाफ यूटा की मुहिम जारी रखेंगे। इस मौके पर जिला महामंत्री हरीश कुमार कोषाध्यक्ष हेमंत कुमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष राज पल्याल, उपाध्यक्ष सत्येंद्र पाल सिंह, राखी गंगवार, रीटा बत्रा, वीरेंद्र कुमार, हेमंत मौर्य,रमेश मौर्य, अरविंद गुर्जर,श्रवण कुमार, सुनील कोली, विनोद कुमार, अंकित राज,धीरेंद्र कुमार, विजय, कृपाशंकर, अंजू टम्टा, सीरत खान, त्रिलोकी सिंह,जसवीर सिंह,अभिषेक, धर्मेंद्र,आलोक,केपी सिंह सिद्धार्थ, मोहन स्वरूप गंगवार,शशि प्रताप,रवि कुमार,दिनेश मौर्य, सत्यवीर पाल आदि मौजूद रहे।

# जेल में तिरंगा टी-शर्ट एवं गरीब बदियों हेतु वस्त्र वितरण

**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**जेल** में स्वतंत्रता दिवस को धूमधाम और भव्य तरीके से मनाने के लिए विभिन्न प्रकार की तैयारी के तहत बंदियों के द्वारा प्रयोग में लाई जाने वाली तिरंगा टी-शर्ट एवं गरीब बदियों हेतु वस्त्र वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक नगर श्री सुधीर कुमार जायसवाल का जेल अधीक्षक मिजाजीलाल ने कारागार पर पधारने पर कारागार परिवार की तरफ से स्वागत किया और वस्त्र भेंट कर्ता श्री राजा सैफी व स्वामी परमदेव महाराज का परिचय प्राप्त किया। तत्पश्चात बंदियों में वस्त्र भेंट किए गए। इस कार्यक्रम में गाजियाबाद से प्रसिद्ध समाज सेवी श्री राजा सैफी एवं बुलंदशहर से बालाजी दरबार के प्रसिद्ध महंत श्री परम देव महाराज जी के द्वारा बंदियों को वस्त्र भेंट किए गए। श्री राजा सैफी के द्वारा 50 नग तिरंगा टी-शर्ट जोकि 15 अगस्त पर बंदियों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले कार्यक्रमों में प्रयोग की जाएगी तथा 120 टी-शर्ट गरीब गरीब बंदिओं हेतु उपलब्ध कराई गई ।जिन्हें एक कार्यक्रम में बंदिओं को भेंट किया गया। श्री राजा सैफी के द्वारा इसके पूर्व भी अनेक अनेक अवसरों पर बंदियों के कल्याणार्थ अनेक प्रकार के सहयोग किए जाते रहे हैं। उनके द्वारा महिला बंदियों एवं बच्चों को कई बार गर्मी और सर्दी में पहने जाने वाले वस्त्र भेंट किए गए हैं तथा पुरुष बदियों हेतु भी शर्ट, पेंट ,पजामे, जैकेट, स्वेटर तथा जूते एवं चप्पल भेंट की गई हैं।

## आत्महत्या या हत्या की गुत्थी उलझी

**लखीमपुर-खीरी।** राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के सामने बने हुए जमील नामक व्यक्ति के आवास में मोहल्ला महावीरी निवासी लारेब उम्र 18 वर्ष लगभग पुत्र सरफराज का शव कमरे के कुंढे से लगभग 1 इंची मोटे पानी के पाइप से लटकता हुआ मिला तथा पास में सीढ़ी दिखाई पड़ी! लारेब की डेड बॉडी जिस प्रकार से कमरे की फर्श को छू रही थी उससे देखने वालों के मन में शंका उत्पन्न हो रही थी! चौकी इंचार्ज ओम प्रकाश सरोज को जब घटना की सूचना मिली तो तत्काल दलबल के साथ धरना स्थल पर पहुंचे तथा बारीकी से जांच करने में जुड़ गए! प्रथम दृष्टया सबको हिदायत दी गई कि कोई भी व्यक्ति किसी समान को छूएगा नहीं! इंचार्ज महोदय के द्वारा प्रभावी निरीक्षक थाना खीरी राजू राव को घटना की सूचना दी गई।

# नवनिर्मित गौशालाओं का सांसद विधायक ने किया उद्घाटन

**संवाददाता।** सीतापुर

- आवारा गौवंशों की समस्या से क्षेत्रवासियों को मिलेगी राहत
- सकरन क्षेत्र के महाराज नगर, सरैंया कला में बनी गौशाला
- दोनों गौशालाओं में संरक्षित किए जाएगें 300 से अधिक गोवंश

**सीतापुर** के ब्लाक सकरन क्षेत्र के दर्जनों गांवों के ग्रामीणों को अब आवारा गौवंश की समस्या से निजात मिलेगी। यही नहीं अभी तक क्षेत्र में जो गौवंश बारिश, जाड़ा और धूप में इधर-उधर घूमते रहते रहे है, उन्हे स्थाई ठिकाना मिलेगा। यह आवारा गौवंश टीनशेड के नीचे आराम से रह सकेंगे उनके लिए चारा और पानी की व्यवस्था भी की गई है। ग्रामीणों किसानों की इस समस्या को दूर करने के लिए सीतापुर से भाजपा सांसद राजेश वर्मा ने नवनिर्मित गौशाला का उद्घाटन कर क्षेत्रवासियों को सौगात दी है। गौशाला सकरन क्षेत्र के महाराज नगर और ग्राम पंचायत सरैंया कला में गौशालाओं का निर्माण कराया गया है। नवनिर्मित गौशालाओं का उद्घाटन सांसद राजेश वर्मा और बिसवां विधायक निर्मल वर्मा ने संयुक्त रुप से फीता काटकर किया। सांसद राजेश वर्मा ने उद्घाटन अवसर पर कहा की एक गौशाला में लगभग डेढ़ सैकड़ा पशुओं को संरक्षित किया जा सकेगा। गौशाला बनने से किसानों को अब अपनी फसलों की रखवाली नहीं करनी पड़ेगी। मौके पर ब्लाक प्रमुखप्रतिनिधि कृष्ण कुमार वर्मा, बीडीओ धर्मेन्द्र कुमार, अवर अभियंता शैलेश वर्मा, सचिव उमाकांत, शैलेन्द्र दीक्षित, प्रधान गुड़िया देवी, गुड्डु पासवान, बब्लू शुक्ला, श्रवण कुमार, राकेश, हेमराज, शिवकिशोर, संजय बाजपेई, अनुज कुमार, पवन राजा मौर्य, रामदुलारे, लखनलाल, घनश्याम दीक्षित, बाबू मौर्य, विनोद, अंबर, हरिनाम सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# अट्ठारह सूत्री मांगों को लेकर क्षेत्रीय विधायकों को मांग पत्र दिये

**संवाददाता।** शाहजहांपुर



**उत्तर** प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय आह्वान पर अपनी अट्ठारह सूत्री मांगों को लेकर अलग अलग क्षेत्रीय विधायकों को विकास खंड शाखाओं के पदाधिकारी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने अपने मांग पत्र देकर मांगे पूर्ण करवाने के लिए कहा गया।

संघ की विकास खंड शाखा भावलखेड़ा, ददरौल, मदनापुर एवं कांट द्वारा ददरौल विधायक मानवेन्द्र सिंह को विकास खंड पुवायां , बण्डा एवं खुटार द्वारा विधायक पुवायां चेतराम, विकास खंड जैतीपुर शाखा द्वारा कटरा विधायक वीर विक्रम सिंह को मांग पत्र दिये गये। संघ के 18 सूत्रीय मांगों में प्रमुख मांगे पुरानी पेंशन बहाली, राज्य कर्मियों की भांति उपार्जित अवकाश, द्वितीय शनिवार अवकाश, प्रतिकर अवकाश, अध्ययन अवकाश, कैशलेस चिकित्सा, प्रत्येक प्राथमिकध्उच्च प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक पद पर पदोन्नतिध्तैनाती, उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद के शिक्षकों की भांति चयन वेतनमान में 12 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके सभी शिक्षकों को प्रोन्नत वेतनमान आदि । संघ पदाधिकारी खिरनीबाग रामलीला मैदान में एकत्रित होकर जिला मंत्री देवेश बाजपेई के नेतृत्व में ददरौल विधायक के आवास पर पहुंच कर उनको अपना मांग पत्र सौंपा और मांगे पूर्ण करवाने हेतु सरकार से संस्तुति करने की मांग की है। मांग पत्र देने वालों में प्रमुख रूप से संघ की प्रांतीय प्रचार मंत्री अर्चना तिवारी, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुनीश मिश्र, जिला कोषाध्यक्ष रविंद्र पाल प्रजापति,जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार तिवारी, यशपाल सिंह यादव, डा0 विनय गुप्ता तहसील प्रभारी अनुज कुमार सिंह, धर्मेंद्र सिंह, अरविंद त्रिपाठी, महेंद्र सिंह,वारिस अली, दाताराम, धर्मवीर सिंह,शेर सिंह,अजब सिंह, फिरोज खां,प्रदीप सिंह, जितेन्द्र वर्मा, कौशलेंद्र सिंह ,जय प्रकाश,शिव शरण , विशेष सिंह,मान सिंह, सुरेन्द्र सिंह, अंकित मिश्र,अजीत सिंह,सीमा सिंह, सुषमा गुप्ता, बबिता श्रीवास्तव, शैली चौधरी आदि थे।

# 3 तस्कर गिरफ्तार, एक करोड़ की अफीम बरामद

**संवाददाता।** शाहजहांपुर



**पुलिस** ने होटल और ढाबों पर अफीम की तस्करी करने वाले गैंग के तीन सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से एक किलो अफीम बरामद की है। बरामद अफीम की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में एक करोड़ के करीब है। आरोपी बाइक की डिग्गी में रखकर अफीम की तस्करी करने जा रहे थे। पुलिस तीनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। तीनों आरोपी बरेली के रहने वाले हैं।थाना कटरा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बीती रात हाईवे पर खैरपुर चौराहा के पास से अफीम की तस्करी होने वाली है। इसके बाद थाना प्रभारी ने भारी पुलिस बल के साथ खैरपुर चौराहा के पास चेकिंग अभियान शुरू कर दिया था। पुलिस ने बरेली की तरफसे आ रही एक बाइक को रोका। बाइक पर तीन युवक सवार थे। पुलिस ने युवकों की तलाशी लेने के बाद जब बाइक की डिग्गी खोलकर देखी तो पुलिस ने उसमे से एक किलो अफीम बरामद की है। बरामद अफीम की अंतरराष्ट्रीय बाजार में एक करोड़ रुपए कीमत बताई गई है। पुलिस तीनों आरोपियों को थाने लेकर गई। आरोपी मुकेश, मनमोहन और लालू बरेली के रहने वाले हैं। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने पुलिस को बताया कि तीनों आपस में दोस्त हैं। तीनों ने पैसे इकट्ठा करके बरेली के रहने वाले एक युवक से एक किलो अफीम खरीदी थी। उसके बाद अफीम की छोटी छोटी पुड़िया बनाकर उसको होटल और ढाबों पर आने वाले ट्रक चालकों को बेचते थे। एसपी ने बताया कि तीन आरोपियों को अफीम के साथ गिरफ्तार किया गया है। जिससे इन तीनों ने अफीम खरीदी थी उसकी भी तलाश की जा रही है।

## नगर पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ12 सभासद धरने पर बैठ गए

**शाहजहांपुर।** बंडा नगर पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ उनके ही 12 सभासद धरने पर बैठ गए। उनका आरोप है कि चेयरमैन ने मुस्लिम बहुल इलाकों में विकास कराने के लिए सड़क बनाए जाने के प्रस्ताव पास किए हैं। चेयरमैन और उनके भाई के जिस जगह पर प्लाट हैं, उन प्लाटों की कीमत बढ़ाने के लिए 49 सड़कों को पास कराया गया है।

सभासदों के बगैर साइन के प्रस्ताव पास कर दिए गए। उन्होंने मांग की प्रस्ताव को निरस्त कर दोबारा से प्रक्रिया को पूरा किया जाए। मांगें पूरी नहीं होने पर सोमवार से भूख हड़ताल की भी चेतावनी दी। ।बंडा नगर पंचायत की जनता ने निकाय चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी मोहम्मद इशहाक को चुना था। इस क्षेत्र में 15 सभासद चुने गए थे। जिसमें से 12 सभासदों ने अपने ही चेयरमैन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

## क्विक न्यूज

### अम्बरीश दीक्षित बने वर्ल्ड हिंदू फाउंडेशन भारत के अध्यक्ष



**सीतापुर।** वर्ल्ड हिंदू फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रहलाद मोदी के निर्देश पर राष्ट्रीय महासचिव आशू मोगिया ने पूर्व जिला पंचायत सदस्य अम्बरीश कुमार दीक्षित को वर्ल्ड हिंदू फाउंडेशन भारत का अवध प्रांत अध्यक्ष बनाया गया है। अम्बरीश कुमार दीक्षित सीतापुर शहर के मोहल्ला सिविल लाइन निवासी है। इस नियुक्ति पर तमाम स्थानीय लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने महापुरुषों की प्रतिमा साफ कीं



**सीतापुर।** भाजपा युवा मोर्चा की सीतापुर इकाई द्वारा स्वतंत्रता दिवस को देखते हुए महापुरूषों की प्रतिमाओं पर साफ सफाई कर माल्यापर्ण किया गया। इस दौरान नगर अध्यक्ष श्रेयांश सिंह, महामंत्री अनुपम वर्मा, अभिषेक वर्मा, अर्जित तिवारी और आलोक कुमार शानू सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस आज, लगेगी प्रदर्शनी

**लखीमपुर खीरी।** जिला प्रशासन द्वारा 14 अगस्त को जिले में फ्रविभाजन विभीषिका स्मृति दिवसफ्र मनाया जाएगा। इसमें विकास भवन परिसर में विभाजन विभीषिका की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। उक्त जानकारी मेरी माटी मेरा देश अभियान के जनपदीय नोडल अधिकारी डीपीआरओ सौम्य शील सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि भारत के लोग फ्रआजादी का अमृत महोत्सवफ्र मनाते हुए अपनी मातृभूमि के उन बेटे एवं बेटियों को नमन करते हैं, जिनको भारत विभाजन के दौरान अपने प्राण न्योछावर करने पड़े थे। ऐसे लोगों की याद में और भारत की वर्तमान और भावी पीढ़ियों को विभाजन के दौरान लोगों ने जो यातना सही और वेदना का स्मरण दिलाने के लिये 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया जायेगा। इस प्रदर्शनी में विभाजन के दौरान की करुणामय स्थितियों का चित्रण किया जाएगा। उन्होंने अपील की कि बड़ी संख्या में आमजन आकर इस प्रदर्शनी का अवलोकन अवश्य करें।

### महिला रसोइया की निर्ममतापूर्वक गला दबाकर हत्या

**संडीला(हरदोई)।** एक प्राथमिक विद्यालय में रसोइया के रूप में कार्यरत महिला का शव एक मक्के के खेत से बरामद किया गया है। उक्त महिला दो दिन से लापता थी। मृतका के गले में बंधी रस्सी से उसकी निर्ममतापूर्वक गला दबाकर हत्या की आशंका व्यक्त की जा रही है। पुलिस के उच्च अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार अतरौली क्षेत्र के बहुतीकलां निवासी 50 वर्षीय महादेई पत्नी महावीर दलेलपुर गांव के प्राथमिक विद्यालय में रसोईया के तौर पर कार्यरत थी। वह जो प्रतिदिन की भांति शनिवार को भी विद्यालय खाना बनाने गयी थीं परन्तु वह वापस नहीं लौटी। उनके शाम तक घर वापस न लौटने पर परिजनों ने उनकी खोज शुरू की लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला। रविवार की सुबह दलेलपुर-बहुती मार्ग पर स्थित एक मक्के के खेत में उनका शव पड़ा हुआ दिखाई दिया। शव के गले में रस्सी बंधी थी, ऐसा प्रतीत होता था जैसे हत्यारों ने गला घोटकर उसकी हत्या की है। इस घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिसफोर्स मौके पर पहुंचा। बाद में अपर पुलिस अधीक्षक भी मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का बारीकी से मुआएना किया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी भी मौके पर आए। उन्होंनें बताया कि इस घटना का शीघ्र खुलासा करने के लिए पुलिस को निर्देश दिए गए है। मृतक रसोईया महादेयी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### "मेरी माटी, मेरा देश" अभियान के अंतर्गत पुलिकर्मियों ने निकाली तिरंगा यात्रा



**संडीला(हरदोई)।** "मेरी माटी मेंरा देश" अभियान के अंतर्गत कोतवाली पुलिस द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। प्रभारी निरीक्षक नित्यानंद सिंह के नेतृत्व में देशभक्ति गीतों के गूंजतों स्वरों के बीच इस यात्रा का प्रारंभ कोतवाली से नगर के मुख्यमर्गा होते हुए बस अड्डा चौराहा और लखनऊ रोड होते हुए निकाली गयी। इस यात्रा में बड़ी संख्या में पुलिसेकर्मियों ने हाथ में तिरंगा लेकर प्रतिभाग किया।

# हमारा जिला शहीदों की नगरी शाहजहांपुर है : परिहार

**संवाददाता।** शाहजहांपुर



**आजादी** के अमृत महोत्सव'' के अन्तर्गत देश भक्तों एवं वीर बलिदानियों को नमन करने और उनकी स्मृतियों को ह्रदय में सजोने और उनके व्यक्तित्व से प्रेरणा ग्रहण करने, युवाओं को उनके बलिदान एवं देश भक्ति के बारे में बताने, हर वर्ग व हर समुदाय को अपने राष्ट्र के प्रति कृत संकल्पित करने के लिए पूरे देश में ''मेरी माटी मेरा देश'' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में कार्यक्रम का आयोजन नेहरू युवा केन्द्र शाहजहाँपुर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में विकस्खण्ड बंडा की देवकली पंचायत के जिला परिषद उच्त्तर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार, जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया, गंगा समिति सदस्य विनय सक्सेना, नेहरू युवा केन्द्र शाहजहाँपुर के युवा मंडल सदस्य मुनीष सिंह परिहार, अरविंद मिश्रा, राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक आशीष मिश्रा, पंकज वर्मा, निर्दोष शर्मा, आर एल मौर्या ने स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया जिसके बाद जिला युवा अधिकारी द्वारा माननीय सांसद एवं अतिथियों का स्वागत शॉल, प्रतीक चिन्ह, बैज से किया गया।

सांसद मिथिलेश कुमार, जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया ने स्वयं एवं उपस्थित आगन्तुको, समस्त स्वयंसेवकों, से अमृत कलश में मिट्टी डलवाकर इस कार्यक्रम के उद्देश्य को सफ्ल बनाने की तरफ कदम भी बढ़ाया और सभी से इस विशेष अभियान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने का आव्हान भी किया। सांसद ने अपने सम्बोधन में नेहरू युवा केन्द्र शाहजहाँपुर द्वारा आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि पिछले वर्ष जनपद में तिरंगा अभियान बडे ही उत्साह के साथ मनाया गया था, उसी श्रृखला में आज हम उन पंच तत्व को नमन करेगे जिसमे हम पले बढे है। वो है हमारे देश की माटी। इस पूरे अभियान का शीर्षक है ''मेरी माटी मेरा देश'' माटी को नमन, वीरों का वंदन है । उन्होने कहा कि हमारा जनपद वीरो की धरती है। जनपद के कई जवानों ने अपने देश की खातिर अपने प्राणो को न्यौछावर कर दिया। आज इन्ही वीरो के नाम से हमारे जनपद के युवा प्रेरित होते हुए देश की रक्षा के लिए अपने प्राणो की आहूति देने को तत्पर रहते है।

इसी भावना को जागृत करने के उद्धेश्य से यह अभियान का शुभारम्भ किया गया है क्योकि हमारे देश में अगस्त 1947 को ही सम्पूर्ण क्रान्ति का आगाज हुआ था, जिसे अगस्त क्रान्ति के नाम से भी जाना जाता है जिसके कारण अग्रेजो को विवश होकर भारत को छोड़ना पड़ा था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के विशिष्ठ बाल कल्याण समिति के सदस्य कुंवर मुनीश सिंह परिहार एडवोकेट ने संबोधित करते हुए कहा कि यह हम सभी जनपद वासियों के लिय बहुत ही तब और स्वाभिमान की बात है कि और जिले सिर्फजिले हैं हमारा जिला शहीदो की नगरी शाहजहांपुर है हमे अपने देश के बलदानियो से प्रेरणा लेकर देश सेवा के लिय आगे आना चाहिए और अपने नैतिक मूल्यों का पालन पूरी ईमानदारी से करना चाहिए।

# बड़ी संख्या में लोग कांग्रेस पार्टी से जुड़े और कांग्रेस की सदस्यता ली

**संवाददाता।** बरेली

**उत्तर** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर चल रहे सर्व समाज कार्यकर्ता सदस्य अभियान के सम्बंध में आज ब्लाक क्लोडिया नवाबगंज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने की कार्यक्रम का संचालन पूर्व विधायक छोटे लाल गंगवार ने किया।आज के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग कांग्रेस पार्टी से जुड़े और कांग्रेस की सदस्यता ली ।बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने कहा कि हर व्यक्ति को अपने अपने बूथ को मजबूत करना है आज सत्ताधारी लोग मेहनत मजदूरी करने वालों को भूलकर बड़े उद्योगपतियों और व्यापारियों के बारे में सोच रहे हैं और उन्हीं के लिए काम कर रहे हैं महंगाई दिन व दिन बढ़ती जा रही है लोगों का जीवन यापन करना मुश्किल हो गया है हमारे देश के युवा हाई एजुकेशन के बाद भी बेरोजगार बैठे हैं सत्ता के नशे में चूर सत्ताधारी न महंगाई पर बात करना चाहती हैं और ना ही बेरोजगारी पर बात करना चाहते हैं आज भी हमारे आसपास में ऐसे लोग रहते हैं जो रोज मजदूरी करते हैं उसके बाद खाने का इंतजाम नहीं हो पाता है इस हालात में भी सत्ताधारी लोग जनता के बारे में कुछ भी सोचने को तैयार नहीं है । इस मौके पर पूर्व विधायक मास्टर छोटे लाल गंगवार, जिला उपाध्यक्ष जुनैद हसन एडवोकेट, जिला कोषाध्यक्ष कमरुद्दीन सैफी, उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव आकिल ख़ान, ब्लाक अध्यक्ष डॉ दत्त राम गंगवार, ब्लाक अध्यक्ष इरशाद मंसूरी, साजिद अब्बासी, मिश्रीलाल गंगवार, शारूख कुरैशी, मदन लाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे। आज के कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों में शिव शंकर, श्याम पाल सिंह, राम मूर्ति, राधेश्याम, मदन लाल आदि कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए।

# दंड प्रक्रिया पर नए विधेयक में जांच के लिए प्रौद्योगिकी के प्रयोग पर ज्यादा जोर होगा

● मुकदमे में बदलाव का प्रस्ताव



भाषा। नई दिल्ली

**दंड** प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के स्थान पर लाया जा रहा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) विधेयक न्याय मुहैया कराने वाली प्रणाली में महत्वपूर्ण बदलावों का प्रस्ताव करता है, जिसमें भारत और विदेश में घोषित अपराधियों की संपत्तियों की कुर्की तथा कुछ मामलों में व्यक्तियों की गिरफ्तारी के लिए हथकड़ी की अनुमति का प्रावधान शामिल है। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) विधेयक और भारतीय साक्ष्य (बीएस) विधेयक भी शुक्रवार को लोकसभा में पेश किए गए और वे क्रमशः भारतीय दंड संहिता, 1860 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की जगह लेंगे। प्रस्तावित तीनों विधेयकों को आगे अवलोकन के लिए एक संसदीय समिति के पास भेजा गया है। दंड प्रक्रिया पर विधेयक केंद्र की डिजिटल इंडिया पहल के अनुरूप है और इसका उद्देश्य वीडियो-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मुकदमे के लिए प्रौद्योगिकी के अधिक से अधिक इस्तेमाल को बढ़ावा देना है। विधेयक में यह भी प्रस्ताव है कि यौन अपराध और तस्करी जैसे मामलों में किसी सरकारी अधिकारी पर मुकदमा चलाने के लिए किसी मंजूरी की आवश्यकता नहीं होगी। विधेयक में कहा गया है, किसी लोक सेवक पर मुकदमा चलाने की मंजूरी देने या अस्वीकार करने का निर्णय अनुरोध प्राप्त होने के 120 दिन के भीतर सरकार द्वारा किया जाना चाहिए। अगर सरकार ऐसा करने में विफल रहती है तो मंजूरी दे दी गई मानी जाएगी। बीएनएसएस में भारत के साथ शांति स्थापित करने वाले किसी देश की सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने के साथ-साथ ऐसे राष्ट्र के क्षेत्र में लूटपाट करने को सात साल तक की जेल की सजा वाला अपराध बनाने के नए प्रावधान हैं। बीएनएसएस विधेयक की धारा 151 कहती है, जो कोई भी भारत सरकार के साथ शांति स्थापित करने वाले किसी राष्ट्र की सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ता है या ऐसे युद्ध छेड़ने का प्रयास करता है, या ऐसे युद्ध छेड़ने के लिए उकसाता है, उसे उम्रकैद की सजा दी जाएगी, या जिसकी अवधि जुर्मानेबिना जुर्माने के सात साल तक बढ़ाई जा सकती है। विदेश में किसी घोषित अपराधी की संपत्ति की कुर्की के प्रावधान में यह कहा गया है कि पुलिस अधीक्षक या पुलिस आयुक्त अदालत में एक आवेदन करेगा और उसके बाद वह अदालत पहचान के लिए संबंधित देश की अदालत या प्राधिकारी से सहायता का अनुरोध करने को लेकर कदम उठाएगी। नए कानून के तहत 90 दिन के भीतर आरोपपत्र दाखिल करना होगा और अदालत स्थिति को देखते हुए एजेंसी की जांच के लिए 90 दिन का समय और बढ़ा सकती है। निचली अदालत द्वारा सुनवाई समाप्त होने के 30 दिनों के भीतर फैसला सुनाया जाना चाहिए। हथकड़ी के इस्तेमाल पर, इसमें कहा गया है कि पुलिस अधिकारी, अपराध की प्रकृति और गंभीरता को ध्यान में रखते हुए, किसी ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार करते समय हथकड़ी का प्रयोग कर सकते हैं जो आदतन अपराधी है या जो हिरासत से भाग गया हो। इसमें संगठित अपराध, आतंकवादी कृत्य का अपराध, नशीली दवाओं से संबंधित अपराध या हथियारों और गोला-बारूद रखने का अपराध, हत्या, बलात्कार, तेजाब हमला, सिक्कों और मुद्रा नोटों की जालसाजी का अपराध शामिल हैं। इसके अलावा मानव तस्करी, बच्चों के खिलाफ यौन अपराध, राष्ट्र के खिलाफ अपराध, जिसमें भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाले कृत्य या आर्थिक अपराध शामिल हैं। विधेयक में मजिस्ट्रेट के लिए प्रावधान है कि वह किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार किए बिना जांच के लिए अपने हस्ताक्षर, लिखावट, आवाज या उंगलियों के निशान के नमूने देने का आदेश दे सकता है। पुलिस द्वारा हिरासत में लेने के संबंध में विधेयक में प्रावधान है कि पुलिस दंडात्मक कार्वाई के तहत दिए गए निर्देशों का विरोध करने, इनकार करने या अनदेखी करने वाले किसी भी व्यक्ति को हिरासत में ले सकती है। नए विधेयक के अनुसार, अपराध के आरोपी व्यक्ति पर उसकी अनुपस्थिति में मुकदमा चलाया जा सकता है और उसे दोषी ठहराया जा सकता है। बीएनएसएस विधेयक किसी अपराध की जांच, प्राथमिकी दर्ज करने और इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से समन भेजने के मामलों में प्रौद्योगिकी और फॉरेंसिक विज्ञान के इस्तेमाल का प्रावधान करता है। विधेयक में प्रावधान है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट मुहैया कराने के लिए नागरिक-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाया जाएगा और पीड़ितों को डिजिटल माध्यम सहित मामले की प्रगति के बारे में सूचित किया जाएगा तथा वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सुनवाई की सुविधा प्रदान की जाएगी।

# तानाशाही लाना चाहती है सरकार : सिब्बल

भाषा। नई दिल्ली



**पूर्व** कानून मंत्री कपिल सिब्बल ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) विधेयक को ‘असंवैधानिक’ करार देते हुए रविवार को आरोप लगाया कि सरकार औपनिवेशिक युग के कानूनों को खत्म करने की बात करती है, लेकिन उसकी सोच यह है कि वह ऐसे कानूनों के माध्यम से तानाशाही लानौ चाहती है। राज्यसभा सदस्य सिब्बल ने सरकार से भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) 1860, दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) 1898 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 को बदलने के लिए लाए गए तीन विधेयकों को वापस लेने का आह्वान किया। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि ऐसे कानून वास्तविकता बन जाते हैं, तो वे देश का भविष्य खतरे में डालेंगे। सिब्बल ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार औपनिवेशिक युग के कानूनों को खत्म करने की बात करती है, लेकिन उसकी सोच यह है कि वह कानूनों के माध्यम से देश में तानाशाही लाना चाहती है। वह ऐसे कानून बनाना चाहती है, जिनके तहत उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों, मजिस्ट्रेट, लोक सेवकों, कैग (नियंत्रक और महालेखा परीक्षक) और अन्य सरकारी अधिकारियों के खिलाफ कार्वाई की जा सके। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, मैं न्यायाधीशों से सतर्क रहने का अनुरोध करना चाहता हूं। अगर ऐसे कानून पारित किए गए, तो देश का भविष्य खतरे में पड़ जाएगा। बीएनएस विधेयक का जिक्र करते हुए सिब्बल ने दावा किया कि यह खतरनाक है और अगर पारित हो जाता है, तो सभी संस्थानों पर केवल सरकार का हुक्म चलेगा। उन्होंने आरोप लगाया, मैं आपसे (सरकार से) इन्हें (विधेयकों को) वापस लेने का अनुरोध करता हूं। हम देश का दौरा करेंगे और लोगों को बताएंगे कि आप किस तरह का लोकतंत्र चाहते हैं-जो कानूनों के माध्यम से लोगों का गला घोंट दे और उनका मुंह बंद कर दे। कांग्रेस के पूर्व नेता सिब्बल ने कहा कि ए विधेयक पूरी तरह से न्यायपालिका की स्वतंत्रता के विपरीत है। उन्होंने सरकार की आलोचना करते हुए कहा, ए विधेयक पूरी तरह से असंवैधानिक हैं और न्यायपालिका की स्वतंत्रता की जड़ पर प्रहार करते हैं। उनकी सोच स्पष्ट है कि वे इस देश में लोकतंत्र नहीं चाहते। सिब्बल केंद्र में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) की पहली और दूसरी सरकार के दौरान केंद्रीय मंत्री थे। उन्होंने पिछले साल मई में कांग्रेस छोड़ दी थी और समाजवादी पार्टी (सपा) के समर्थन से एक निर्दलीय सदस्य के रूप में राज्यसभा के लिए चुने गए थे। सिब्बल ने अन्याय से लड़ने के उद्देश्य से एक गैर-चुनावी मंच इंसाफ बनाया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को लोकसभा में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) विधेयक 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) विधेयक 2023 और भारतीय साक्ष्य (बीएस) विधेयक 2023 पेश किए थे। ए विधेयक क्रमशः भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) 1860, दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) 1898 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 की जगह लेंगे। मंत्री ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से तीनों विधेयकों को पड़ताल के लिए गृह मामलों की संसदीय स्थाई समिति को भेजने का आग्रह भी किया था। अन्य बातों के अलावा, तीनों विधेयकों में राजद्रोह कानून को निरस्त करने और अपराध की व्यापक परिभाषा के साथ एक नया प्रावधान पेश करने का प्रस्ताव है।

## क्विक न्यूज

### बिहार में जाति-आधारित गणना से संबंधित दूसरे चरण का सर्वेक्षण कार्य पूरा : अधिकारी

**पटना।** बिहार में की जा रही जाति-आधारित गणना से संबंधित दूसरे चरण का सर्वेक्षण कार्य पूरा हो गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में जिलाधिकारियों ने सर्वेक्षण के दौरान एकत्र किए गए डेटा को बिहार जाति आधारित गणना ऐप पर डिजिटल तरीके से दर्ज करने की प्रक्रिया तेज कर दी है। सभी जिलाधिकारियों ने सरकार की नोडल एजेंसी, सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) को लिखित में यह जानकारी दी है कि 17 बिंदुओं वाले जाति सहित सामाजिक-आर्थिक संकेतकों पर प्रोफोर्मा को भरने के लिए सर्वेक्षण का दूसरा चरण उनके जिलों में पूरा कर लिया गया है। विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी कहा, एकत्र किए गए डेटा को डिजिटल रूप से रिकॉर्ड करने के लिए एक ऐप बनाया गया है। वर्तमान में डेटा एंट्री का कार्य बिहार सरकार के उपक्रम बिहार राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (बेलट्रॉन) के माध्यम से किया जा रहा है। डेटा को जल्द से जल्द डिजिटल रूप से रिकॉर्ड करने के लिए तकनीकी विशेषज्ञों की सेवाएं भी ली जा रही हैं। पटना के जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह ने रविवार को पीटीआई-भाषा से कहा, पटना जिले के कुल 13.69 लाख में से 10,63,040 परिवारों का डेटा अब तक उक्त ऐप पर डिजिटल रूप से रिकॉर्डअपलोड किया गया है। यानी अब तक पटना जिले का 77.65 फीसदी डेटा अपलोड हो चुका है। शेष डेटा आज शाम तक अपलोड कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारियों और तकनीकी विशेषज्ञों को डेटा प्रविष्टि प्रक्रिया में तेजी लाने और आज (रविवार) शाम तक इसे पूरा करने का निर्देश दिया गया है।

### श्री राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष को समूह के सदस्य ने गोली मारकर घायल किया

**जयपुर।** राजस्थान के उदयपुर जिले में श्री राजपूत करणी सेना के प्रमुख भंवर सिंह सलाडिया को एक पुराने विवाद को लेकर संगठनात्मक बैठक के दौरान रविवार को दक्षिणपंथी समूह के पूर्व जिला अध्यक्ष ने गोली मार कर घायल कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समूह की उदयपुर जिला इकाई के पूर्व अध्यक्ष दिग्विजय सिंह को बैठक में मौजूद अन्य सदस्यों ने पकड़ लिया और उसकी पिटाई की तथा बाद में पुलिस को सौंप दिया।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सलाडिया को गीतांजलि अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। उदयपुर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) भुवन भूषण यादव ने संवाददाताओं को बताया कि अगले महीने उदयपुर में होने वाली रैली के पोस्टर जारी करने के लिए बी एन कॉलेज में श्री राजपूत करणी सेना की एक बैठक हो रही थी। बैठक के दौरान, पुराने विवाद को लेकर दिग्विजय सिंह ने समूह के अध्यक्ष सलाडिया पर गोली चलाई। यादव ने बताया कि सिंह को हाल में समूह के पदाधिकारी पद से हटा दिया गया था, शायद इसी वजह से उसने हमला किया होगा।

### ईपैक ड्यूरेबलने सेबी के पास डीआरएचपी फाइल की

**मुंबई।** ईपैक ड्यूरेबल्स लिमिटेड कंपनी ने अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया है। यह ड्राफ्ट बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड सेबी को भेज ा है। एफएंड एस रिपोर्ट के अनुसारए कंपनी सबसे तेजी से बढ़ने वाला रूम एयर कंडीशनर मूल डिजाइन है वित्त वर्ष 2020 के बीच निर्मित मात्रा में वृद्धि के आधार पर निर्माता ओडीएम और भारत में 2023 कंपनी इक्विटी शेयरों अंकित मूल्यद्ध की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश के माध्यम से धन जुटाने की योजना बना रही है 10 प्रत्येक। इस ऑफर में कुल मिलाकर 400 करोड़ तक के इक्विटी शेयरों ओडीएम का ताज़ा इश्यू शामिल है । ताज़ा अंक और बिक्री करने वाले शेयरधारकों द्वारा 13,067,890 इक्विटी शेयर तक की बिक्री की पेशकश बिकी के लिए प्रस्ताव् कंपनी नए इश्यू से शुद्ध आय का उपयोग करने का प्रस्ताव करती है। फंडिंग पूंजी विनिर्माण सुविधाओं के विस्तारध्स्थापना के लिए व्यय चुकौती और या हमारी कंपनी के कुछ बकाया ऋणों का आंशिक या पूर्ण पूर्व भुगतान और 3ण् सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यण् बिक्री के प्रस्ताव में बजरंग बोथरा के 1,172,976 इक्विटी शेयर शामिल हैं। लक्ष्मी पैट बोथरा द्वारा 666,798 इक्विटी शेयरए संजय सिंघानिया द्वारा 748,721 इक्विटी शेयर तकए अजय डीडी सिंघानिया द्वारा 748,721 इक्विटी शेयर तक सामूहिक रूप सेए ष्प्रमोटर की बिक्री शेयरधारक पिंकी अजय सिंघानिया द्वारा 286,351 इक्विटी शेयर हैं।

### मधुमक्खियों के हमले में एक की मौत, 4 घायल

**धार (मप्र)।** मध्यप्रदेश के धार जिले में मधुमक्खियों के झुंड के हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना जिला मुख्यालय से करीब 70 किलोमीटर दूर खेरवा गांव में शनिवार शाम को उस वक्त हुई, जब ए लोग अपने गांव के एक व्यक्ति का अंतिम संस्कार कर घर वापस लौट रहे थे। बाग पुलिस थाना प्रभारी कैलाश चौहान ने बताया कि ग्राम खेरवा में शनिवार की शाम जाम सिंह की मृत्यु हो गई थी, जिसके अंतिम संस्कार के कार्यक्रम में गांववासी मुक्तिधाम पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि अंतिम संस्कार कर लौटते वक्त उन पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। चौहान ने बताया कि मधुमक्खियो का डंक लगने से बोदर सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। उन्होंने कहा कि मधुमक्खियों के इस हमले में चार अन्य लोग घायल भी हुए है, जिन्हें बड़वानी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

### सेबी ने नियामक मानदंडों का उल्लंघन करने पर अनुसंधान विश्लेषक पर लगाया 60 लाख रुपए का जुर्माना

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने शेयर बाजार के नियमो का उल्लंघन करने के मामले मे एक व्यक्ति पर 60 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है।भारतीय प्रतिभूति व विनिमय बोर्ड (सेबी) मे पंजीकृत अनुसंधान विश्लेषक मनीष गोयल (मनीष कुमार गोयल) को यह जुर्माना 45 दिन के अंदर जमा करना होगा।सेबी ने अपने 46 पन्नो के आदेश मे कहा कि मनीष ने एक अनुसंधान विश्लेषक के रूप मे अपनी सेवाओ के लिए शुल्क लेकर 583 ग्राहको से 4.16 करोड़ रुपए जुटाए। हालांकि, अनुसंधान विश्लेषक (आरए) के तौर पर वह मानदंडों की बुनियादी आवश्यकताओं का पालन करने मे विफल रहे। उन्होंने सुनिश्चित रिटर्न का भी वादा किया और ग्राहको को अपनी सेवाएं गलत तरीके से बेची।नियामक ने पाया कि मनीष ने संदेश एप व्हाट्सएपटेलीग्राम पर विभिन्न समूहों के सदस्यों को आश्वासन दिया था कि यदि किसी विशेष स्टॉक अनुशंसा के कारण किसी को नुकसान होता है तो उन्हें एक स्टॉक अनुशंसा मुफ्त में मिलेगी।

# यादवपुर विवि छात्र मौत मामले में दो और विद्यार्थी गिरफ्तार

भाषा। कोलकाता

**पश्चिम बंगाल** में यादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) के 18 वर्षीय छात्र की मौत के मामले में विश्वविद्यालय के दो और विद्यार्थियों को रविवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी और छात्र के साथ यौन उत्पीड़न की आशंका भी जताई। स्नातक के छात्र स्वप्नदीप कुंडू की बुधवार रात करीब पौने 12 बजे विश्वविद्यालय के छात्रावास की बालकनी से कथित रूप से गिरने से मौत हो गई थी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि इस मामले में अबतक तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उनपर आरोप है कि वे कुंडू के साथ की गई कथित रैगिंग में शामिल थे। पुलिस ने तस्वीरों सहित जेयू छात्रों के सोशल मीडिया पोस्टों का संज्ञान लिया है, जो बताते हैं कि मृतक की रैगिंग में यौन उत्पीड़न का तत्व शामिल था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, छात्रावास में रहने वालों ने उसे निश्चित रूप से परेशान किया था। हो सकता है कि उसका किसी प्रकार का यौन उत्पीड़न किया गया हो। हम मामले की जांच कर रहे हैं। पुलिस ने विश्वविद्यालय के एक पूर्व छात्र को शुक्रवार को गिरफ्तार किया था जो पढ़ाई पूरी होने के बाद भी छात्रावास में रह रहा था। कोलकाता पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, अर्थशास्त्र द्वितीय वर्ष के एक छात्र और समाज शास्त्र के छात्र को रविवार सुबह गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि अर्थशास्त्र का छात्र बांकुड़ा जिले का है जबकि दूसरा हुगली के आरामबाग का रहने वाला है। नादिया जिले के बगुला का रहने वाला स्वप्नदीप कुंडू (18) बुधवार रात करीब पौने 12 बजे मुख्य छात्रावास की बालकनी से कथित रूप से गिर पड़ा था और बृहस्पतिवार तड़के तकरीबन साढ़े चार बजे उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया, गिरफ्तार किए गए पूर्व छात्र से रातभर पूछताछ की गई थी जिसमें दो विद्यार्थियों के नाम सामने आए। ए दोनों उसी छात्रावास में रहते हैं और उस वक्त वहां थे जब किशोर (कुंडू) छात्रावास की दूसरी मंजिल से कथित रूप से गिर गया था। हम उनसे उन लोगों के बारे में पूछताछ करेंगे जो मामले में किसी तरह से शामिल हैं। उन्होंने कहा कि दोनों छात्रों को अदालत में पेश किया जाएगा। इस मामले में मृतक के पिता की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि उनके बेटे की मौत के लिए छात्रावास में रहने वाले कुछ विद्यार्थी जिम्मेदार हैं।

● यौन उत्पीड़न की आशंका

# प्रियंका गांधी विवादास्पद पोस्ट मामले में एक्स से मांगेंगे जानकारी: इंदौर के पुलिस आयुक्त

भाषा। इंदौर



**मध्यप्रदेश की** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर भ्रष्टाचार में शामिल होने के आरोप वाले विवादास्पद सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर इंदौर में प्रियंका गांधी वाद्रा, कमलनाथ और अरुण यादव सरीखे वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के एक्स (पूर्व में ट्विटर) खातों के हैंडलर (खाता चलाने वाला व्यक्ति) के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के एक शीर्ष अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की दिशा तय करने के लिए एक्स से विवादास्पद पोस्ट को लेकर जानकारी मांगी जाएगी। इंदौर के पुलिस आयुक्त मकरंद देउस्कर ने पीटीआई-भाषा को बताया कि भाजपा के विधि प्रकोष्ठ की स्थानीय इकाई के संयोजक नीमेष पाठक ने शिकायत की है कि ज्ञानेंद्र अवस्थी नाम के व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर कथित रूप से फर्जी पत्र सार्वजनिक किया जिसमें ठेकेदारों से 50 प्रतिशत कमीशन मांगे जाने की बात लिखी गई है। उन्होंने बताया कि शिकायत में आरोप लगाया गया है कि इस फर्जी पत्र के आधार पर प्रियंका गांधी वाद्रा, कमलनाथ और अरुण यादव सरीखे वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के एक्स खातों से भ्रामक पोस्ट किए गए। देउस्कर ने बताया कि इस शिकायत पर शहर के संयोगितागंज पुलिस थाने में अवस्थी के साथ ही प्रियंका गांधी वाद्रा, कमलनाथ और अरुण यादव के एक्स खातों के हैंडलर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि यह प्राथमिकी भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी) और धारा 469 (ख्याति को नुकसान पहुंचाने के इरादे से जालसाजी) के तहत दर्ज की गई है। पुलिस आयुक्त ने बताया, इस मामले की जांच की जा रही है। मामले से जुड़े विवादास्पद पोस्ट को लेकर एक्स से जानकारी मांगी जाएगी और इस ब्योरे के आधार पर अगला कदम उठाया जाएगा।

# संतों ने कर्नाटक सरकार से गोवध एवं धर्मांतरण रोधी कानूनों को बरकरार रखने की अपील की

भाषा। बेंगलुरु

**विभिन्न** मठों के संतों ने कर्नाटक सरकार से गोवध एवं धर्मांतरण रोधी कानूनों को बरकरार रखने की अपील की है। यहां विभिन्न मठों के महंतों ने इस संबंध में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किए। संतों ने सरकार से यह सुनिश्चित करने की भी अपील की कि वह इन दोनों कानूनों को उसी रूप में लागू करे जिस रूप में वे हैं, न कि उन्हें शिथिल करे। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने यहां जारी एक बयान में कहा कि यहां मल्लेश्वरम के यदुगिरि यतिराजा मठ में उसके द्वारा आयोजित संत सम्मेलन में विभिन्न मठों के महंतों ने भाग लिया और राज्य में धर्म के सिलसिले में नवीनतम घटनाक्रम पर चर्चा की। विहिप ने बताया कि सम्मेलन में गोवध, धर्मांतरण, लव जिहाद, हिंदू अविभाजित परिवार, पर्यावरण, दूसरों के साथ सद्भाव जैसे विषयों पर चर्चा की गई तथा सर्वसम्मति से दो प्रस्ताव पारित किए गए। प्रस्तावों पर हस्ताक्षर करने वालों में यदुगिरि यतिराजा मठ के यदुगिरि यतिराजा नारायण रामानुज जीयर स्वामीजी, रामकृष्ण मिशन के चंद्रेशानंदजी, महालिंगेश्वर मठ के रविशंकर शिवाचार्य स्वामीजी समेत विभिन्न मठों के 14 महंत शामिल हैं। कांग्रेस ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले एवं प्रचार के दौरान संकेत दिया था कि उसका इरादा पिछली भाजपा सरकार द्वारा लाए गए इन कानूनों को वापस लेने का है।

### झारखंड में डूबने से छह बच्चों की मौत

**दुमकागोड्डा (झारखंड)।** झारखंड मे रविवार को दो अलग-अलग घटनाओ में डूबने से छह बच्चो की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियो ने यह जानकारी दी। उन्होने बताया कि दुमका जिले के सरैयाहाट थाना क्षेत्र के पथरिया गांव मे चार बच्चे तालाब मे डूब गए जिनमे तीन लड़कियां और एक लड़का शामिल है। अधिकारियो ने बताया कियह घटना तब हुई जब चारो बच्चे तालाब मे नहा रहे थे। मृतको की पहचान तनुश्री (10), सुजन कुमारी (12), नंदिनी कुमारी (10) और कुंदन कुमार (12) के रूप में की गई। अधिकारियो ने बताया कि सभी बच्चे पिडरा के रहने वाले थे। अधिकारियो ने बताया कि गोड्डा जिले के महगामा थाना क्षेत्र के मोहनपुर गांव मे पानी से भरे गड्ढे मे गिरने से दो बच्चो की मौत हो गई।

# अजित और शरद पवार के बीच क्या बातचीत हुई, इसकी जानकारी नही : जयंत पाटिल

भाषा। मुंबई



**राष्ट्रवादी कांग्रेस** पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार और पार्टी के बागी गुट का नेतृत्व कर रहे अजित पवार के बीच पुणे में गोपनीय बैठक से महाराष्ट्र में बढ़ी राजनीतिक सरगर्मियों के बीच राकांपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष जयंत पाटिल ने रविवार को कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि पार्टी संस्थापक और उनके भतीजे के बीच क्या बातचीत हुई। पाटिल ने यह भी कहा कि यह कोई गोपनीय बैठक नहीं थी। राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि उन्हें इस प्रकार की बैठक की कोई जानकारी नहीं है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता ने संवाददाताओं से कहा, मैं आपको कोई जानकारी नहीं दे सकता। ऐसा माना जा रहा है कि शरद पवार और उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने शनिवार को पुणे में एक कारोबारी के आवास पर मुलाकात की थी। क्षेत्रीय समाचार चैनल द्वारा प्रसारित दृश्यों में शरद पवार शनिवार अपराह्न करीब एक बजे कोरेगांव पार्क क्षेत्र में कारोबारी के आवास पर पहुंचते दिखे। शाम करीब पांच बजे शरद पवार वहां से चले गए। इसके लगभग दो घंटे के बाद अजित पवार को शाम पौने सात बजे कैमरे से बचने की कोशिश करते हुए एक कार में परिसर से बाहर निकलते देखा गया। जयंत पाटिल ने रविवार को संवाददाताओं से कहा कि यह कोई गोपनीय बैठक नहीं थी। उन्होंने कहा, मैं पवार साहब के साथ एक परिचित के यहां गया और जल्दी निकल गया। बाद में क्या हुआ, मुझे इसकी जानकारी नहीं है। पाटिल ने कहा कि उनके भाई को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से एक नोटिस मिला था, जिसमें कुछ कंपनी के बारे में जानकारी मांगी गई थी। राकांपा नेता ने कहा, वह (पाटिल के भाई) चार दिन पहले ईडी कार्यालय गए और उन्होंने वह सारी जानकारी उपलब्ध करा दी, जो उनके पास थी। ईडी के नोटिस को कल की बैठक से जोड़ना गलत है। पाटिल के अजित पवार धड़े में शामिल होने संबंधी अटकलों को लेकर राकांपा नेता ने कहा कि उन्होंने अपना रुख पहले ही स्पष्ट कर दिया है। यह पूछे जाने पर कि क्या वह शरद पवार के साथ हैं, पाटिल ने कहा, हां, अपने मन में कोई संदेह न रखें। उन्होंने दावा किया कि राकांपा में कोई विभाजन नहीं है और दोनों गुटों का कहना है कि शरद पवार उनके नेता हैं।उन्होंने कहा, हर कोई उनकी (शरद पवार की) तस्वीर लगाता है और वे कहते हैं कि वे उनके लिए काम करते हैं, इसलिए कोई विभाजन नहीं है। शरद पवार के पोते और राकांपा विधायक रोहित पवार ने भी कहा कि उन्हें पार्टी संस्थापक शरद पवार और उपमुख्यमंत्री अजित पवार के बीच किसी मुलाकात की जानकारी नहीं है, लेकिन अगर मुलाकात हुई है, तो भी परिवार में संवाद बनाए रखने में कुछ भी गलत नहीं है। महाराष्ट्र में पिछले महीने अचानक बदले राजनीतिक घटनाक्रम के बीच अजित पवार ने शिवसेना-भाजपा सरकार में उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। अजित के समर्थक राकांपा के आठ विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली थी। राकांपा के 54 विधायकों में से शरद पवार और अजित पवार के नेतृत्व वाले समूहों का समर्थन करने वाले विधायकों की सटीक संख्या ज्ञात नहीं है।

# उच्च न्यायालय ने एनजीओ ऑक्सफैम इंडिया की आईटी पुनर्मूल्यांकन कार्यवाही पर रोक लगाई

भाषा। नई दिल्ली

**दिल्ली उच्च** न्यायालय ने गैर-सरकारी संगठन ऑक्सफैम इंडिया के खिलाफ आयकर पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। अदालत ने आयकर विभाग को नोटिस जारी किया है और उससे एनजीओ की याचिका पर जवाब मांगा है। ऑक्सफैम ने आयकर विभाग की ओर से उसे जारी किए गए नोटिस एवं आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी है। रिकॉर्ड के अनुसार, सात सितंबर, 2022 को इस एनजीओ का आयकर विभाग द्वारा सर्वे किया गया, फलस्वरूप वित्त वर्ष 2016-17 के लिए पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया शुरू की गई तथा इस साल 29 मार्च को ऑक्सफैम को आयकर विभाग का नोटिस जारी किया गया। न्यायमूर्ति राजीव शकधर और न्यायमूर्ति गिरीश कठपलिया की पीठ ने कहा, छह सप्ताह के अंदर प्रति-हलफनामा दाखिल किया जाए। जवाबी दावा, यदि कोई हो तो, अगली सुनवाई की तारीख से कम से कम पांच दिन पहले दाखिल किया जाए। इस मामले को अगली सुनवाई के वास्ते 22 नवंबर, 2023 के लिए सूचीबद्ध किया जाए। अदालत के अगले आदेश तक पुनर्मूल्यांकन कार्यवाही पर स्थगन रहेगा। एनजीओ को आयकर अधिनियम के तहत 29 मार्च को नोटिस जारी किया गया था, जिसके बाद इस आधार पर याचिकाकर्ता के खिलाफ पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया शुरू की गई कि याचिकाकर्ता वाद गतिविधियों (मुकदमेबाजी) में कथित रूप से शामिल है और यह विदेशी चंदा (विनियमन) अधिनियम की धारा 8(1) का उल्लंघन है। एनजीओ पर यह भी आरोप लगा कि उसने विदेशी नागरिकों से संदिग्ध चंदा लिया और वह भावी परियोजनाओं के वास्ते अग्रिम राशि के रूप में मिले 15.09 करोड़ रुपए को राजस्व के तौर पर स्वीकार करने में विफल रहा। वकील ने दलील दी कि आयकर अधिकारियों ने उसके मुवक्किल के साथ सर्वे रिपोर्ट साझा नहीं की। याचिकाकर्ता ने कहा कि उसपर आरोप लगाया गया है कि विदेशी नागरिकों से उसे मिला चंदा संदिग्ध है, लेकिन यह गलत धारणा पर आधारित है क्योंकि उसने चंदा देने वालों के नाम समेत उनका पूरा ब्योरा दे दिया था।



गुजरात में तिरंगा यात्रा की शुरुआत करते गृहमंत्री अमित शाह व सीएम भूपेंद्र पटेल

# बारिश के बीच सूर्यकुमार ने बरसाए रन

## ● भारत ने वेस्टइंडीज को दिया 166 रन का लक्ष्य, खराब मौसम की वजह से मैच बाधित

भाषा। लॉडेरहिल (अमेरिका)

**सूर्यकुमार यादव** (61 रन) के श्रृंखला में दूसरे अर्धशतक की मदद से भारत ने बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन के बावजूद रविवार को यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ पांचवें और निर्णायक टी20 अंतरराष्ट्रीय में नौ विकेट गंवाकर 165 रन बनाए। सूर्यकुमार ने 45 गेंद की पारी के दौरान चार चौके और तीन छक्के जड़े।

भारत और वेस्टइंडीज के बीच रविवार को यहां पांचवें और निर्णायक टी20 अंतरराष्ट्रीय में मौसम के कारण तीसरी बार खेल रोका गया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज ने मौसम के कारण खेल रोके जाने तक 12.3 ओवर में एक विकेट पर 117 रन बना लिए थे। वेस्टइंडीज इस समय डकवर्थ लुईस पद्धति के 91 रन के स्कोर से काफी आगे चल रही है। किंग्स-54 व पूरन 46 रन बनाकर खेल रहे हैं। मायर्स 10 रन बनाकर आउट हुए। विंडीज टीम को अभी 45 गेंदों में 49 रन बनाने हैं। इससे पहले भी भारत की पारी के दौरान बारिश की आंख मिचौली होती रही जिससे दो बार मैच थोड़ी देर के लिए रोकना पड़ा। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत निराशाजनक रही। उसने पहले दो ओवर में अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिए। बाएं हाथ के स्पिनर अकील हुसैन ने पहले ओवर में यशस्वी जायसवाल (05) और दूसरे ओवर में शुभमन गिल (09) के विकेट लेकर भारत को दोहरे झटके दिए। पिछले मैच में 84 रन की पारी खेलने वाले जायसवाल बैकफुट पर जाकर शॉट खेलने की कोशिश में हुसैन को ही कैच देकर पवेलियन पहुंचे जबकि गिल उनकी फुल लेंथ गेंद को स्वीप करने के प्रयास में पगबाधा आउट हुए। उन्होंने चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय में 77 रन की पारी खेली थी। तिलक ने छठे ओवर में तीन चौके और एक छक्के से 19 रन जोड़े। इससे पावरप्ले में दो विकेट गंवाने के बावजूद भारत ने 51 रन बना लिए। बड़ी पारी खेलने के लिए उम्मीदें सूर्यकुमार और तिलक वर्मा की जोड़ी पर लगी थीं।लेकिन आठवें ओवर में भारत को 66 रन पर तीसरा झटका लगा जब रोस्टन चेस ने तिलक (27 रन, 18 गेंद, तीन चौके, दो छक्के) को अपनी ही गेंद पर कैच आउट किया जिसके लिए तीसरे अंपायर की मदद ली गई। सूर्यकुमार और संजू सैमसन ने भारत को 10 ओवर में 86 रन तक पहुंचा दिया। सैमसन ने फिर निराश किया और खराब फुटवर्क के कारण फिर सुनहरे मौके को गंवा बैठे। 11वें ओवर में रोमारियो शेफर्ड की गेंद पर विकेटकीपर निकोलस पूरन को कैच देकर 13 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान हार्दिक पंड्या क्रीज पर थे। दबाव के कारण 10वें से 14वें ओवर तक कोई बाउंड्री नहीं लगी जिससे 14 ओवर तक स्कोर चार विकेट पर 102 रन था। सूर्यकुमार ने 15वें ओवर में शेफर्ड की गेंद को मिडविकेट के ऊपर उठाकर छक्का जड़ा। उन्होंने 16वें ओवर की पहली गेंद पर एक और गगनचुंबी छक्का जड़कर 37 गेंद में तीन चौके और तीन छक्के से अपना अर्धशतक पूरा किया जो उनके टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का 15वां पचासा है। अगली गेंद पर पंड्या (14 रन) शेफर्ड का शिकार हुए। 18वें ओवर में सूर्यकुमार के आउट होते ही भारत की बड़े स्कोर की उम्मीदें भी टूट गई। उन्हें जेसन होल्डर ने पगबाधा आउट किया। शेफर्ड अगले आवर में अर्शदीप (08) और कुलदीप (शून्य) को आउट करने के बाद हैट्रक का मौका गंवा बैठे। अर्शदीप ने आउट होने से पहली गेंद पर छक्का जड़ा था। अक्षर ने एक छक्का लगाकर 10 गेंद में 13 रन बनाए।



### स्कोरबोर्ड

**भारत पारी:** जायसवाल का एवं बो हुसैन 05,गिल पगबाधा बो हुसैन 09,सूर्यकुमार पगबाधा बो होल्डर 61,वर्मा का एवं चेस 27, सैमसन का पूरन बो शेफर्ड 13, पंड्या का होल्डर बो शेफर्ड 14,पटेल का शेफर्ड बो होल्डर 13,अर्शदीप बो शेफर्ड 08,कुलदीप पगबाधा बो शेफर्ड 00, चहल नाबाद 00,मुकेश कुमार 04,**अतिरिक्त** : 11,**कुल योग** : 20 ओवर में नौ विकेट पर 165 रन,**विकेट पतन** :1-6, 2-17, 3-66, 4-87, 5-130, 6-140, 7-149, 8-149, 9-161,**गेंदबाजी** : अकील 4-0-24-2, मेयर्स1-0-4-0, होल्डर 4-0-36-2, जोसफ 3-0-41-0,चेस 4-0-25-1, शेफर्ड 4-0-31-4

## आयरलैंड दौरे के लिए पूरा दमखम लगा रहे हैं कृष्णा

बेंगलुरु। चोट के कारण लगभग एक साल तक भारतीय टीम से दूर रहे तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा आयरलैंड दौरे से पहले पूरे दमखम के साथ अभ्यास कर रहे है। दाएं हाथ के इस गेंदबाज ने महाराजा ट्रॉफी टी20 टूर्नामेंट में हुबली टाइगर्स के खिलाफ मैसूर वॉरियर्स के लिए पूरी ताकत से गेंदबाजी की। प्रसिद्ध 15 अगस्त को कप्तान जसप्रीत बुमरा सहित अन्य भारतीय खिलाड़ियों के साथ मुंबई से आयरलैंड के लिए रवाना होने वाले हैं। भारत 18, 20 और 23 अगस्त को मालाहाइड (डबलिन) में आयरलैंड के खिलाफ तीन टी20 मैच खेलेगा। प्रसिद्ध ने अपने इस दौरे से पहले अपने कौशल को निखारने और मैच के मुताबिक शरीर को ढालने के लिए केएससीए टी20 टूर्नामेंट में हिस्सा लिया। उन्होंने इस दौरान अपनी पूरी ताकत और गति के साथ दो ओवर डाले और 13 रन देकर एक विकेट हासिल किया। प्रसिद्ध ने कर्नाटक टीम के साथी लवनित सिसोदिया को बोल्ड किया जो तीन गेंद की अपनी पारी में खाता खोलने में नाकाम रहे। उनका स्पैल हालांकि वॉरियर्स को जीत दिलाने के लिए काफी साबित नहीं हुआ क्योंकि टाइगर्स ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में बारिश से प्रभावित मैच में नौ विकेट से जीत दर्ज की।

## फॉर्म में लौटने के लिए पुराना तरीका अपनाया: गिल

**लॉडरहिल (अमेरिका)।** भारत के युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने कहा के टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मे फॉर्म में वापसी के लिए उन्होने बेसिक्स पर ध्यान दिया और उस तरीके को अपनाया जब वह रन बना रहे थे। यह 23 वर्षीय बल्लेबाज वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में दोहरे अंक में नही पहुंच पाया था। उन्होंने इन मैचों में तीन, सात और छह रन बनाए लेकिन चौथे मैच मे 47 गेंदो पर 77 रन बनाकर फॉर्म मे वापसी की। भारत ने यह मैच नौ विकेट से जीता। गिल ने चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के बाद पंजाब के अपने साथी तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के साथ बात करते हुए कहा, पहले तीन मैचों में मै 10 रन तक भी नही पहुंच पाया था। आज विकेट थोड़ा बेहतर था, इसलिए मै इसका पूरा फायदा उठाना चाहता था। इसके बाद जब हमें अच्छी शुरुआत मिली तो फिर हम उसका अच्छा अंत करना चाहते थे। उन्होंने कहा, टी20 प्रारूप इसी तरह का होता है। जब आपके पास तीन चार मैच होते है तो आपके अच्छे शॉट को क्षेत्ररक्षक कैच कर लेता है, आपकी निगाहे तेजी से रन बनाने पर होती हैं और ऐसे में सोचने का ज्यादा समय नही होता है। गिल नं कहा, अपने बेसिक्स पर लौटना महत्वपूर्ण होता है। आप तब उन तरीकों पर गौर करते हो जब आप लगातार रन बना रहे होते थे। आपको यह पता करना होता है कि आप कहां गलती कर रहे हैं। मेरा मानना है कि इन तीनों मैचों में मैंने कोई गलती नही की लेकिन मै अपनी शुरुआत को बड़े स्कोर मे नही बदल पा रहा था।

## यह सुनिश्चित करना चाहता हूं कि तैयार रहूं: जायसवाल



**लॉडरहिल (अमेरिका)।** पहले टेस्ट क्रिकेट और फिर टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मे अपनी विशिष्ट छाप छोड़ने वाले प्रतिभाशाली युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने कहा के यह अभी शुरुआत है और उन्हें यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि वह तैयार रहे। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मे शानदार प्रदर्शन करने वाले 21 वर्षीय जायसवाल ने भारत की तरफ से अपने पदार्पण टेस्ट क्रिकेट मैच मे शतक जड़ा और फिर अर्धशतक बनाया।जायसवाल ने भारत की नौ विकेट से जीत के बाद कहा, यह अभी केवल शुरुआत है। मै अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखना चाहता हूं। मै अपने आज के प्रदर्शन से खुश हूं लेकिन मै यह सुनिश्चित करना चाहता हूं कि मै कल के लिए भी तैयार रहूं। यह अर्धशतक वास्तव में खास है। भारत का प्रतिनिधित्व करना गौरवशाली क्षण होता है। निश्चित तौर पर इसके पीछे कड़ी मेहनत छुपी होती है। मै खुशनसीब हूं कि मै आज अच्छा प्रदर्शन करने मे सफल रहा। भारत ने पांच मैच की श्रृंखला में लगातार दो मैच हारने के बाद ईशान किशन को शीर्ष क्रम से हटाकर जायसवाल को मौका दिया। उन्होने शुभमन गिल के साथ मिलकर चौथे टी20 मैच मे पहले विकेट के लिए 165 रन जोड़कर भारतीय रिकॉर्ड की बराबरी की। पिछला रिकॉर्ड रोहित शर्मा और केएल राहुल के नाम था।ऐसे में स्वाभाविक ही यह सवाल पैदा होता है कि क्या यह नए युग की शुरुआत है।जायसवाल ने इस पर विनम्रता से जवाब दिया, उन्होने (रोहित और राहुल) ने जो किया है वह अद्भुत है। वे खेल के दिग्गज है। हमें बस वह करने की जरूरत है जो हम कर सकते है। हमें अभी लंबा रास्ता तय करना है।

## बल्लेबाजों को अधिक जिम्मेदारी उठाकर गेंदबाजों का साथ देना होगा: पंड्या

**लॉडरहिल।** वेस्टइंडीज को पांच मैचों की श्रृंखला के चौथे मैच मे नौ विकेट से हराने के बाद भारतीय कप्तान हार्दिक पंड्या ने शनिवार को यहां कहा कि टीम के बल्लेबाजों को इसी तरह से जिम्मेदारी उठाकर गेंदबाजों का समर्थन करना होगा। मैच के बाद पुरस्कार समारोह मे पंड्या ने सलामी बल्लेबाजों की तारीफ करते हुए कहा, उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। जैसा कि हमने देखा है, उनके कौशल में कोई संदेह नही है। उन्हें बस क्रीज पर बीच कुछ समय बिताने की जरूरत थी। भारतीय कप्तान ने कहा, आगे बढ़ते हुए हमें बल्लेबाजी समूह के रूप मे अधिक जिम्मेदारी लेनी होगी और गेंदबाजों का समर्थन करना होगा। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि गेंदबाज मैच जिताते है। यशस्वी और शुभमन आज शानदार थे। उनकी बल्लेबाजी देखकर बहुत अच्छा लगा। मैन ऑफ द मैच जायसवाल ने उन पर भरोसा करने के लिए कप्तान और टीम के सहयोगी सदस्यों का आभार जताया। जायसवाल ने कहा, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट आसान नही है लेकिन मै अपनी बल्लेबाजी का लुत्फ उठाने का प्रयास कर रहा हूं। हार्दिक भाई और टीम के सहयोगी सदस्य जिस तरह से मुझ पर भरोसा कर रहे है उससे मै खुश हूं। गिल के साथ साझेदारी के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, शुभमन के साथ बल्लेबाजी करना शानदार रहा। हम गेंदबाजो के खिलाफ योजना बना कर खेल रहे थे। हम बात कर रहे थे कि किस गेंदबाज के खिलाफ आक्रामक रूख अपनाना है। यह हमारी साझेदारी के लिए जरूरी था।

## जीव मिल्खा सिंह लीजेंड्स टूर में संयुक्त छठे स्थान पर

**लंदन।** भारत के दिग्गज गोल्फर जीव मिल्खा सिंह ने लीजेंड्स टूर ट्रॉफी के पहले टूर्नामेंट के शुरुआती दिन चार अंडर 68 का स्कोर बनाया। जीव ने अंतिम नौ होल में लगातार पांच बर्डी बनाई। उन्होंने कुल छह बर्डी बनाई लेकिन इस बीच दो बोगी भी की। वह पहले दौर के बाद संयुक्त छठे स्थान पर हैं। स्वीडन के जोकिम हेगमैन और वेल्शमैन स्टीफन डोड ने शुरुआती दिन के बाद संयुक्त बढ़त पर हैं। जीव ने अब तक विभिन्न प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन किया है। वह वेल्स में सीनियर ओपन में संयुक्त 14वें और फिर जेसीबी चैंपियनशिप में पांचवें स्थान पर रहे थे।

## दीक्षा की स्थिति में सुधार, अदिति तीसरे दौर में खिसकी

**लंदन।** भारत की दीक्षा डागर ने एक बर्डी और एक बोगी के साथ इवन पार 72 का कार्ड खेला जिससे वह वाल्टन हीथ में चल रहे महिला ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के तीसरे दौर के बाद संयुक्त 47वें से संयुक्त 35वें स्थान पर पहुंच गई। दीक्षा की सीनियर साथी अदिति अशोक दूसरे दौर के बाद संयुक्त नौवें स्थान पर चल रही थी लेकिन तीसरे दौर में उन्होंने 3 ओवर 75 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 28 वें स्थान पर खिसक गई। अंतिम दौर से पहले दीक्षा का स्कोर 74-71-72 और अदिति का 72-69-75 है। इंग्लैंड की चार्ली हल (68) और अमेरिका की लिलिया वु (67) तीसरे दौर के बाद नौ अंडर के कुल स्कोर के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर है।

## पीसीबी ने एशिया कप के लिए खेल मनोवैज्ञानिक मकबूल को नियुक्त किया

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने श्रीलंका में अफगानिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला और एशिया कप के दौरान पुरुष टीम को सलाह देने के लिए खेल मनोवैज्ञानिक डॉ. मकबूल बाबरी को नियुक्त किया है। पीसीबी के एक सूत्र ने कहा, हां, डॉ मकबूल बाबरी टीम के साथ रहेंगे। उन्होंने अतीत में हमारे कुछ खिलाड़ियों की काउंसलिंग (परामर्श देना) की है। उन्होंने कहा कि बोर्ड खिलाड़ियों को हर संभव सुविधा देना चाहता है ताकि वे क्रिकेट और मैचों पर पूरी तरह से अपना ध्यान केंद्रित कर सकें। बाबरी ने पहले भी कुछ खिलाड़ियों के साथ काम किया है और उन्हें दबाव की स्थिति को संभालने के साथ खराब प्रदर्शन और व्यक्तिगत मुद्दों से निपटने के बारे में बताया है।

# भारत एफआईएच रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंचा

## ● एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में जीत के बाद मिला लाभ

भाषा। नई दिल्ली

**एशियाई चैंपियंस** ट्रॉफी (एसीटी) में खिताबी जीत के बाद भारतीय हॉकी टीम रविवार को एफआईएच (अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ) की नवीनतम रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। एशियाई खेलों से पहले रैंकिंग में इस सुधार से भारतीय टीम का हौसला बढ़ेगा। भारत (2771.35 अंक) इंग्लैंड (2763.50 अंक) को पछाड़ कर एक स्थान के सुधार के साथ तीसरे स्थान पर पहुंचा। इस रैंकिंग में नीदरलैंड (3095.90 अंक) पहले और बेल्जियम (2917.87 अंक) दूसरे स्थान पर हैं। यह दूसरी बार है जब भारत एफआईएच रैंकिंग में तीसरे पायदान पर पहुंचा। भारतीय टीम ने 2021 में तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक हासिल करने के बाद यही रैंकिंग हासिल की थी। तोक्यो में भारत ने ओलंपिक में पदक के 41 साल के सूखे को खत्म किया था। हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके शनिवार को मलेशिया को 4-3 से हराकर चौथी बार एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी प्रतियोगिता का खिताब जीता और 23 सितंबर से होने वाले हांगझोउ एशियाई खेलों के लिए अपनी तैयारियों का पुख्ता सबूत पेश किया। एसीटी की उपविजेता मलेशिया नौवें स्थान पर बरकरार है। इस रैंकिंग में कोरिया 11वें, पाकिस्तान 16वें स्थान पर है। टूर्नामेंट में तीसरी स्थान पर रही जापान की टीम रैंकिंग में एक स्थान के सुधार के साथ 18वें स्थान पर पहुंच गई।

## एशियाई खेलों के लिए भारत की तैयारी में एसीटी की खिताबी जीत वास्तव में मायने रखेगी: फुल्टन



**चेन्नई।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा कि ऐसे समय मे जबकि भारत की निगाहे एशियाई खेलों मे स्वर्ण पदक जीतकर पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए स्वतः क्वालीफाई करने पर टिकी है, तब एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) की खिताबी जीत वास्तव मे मायने रखेगी। भारतीय हॉकी टीम ने शनिवार को यहां दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके मलेशिया को 4-3 से हराकर रिकॉर्ड चौथी बार एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता। अब जबकि 23 सितंबर से हांगझोउ मे एशियाई खेल शुरू हो रहे है तब फुल्टन से पूछा गया कि क्या इस तरह के रोमांचक फाइनल से भारतीय टीम को महाद्वीपीय प्रतियोगिता मे मदद मिलेगी। फुल्टन ने कहा, फाइनल हमेशा अजीब होते है। वह कभी आसान नही होते। यह मैच भी शूटआउट तक जा सकता था। इस तरह के रोमांचक मैच का होना महत्वपूर्ण होता है क्योंकि वास्तव मे यह मायने रखते है। इसके साथ ही मै यह भी कहना चाहूंगा कि यह (एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी) एशियाई खेल नही है, इसलिए हमें अति उत्साहित होने की जरूरत नही है। लेकिन अगर आप मुझसे पूछोगे कि एशियाई खेलों मे जीत दर्ज करो और इस फाइनल को हार जाओ, तो मै निश्चित तौर पर एशियाई खेलो की जीत को चुनूंगा। भारत फाइनल मे मध्यांतर तक1-3 से पीछे चल रहा था लेकिन उसने दूसरे हाफ मे शानदार वापसी की। भारत ने सेमीफाइनल मे जापान हो 5-0 से करारी शिकस्त देकर फाइनल मे जगह बनाई थी। मलेशिया के खिलाफ मैच वास्तव मे शानदार रहा। इससे पहले जापान के खिलाफ मैच भी उच्च स्तर का रहा था। मलेशिया ने पहले हाफ मे शानदार खेल दिखाया। हम भी बुरा नही खेले लेकिन हम शत प्रतिशत प्रतिबद्ध नही दिखे जैसा कि हम चाहते थे। हमने मध्यांतर के बाद खुद को संगठित किया। हमें केवल वापसी के लिए एक गोल की जरूरत थी। इसके बाद हम किसी भी समय बराबरी का गोल और उसके बाद निर्णायक गोल कर सकते थे। जिस तरह से टीम ने दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी की उससे उसके जज्बे का पता चलता है।


## हॉकी में जीत खिलाड़ियों के अथक समर्पण, कठोर प्रशिक्षण को दर्शाती है : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को एशियाई चैपियंस ट्रॉफी हॉकी प्रतियोगिता मे शानदार जीत के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम की सराहना करते हुए कहा कि यह जीत खिलाड़ियो के अथक समर्पण, कठोर प्रशिक्षण और दृढ़ संकल्प को दर्शाती है। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स (पहले ट्विटर) पर पोस्ट किया, एशियाई चैपियंस ट्रॉफी हॉकी प्रतियोगिता मे शानदार जीत पर हमारी पुरुष हॉकी टीम को बधाईउ यह भारत की चौथी जीत है और हमारे खिलाड़ियों के अथक समर्पण, कठोर प्रशिक्षण और दृढ़ संकल्प को दर्शाती है। उन्होंने लिखा, उनके असाधारण प्रदर्शन ने पूरे देश मे अत्यधिक गर्व की भावना जगाई है। हमारे खिलाड़ियों को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।

# पेगुला शीर्ष वरीयता प्राप्त स्वियातेक को हराकर मॉन्ट्रियल ओपन के फाइनल में

भाषा। मॉन्ट्रियल

**अमेरिका** की जेसिका पेगुला ने तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी इगा स्वियातेक को पराजित करके नेशनल बैंक मॉन्ट्रियल ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई।पेगुला ने स्वियातेक की 11 बार सर्विस तोड़ी और 6-2, 6-7 (4), 6-4 से जीत दर्ज की। यह पिछले दो वर्षों में पहला अवसर है जबकि यह अमेरिकी खिलाड़ी सेमीफाइनल की बाधा को पार करने में सफल रही। बारिश के कारण कजाकिस्तान की तीसरी वरीयता प्राप्त एलेना रयबाकिना और रूस की 15वीं वरीयता प्राप्त ल्यूडमिला सैमसोनोवा के बीच रात को होने वाला दूसरा सेमीफाइनल रविवार तक के लिए स्थगित करना पड़ा।



## मिनौर और यानिक सिनर में होगा खिताबी मुकाबला

**टोरंटो।** ऑस्ट्रेलिया के अलेक्स डी मिनौर ने स्पेन के एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना को सीधे सेटों में हराकर नेशनल बैंक टोरंटो ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना सातवीं वरीयता प्राप्त यानिक सिनर से होगा। डी मिनौर ने शनिवार को खेले गए सेमीफाइनल में शुरू से दबदबा बनाए रखा और फोकिना को आसानी से 6-1, 6-3 से हराया। एक अन्य सेमीफाइनल में इटली के सिनर ने अमेरिका के 12वीं वरीयता प्राप्त टॉमी पाल को 6-4, 6-4 से पराजित किया। इससे पहले डी मिनौर ने शुक्रवार को दूसरी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव को उलटफेर का शिकार बनाया था। उन्होंने अब तक सात एटीपी टूर खिताब जीते हैं। सिनर के नाम पर भी सात एटीपी टूर खिताब दर्ज हैं।

# विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतना चाहते हैं सेन

## ● अच्छी फॉर्म जारी रखने का करेंगे प्रयास

भाषा। गुवाहाटी



**भारत के** स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन का लक्ष्य एशियाई खेलों में पहला पदक जीतना और विश्व रैंकिंग में चोटी के पांच खिलाड़ियों में जगह बनाना है लेकिन उनकी पहली प्राथमिकता अपनी हाल की शानदार फॉर्म जारी रखकर विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतना है। सेन ने खराब दौर से गुजरने के बाद हाल में लय हासिल करके जुलाई में कनाडा ओपन में खिताब जीता और इसके बाद अमेरिकी ओपन और जापान ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे। अल्मोड़ा के रहने वाले इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने 2021 में विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था और उन्हें उम्मीद है कि वह 21 अगस्त से डेनमार्क के कोपेनहेगन में होने वाली प्रतियोगिता में फिर से पदक जीतने में सफल रहेंगे। सेन ने यहां भारतीय बैडमिंटन संघ के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र के उद्घाटन के मौके पर पीटीआई से कहा, विश्व चैंपियनशिप में केवल एक सप्ताह का समय बचा है और मुझे लगता है कि मैंने जो पिछले टूर्नामेंट खेले हैं उनसे वास्तव में मुझे मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, मेरी तैयारियां अच्छी चल रही हैं। पिछले कुछ टूर्नामेंट में मेरी फॉर्म अच्छी रही लेकिन अब भी कुछ नई चीजें सीखने और सुधार करने की गुंजाइश है। मैंने हाल में कुछ अच्छे मैच खेले हैं और इससे मुझे काफी आत्मविश्वास मिलेगा। सेन ने कहा, अगले एक सप्ताह या 10 दिन में मैं वास्तव में अच्छा अभ्यास और उसके बाद विश्व चैंपियनशिप में अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं। एशियाई खेल चीन के हांगझोउ में 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक खेले जाएंगे और सेन का लक्ष्य इन खेलों में पदक जीतना है। यह वास्तव में बड़ी प्रतियोगिता है जो चार साल में एक बार आयोजित की जाती है इसलिए यह विशेष है। मैं इस तरह की बड़ी प्रतियोगिताओं में दो बार खेला हूं। मैंने युवा ओलंपिक और राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा लिया था इसलिए सभी खिलाड़ियों से मिलना और अलग खेलों को देखना मेरे लिए बहुत अच्छा अनुभव रहा। सेन ने कहा, इसलिए मैं एशियाई खेलों में अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं लेकिन अभी मेरी पहली प्राथमिकता विश्व चैंपियनशिप है और उसके बाद हम एशियाई खेलों पर ध्यान केंद्रित करेंगे। सेन विश्व रैंकिंग में अभी 11वें नंबर पर हैं और उनका लक्ष्य अगले साल तक चोटी के पांच खिलाड़ियों में शामिल होना है। उन्होंने कहा, मैं जल्द ही अपने को विश्व के चोटी के आठ खिलाड़ियों में देखना चाहता हूं और मेरा लक्ष्य ओलंपिक क्वालीफिकेशन समाप्त होने तक शीर्ष पांच खिलाड़ियों में जगह बनाना है। लेकिन मुझे कई टूर्नामेंट में खेलना है और मेरी प्राथमिकता बड़े टूर्नामेंट में जीत दर्ज करना है। इससे रैंकिंग में अपने आप ही सुधार होगा।

# शिलांग लाजोंग ने जीत के साथ खत्म किया में अपना अभियान

## ● डूरंड कप फुटबाल : डाउनटाउन को हराया

भाषा। कोकराझार



**रॉनी विल्सन** खारबुडन के दो गोल की मदद से 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने के बावजूद शिलांग लाजोंग एफसी ने डूरंड कप फुटबॉल में रविवार को यहां डाउनटाउन हीरोज को 2-1 से हराकर अपने अभियान का अंत जीत के साथ किया। साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण) स्टेडियम में खेल के ग्रुप डी के इस मैच में 10वें मिनट में लाजोंग के गोलकीपर नगमसांगलेना हाओकिप को लाल कार्ड दिखाया गया। टीम को इसके बाद 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा। मैच के 23वें मिनट में विल्सन के आत्मघाती गोल से डाउनटाउन की टीम को बढ़त मिली लेकिन उन्होंने 36वें और 52वें मिनट में टीम के लिए दो कर इसकी भरपाई कर दी। लाजोंग ने तीन मैचों में तीन अंकों के साथ टूर्नामेंट में अपना अभियान पूरा किया। पहले ही नॉकआउट की दौड़ से बाहर हो चुकी लाजोंग की टीम इस मैच को अपनी प्रतिष्ठा के लिए खेल रही थी। डाउनटाउन का यह पहला मैच था और टीम भारतीय फुटबॉल के शीर्ष टूर्नामेंटों में से एक में अपनी छाप छोड़ने के लिए खेल रही थी। टीम के सामने अब एफसी गोवा और नॉर्थईस्ट यूनाइटेड की चुनौती होगी।

## गोकुलम केरला ने केरला ब्लास्टर्स को 4-3 से हराया

**कोलकाता।** गोकुलम केरला ने रविवार को यहां डूरंड कप के ग्रुप लीग मैच में इंडियन सुपर लीग की मजबूत टीम केरला ब्लास्टर्स को 4-3 से शिकस्त दी। मैच के पहले हाफ में चार जबकि दूसरे हाफ में तीन गोल हुए। गोकुलम ने लगातार दूसरे मैच में जीत हासिल की और वह ग्रुप में शीर्ष पर बनी हुई है। विजेता टीम के लिए बौउबा अमिनोऊने 17वें मिनट में, श्रीकुट्टन ने 43वें मिनट में और अभिजीत के ने 47वें मिनट में गोल दागे। उसके लिए नाओचा सिंह ने 45 वें मिनट आत्मघाती गोल किया। वहीं केरला ब्लास्टर्स के लिए इमैनुअल जस्टिन ने 34वें, प्रबीर दास ने 54वें और एड्रियन लुना ने 77वें मिनट में गोल किए। केरला ब्लास्टर्स का यह ग्रुप में पहला मैच था और वह दौड़ में बने रहने के लिए बचे हुए दो मैचों में जीत हासिल करने की कोशिश करेगी।

## लाहिड़ी सात अंडर के शॉट के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर पहुंचे

भाषा। बेडमिंस्टर (न्यू जर्सी)

**भारत के** अनिर्बान लाहिड़ी ने अपने पहले छह होल में पांच बर्डी के साथ शानदार प्रदर्शन किया और एलआईवी गोल्फ बेडमिंस्टर में सात अंडर 64 का स्कोर करके संयुक्त चौथे स्थान पर पहुंच गए। पहले दौर में तीन ओवर 74 का स्कोर करने वाले लाहिड़ी का कुल स्कोर अब चार अंडर है। वह बुब्बा वॉटसन और पैट्रिक रीड के साथ चौथे स्थान पर हैं। लाहिड़ी ने दूसरे दिन 10वें होल से शुरुआत की। उन्होंने 10वें, 11वें, 12वें, 14वें, 15वें और 18वें होल में बर्डी लगाई। उन्होंने शुरुआती नौ होल के खेल के दौरान दूसरे और सातवें होल में बर्डी जबकि पांचवें होल में बोगी की।

# पृथ्वी साव के शतक से नार्थम्पटनशर जीता

भाषा। चेस्टर ली स्ट्रीट



**पिछले** मैच में दोहरा शतक जड़ने के बाद पृथ्वी साव ने रविवार को यहां वनडे कप में फिर शतक जड़कर नार्थम्पटनशर को डरहम के खिलाफ छह विकेट से जीत दिलाई। साव ने महज 76 गेंद में 15 चौके और सात छक्के लगाकर नाबाद 125 रन की पारी खेली जिससे नार्थम्पटनशर ने 198 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया। तेज गेंदबाज ल्यूक प्रोक्टर ने नौ ओवर में 34 रन देकर चार विकेट झटके जिससे नार्थम्पटनशर ने डरहम को 43.2 ओवर में महज 198 रन पर समेट दिया। सलामी बल्लेबाज साव के तूफानी शतक से नार्थम्पटनशर ने यह लक्ष्य सिर्फ 25.2 ओवर में हासिल कर लिया। रॉब कियोग ने साव का साथ निभाते हुए 40 गेंद में 42 रन बनाए। मुंबई के बल्लेबाज साव ने नौ अगस्त को 153 गेंद में 244 रन की शानदार पारी खेली थी जिसमें 28 चौके और 11 छक्के जड़े थे। इस मैच में नार्थम्पटनशर ने समरसेट को 87 रन से हराया था। साव ने भारत के लिए अपना पिछला मुकाबला 2021 में श्रीलंका के खिलाफ टी20 मैच खेला था। वह भारतीय टीम में वापसी की कोशिश में जुटे हैं। वह पिछले महीने दलीप ट्राफी में पश्चिम क्षेत्र की तरफ से खेले थे लेकिन प्रभावित नहीं कर सके।